संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, रविवार, 27 अप्रैल 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 19 अंकः 114 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## अलविदा पोप फ्रांसिस...बेसिलिका डी सांता मारिया में दी अंतिम विदाई



**टीम एक्शन इंडिया**
**वेटिकन सिटी।** वेटिकन में इस महीने की 21 अप्रैल से चिरनिद्रा में लीन पोप फ्रांसिस का अंतिम संस्कार कैथोलिक चर्च के रीति-रिवाज के साथ सेंट पीटर बेसिलिका के स्थान पर बेसिलिका डी सांता मारिया मैगीगोर में किया गया। अंतिम संस्कार की प्रार्थना सभा पूरी होने के बाद यहां पूरे राजकीय सम्मान के साथ ईसाई कैथोलिक धर्मगुरु के ताबूत को दफनाया गया। करीब ढाई लाख लोग इसके साक्षी बने। लगभग 170 देशों के प्रतिनिधिमंडल में शामिल नेताओं ने पोप को अंतिम विदाई दी। इनमें करीब 50 राष्ट्राध्यक्ष और 10 सम्राट भी शामिल हैं। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैंक्रो, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की, अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर मिलेई और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने पोप को नमन किया।

## सरकार युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध : मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत का युवा आज अपने परिश्रम और नवाचार से दुनिया को यह दिखा रहा है कि हममें कितना सामर्थ्य है। वहीं हमारी सरकार हर कदम पर यह सुनिश्चित कर रही है कि देश के युवाओं के लिए रोजगार और स्व-रोजगार के अवसर निरंतर बढ़ें। प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नई नियुक्ति पाने वाले 51 हजार से





अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न स्थानों से जुड़े जनसमूह को संबोधित भी किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बजट में सरकार ने मैन्युफैक्चरिंग मिशन की घोषणा की है। इसका उद्देश्य है- मेक इन इंडिया को बढ़ावा देना और भारत के युवाओं को ग्लोबल स्टैंडर्ड वाले प्रॉडक्ट बनाने का मौका देना है। इससे ना केवल देश के लाखों छोटे उद्योंगो और लघु उद्यमियों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि पूरे देश में रोजगार के नए अवसर भी खुलेंगे। प्रधानमंत्री ने वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट (वेव्स 2025) का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारत आज हर क्षेत्र में नए कीर्तिमान गढ़ रहा है और आज देश में युवाओं के लिए नए अवसर बन रहे हैं। कुछ ही दिन बाद मुंबई में वेव्स 2025 का आयोजन होगा।

### पूरे देश में रोजगार के नए अवसर भी खुलेंगेः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

प्रधानमंत्री ने वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट (वेव्स 2025) का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारत आज हर क्षेत्र में नए कीर्तिमान गढ़ रहा है और आज देश में युवाओं के लिए नए अवसर बन रहे हैं। कुछ ही दिन बाद मुंबई में वेव्स 2025 का आयोजन होगा। इस आयोजन के केंद्र में देश के युवा क्रिएटर्स हैं। मीडिया, गेमिंग और एंटरटेनमेंट से जुड़े नवाचारियों को पहला बड़ा मंच मिलेगा।
स्टार्टअप्स को निवेशकों और इंडस्ट्री लीडर्स से जुड़ने का अवसर भी मिलेगा। प्रधानमंत्री ने नारीशक्ति की उपलब्धियों का भी उल्लेख किया।
उन्होंने कहा कि हमारी बेटियां आज हर क्षेत्र में आगे हैं। ब्यूरोक्रेसी, स्पेस और साइंस में बेटियां नई ऊंचाइयां छू रही हैं।

## फास्ट न्यूज

### 'देश में चल रहा है विकसित भारत के निर्माण का महायज्ञ'

**टीम एक्शन इंडिया**
**भोपाल।** केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कहा कि देश में विकसित भारत के निर्माण का महायज्ञ चल रहा है। 2047 तक एक पूर्ण विकसित भारत के निर्माण और उसमें हर युवा को रोजगार दिलाने के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। 'मेक इन इंडिया', 'डिजिटल इंडिया', 'स्टार्टअप इंडिया', 'स्टैंडअप इंडिया' जैसे कई अभियानों के तहत युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। इन्हीं प्रयासों में से एक है शासकीय नौकरियों के माध्यम से रोजगार देना है। केन्द्रीय कृषि मंत्री चौहान शनिवार को भोपाल के समन्वय भवन में आयोजित प्रधानमंत्री रोजगार मेले को संबोधित कर रहे थे। यह मेला देश के 47 स्थानों पर आयोजित हो रहा है। जिसमें सरकारी नौकरियों में चयनित 51 हजार से अधिक अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे जा रहे हैं। रोजगार मेले को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअली संबोधित किया। केन्द्रीय कृषि मंत्री ने भोपाल में सरकारी नौकरियों में चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। केन्द्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि हम धीरे-धीरे हर गांव और परिवार को गरीबी से मुक्त करेंगे। उन्होंने कृषि क्षेत्र में रोजगार बढ़ाने के प्रयासों पर जोर दिया और कहा कि नौकरी वही अच्छी, जो आनंद दे।

### उद्धव-राज के साथ आने की अटकलें

**मुंबई:** महाराष्ट्र में इन दिनों राज ठाकरे की पार्टी मनसे और उद्धव ठाकरे की पार्टी शिवसेना यूबीटी में गठबंधन के कयास लगाए जा रहे हैं। हाल ही में दोनों नेताओं ने संकेत दिए कि वे साथ आ सकते हैं और महाराष्ट्र की भलाई के लिए मामूली मुद्दों को नजरअंदाज कर सकते हैं। इन सबके बीच, शिवसेना (यूबीटी) ने शनिवार को एक बार फिर बड़ा बयान दिया है। पार्टी ने अपने एक्स पोस्ट में कहा कि अब मुंबई और महाराष्ट्र के हित में एकजुट होने का समय आ गया है। शिवसेना (यूबीटी) ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि मुंबई और महाराष्ट्र के हित के लिए शिवसैनिक मराठी 'अस्मिता' (गौरव) की रक्षा के लिए तैयार हैं। शिवसेना यूबीटी का यह बयान तब आया है जबकि महाराष्ट्र में उद्धव और राज ठाकरे के साथ आने की चर्चा जोरों पर है।

## सुरक्षा एजेंसियों ने 14 स्थानीय आतंकियों की सूची की जारी

# घाटी से चुन-चुनकर होगा आतंकियों का सफाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**जम्मू-कश्मीर।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकवादी हमले के बाद बढ़ी सुरक्षा चिंताओं के बीच एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में खुफिया एजेंसियों ने केंद्र शासित प्रदेश में सक्रिय रूप से सक्रिय 14 स्थानीय आतंकवादियों की एक सूची तैयार की है। सूत्रों के अनुसार, 20 से 40 वर्ष की आयु के ये व्यक्ति पाकिस्तान से विदेशी आतंकवादियों को रसद और जमीनी स्तर पर सहायता प्रदान कर सक्रिय रूप से सहायता कर रहे हैं।

**इन गुर्गों के आतंकी हैं शामिल**
पहचाने गए गुर्गों के पाकिस्तान समर्थित तीन प्रमुख आतंकी संगठनों से जुड़े होने की खबर है। इनमें हिजबुल मुजाहिदीन, लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद इनमें से 3 हिजबुल मुजाहिदीन से, 8 से और 3 खीट से जुड़े हैं।सूत्रों के मुताबिक इन व्यक्तियों के नाम हैं- आदिल रहमान डेन्टू (21), आसिफ अहमद शेख (28), अहसान अहमद शेख (23), हारिस नजीर (20), आमिर नजीर वानी (20), यावर अहमद भट, आसिफ अहमद खांडे (24), नसीर अहमद वानी (21), शाहिद अहमद कुटे (27), आमिर अहमद डार, अदनान सफी डार, जुबैर अहमद वानी (39), हारून रशीद गनई (32) और जाकिर अहमद गनी (29)।

**कौन आतंकी कहां है सक्रिय**
डेन्टू 2021 में लश्कर में शामिल हुआ और प्रतिबंधित संगठन के सोपोर जिला कमांडर के रूप में सक्रिय रूप से काम कर रहा है। जैश-ए-मोहम्मद का आतंकवादी आसिफ अहमद शेख अवंतीपोरा का जिला कमांडर है और 2022 से लगातार आतंकी गतिविधियों में शामिल रहा है। अहसान अहमद शेख लश्कर के आतंकवादी के रूप में पुलवामा में सक्रिय है और 2023 से लगातार आतंकी गतिविधियों में शामिल रहा है।



### सुरक्षाबलों ने इलाकों में अभियान शुरू किया

**सुरक्षा** बलों ने पूरे दक्षिण कश्मीर में, खास तौर पर अनंतनाग और पुलवामा जिलों में समन्वित अभियान शुरू किए हैं, जहां माना जाता है कि सूचीबद्ध कई लोग सक्रिय हैं। वरिष्ठ अधिकारियों ने संकेत दिया है कि ये नाम एक बड़े खुफिया डोजियर का हिस्सा हैं जिसका इस्तेमाल घाटी में आगे के हमलों को रोकने और आतंकी रसद को बाधित करने के लिए किया जा रहा है। एजेंसियां इन 14 आतंकवादियों के उन पांच आतंकवादियों से संबंध खोजने में लगी हुई हैं जिन्होंने 22 अप्रैल को दोपहर 2 बजे के आसपास लोकप्रिय पर्यटन शहर पहलगाम के पास बैसरन के सुरम्य घास के मैदान में 26 पर्यटकों पर हमला किया था। इन 14 स्थानीय सक्रिय आतंकवादियों की सूची जारी करना एक कदम है।



### पहलगाम हमले के तीन आतंकियों पर 20 लाख का है इनाम

अधिकारियों ने पहले इन पाकिस्तानी आतंकवादियों के तीन स्केच भी जारी किए थे- आसिफ फौजी, सुलेमान शाह और अबू तल्हा। घाटी के अन्य दो गुर्गों की पहचान आदिल गुरी और अहसान के रूप में की गई थी। प्रत्येक पर 20 लाख रुपये का इनाम भी घोषित किया गया है। एनआईए अन्य एजेंसियों के साथ वर्तमान में समग्र जांच में जम्मू और कश्मीर पुलिस की सहायता कर रही है क्योंकि पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठन लश्कर के प्रॉक्सी टीआरएफ ने हमले की जिम्मेदारी ली है। एनआईए टीम से हमले की जगह का गहन आकलन करने, फोरेंसिक साक्ष्य एकत्र करने और नरसंहार के लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान करने में मदद करने की उम्मीद है।

### पाकिस्तान को चुकानी होगी बड़ी कीमतः बीजेपी

**नई दिल्ली:** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच के रिश्ते में तनाव काफी बढ़ गया है। भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई बड़े फैसले लिए हैं। इस बीच पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के नेता बिलावल भुट्टो जरदारी के बयान के बाद भारत में एक बड़ा उबाल आ गया है। भुट्टो के बयान पर भारत ने कड़ा ऐतराज जताया है और इसकी कड़ी निंदा की है। पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था। पाकिस्तान को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।




दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित द्वितीय एशियाई योगासन खेल चैम्पियनशिप के दौरान केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता तथा अन्य गण्यमान्य।

### रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की आवाजाही का सीधा प्रसारण न करे मीडिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने सभी मीडिया चैनलों को राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की आवाजाही का सीधा प्रसारण न करने का परामर्श जारी किया है। सोमवार को मंत्रालय द्वारा जारी परामर्श में कहा गया है कि राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में सभी मीडिया प्लेटफॉर्म, समाचार एजेंसियों और सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं को रक्षा और अन्य सुरक्षा संबंधी अभियानों से संबंधित मामलों पर रिपोर्टिंग करते समय अत्यधिक जिम्मेदारी और मौजूदा कानूनों और विनियमों का सख्ती से पालन करना चाहिए। रेखांकित करते हुए परामर्श में कहा गया है कि रक्षा अभियानों या आवाजाही से संबंधित "स्त्रोत-आधारित" जानकारी के आधार पर कोई वास्तविक समय कवरेज, दृश्यों का प्रसार या रिपोर्टिंग नहीं की जानी चाहिए।

## कोर्ट ने सोनिया-राहुल को नोटिस जारी करने से किया इनकार



**राहत मिली**

- अदालत को पहले इस तरह के नोटिस जारी करने की आवश्यकता के बारे में आश्वस्त होना चाहिए

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य को नोटिस जारी करने से फिलहाल इनकार कर दिया है। अदालत ने अगली सुनवाई 2 मई को तय की है। अदालत ने ईडी से और अधिक प्रासंगिक दस्तावेज लाने और खामियों को दूर करने को कहा है। प्रवर्तन निदेशालय ने तर्क दिया कि नए कानूनी प्रावधानों के तहत, आरोपी को सुने बिना शिकायत (आरोप पत्र) पर संज्ञान नहीं लिया जा सकता। ईडी ने अदालत से आग्रह किया कि हम नहीं चाहते कि यह आदेश लंबा खिंचे। नोटिस जारी किया जाए।

### कैलाश मानसरोवर यात्राः वेबसाइट के जरिए आवेदन



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** कैलाश मानसरोवर यात्रा 2025 का आयोजन जून से अगस्त के बीच किया जाएगा। यात्रा के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया वेबसाइट पर शुरू कर दी गई है। विदेश मंत्रालय की ओर से आयोजित इस पवित्र तीर्थ यात्रा में इस वर्ष कुल 15 बैच भेजे जाएंगे। इनमें से 5 बैच उत्तराखंड के लिपुलेख दर्रे से और 10 बैच सिक्किम के नाथू ला दर्रे से यात्रा करेंगे। हर बैच में 50 यात्री शामिल होंगे । यानी इस वर्ष 750 यात्री कैलाश मानसरोवर की यात्रा कर सकेंगे। विदेश मंत्रालय ने आज इस संबंध में वक्तव्य जारी कर कहा कि यात्रियों का चयन एक निष्पक्ष, कम्प्यूटर जनित और महिला-पुरुष संतुलन प्रक्रिया से किया जाएगा।

## मौलिक रूप से बदल गई है लोकतांत्रिक राजनीतिः राहुल

**टीम एक्शन इंडिया**
**तेलंगाना ।** विपक्ष के नेता राहुल गांधी शनिवार को भारत समिट 2025 में भाग लेने के लिए तेलंगाना पहुंचे। इस दौरान सम्मेलन को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि दुनिया भर में लोकतांत्रिक राजनीति मौलिक रूप से बदल गई है। दशकों पहले जो नियम लागू थे, वे अब लागू नहीं होते। वैश्विक न्याय, समानता और प्रगतिशील सहयोग पर सार्थक संवाद को बढ़ावा देने पर केंद्रित दो दिवसीय सम्मेलन भारत शिखर सम्मेलन शुक्रवार को शुरू हुआ था। राहुल गांधी ने कहा कि आज के आक्रामक राजनीतिक माहौल में विपक्ष को कुचलना और मीडिया को कमजोर करना ही लक्ष्य बन गया है।



### नेता लोगों की आवाज समझने में विफल रहे हैं

**भारत** जोड़ो यात्रा के दौरान अपने अनुभवों को याद करते हुए गांधी ने कहा कि उन्हें एहसास हुआ कि नेता लोगों की आवाज समझने में विफल रहे हैं। उन्होंने कहा, राजनीति, लोकतांत्रिक राजनीति पूरी दुनिया में मौलिक रूप से बदल गई है। मैं कहूंगा कि एक दशक पहले जो नियम लागू थे, वे अब लागू नहीं होते। तो पाता हूं कि जो चीजें 10 साल पहले प्रभावी थी, जो साधन 10 साल पहले कारगर थे, वे अब कारगर नहीं हैं।

### उत्तर प्रदेश से वापस भेजे जा रहे पाकिस्तानी नागरिक



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आंतकी हमले के बाद भारत में रहने वाले पाकिस्तानी नागरिकों को वापस जाने का निर्देश जारी हुआ। उत्तर प्रदेश राज्य में भी पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने प्रत्येक जनपदों से पाकिस्तानी नागरिकों की जानकारी निकालने और उन्हें वापस भेजने के निर्देश दिये है। इसके अंतर्गत शनिवार की सुबह तक 80 प्रतिशत तक पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजा गया है। शेष बचे हुए पाकिस्तानी नागरिकों को अंतिम तिथि 27 अप्रैल तक वापस भेज दिया जायेगा। पाकिस्तानी नागरिकों को चिन्हित कर उन्हें वापस भेजने में जुटी हुई है।

**उत्कृष्ट प्रदर्शन** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने एसडीआरएफ को राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर बधाई दी

## हिमाचल कई प्रकार की प्राकृतिक आपदाओं की दृष्टि से संवेदनशीलःसीएम

**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**
**शिमलाः** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में एनडीआरएफ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की एसडीआरएफ, सीएसआरआर प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) को बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने टीम के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश कई प्रकार की प्राकृतिक आपदाओं की दृष्टि से संवेदनशील है और इन स्थितियों में एसडीआरएफ अमूल्य जीवन बचाने, बचाव और पुनर्वास कार्यों में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार एसडीआरएफ को मजबूत करने और इसे नवीनतम तकनीक और आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने प्राकृतिक आपदाओं के दौरान बचाव कार्यों को सुदृढ़ करने के लिए एसडीआरएफ के साथ एक डॉग स्क्वायड स्थापित करने के लिए गृह विभाग को निर्देश दिए। उन्होंने जनशक्ति को मजबूत करने के लिए 700 होमगार्ड की भर्ती तुरंत शुरू करने के भी निर्देश दिए। एडीजीपी होमगार्ड और नागरिक सुरक्षा विभाग सतवंत अटवाल ने विभाग की ओर से एसडीआरएफ के लिए आधुनिक उपकरणों की खरीद के लिए 12 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत करने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने उन्होंने कहा कि गाजियाबाद में आयोजित प्रतियोगिता के दौरान भी इन नवीनतम उपकरणों का प्रदर्शन किया गया, जिससे टीम की सफलता सुनिश्चित हुई। विजेता टीम में शिमला, मंडी और कांगड़ा की कंपनियों से 18 सदस्यीय शामिल थे जिन्होंने पहले उत्तरी क्षेत्र की प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान प्राप्त किया और फिर देश के सात राज्यों को हराकर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह, मुख्यमंत्री के ओ.एस.डी. गोपाल शर्मा, अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह ओंकार चंद शर्मा और वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।



**नवीनतम**

- जनशक्ति को मजबूत करने के लिए 700 होमगार्ड की भर्ती तुरंत शुरू करने के भी निर्देश दिए

## हिमाचलः 13 एसटीएफ थाने और जांच इकाइयां गठित

**बड़ा कदम**

- पिछले कुछ वर्षों में प्रदेश में नशा तस्करी और संगठित अपराध के मामलों में बढ़ोतरी दर्ज की गई है

**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमला।** संगठित अपराध और नशा तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। राज्य के विभिन्न जिलों में विशेष टास्क फोर्स (एसटीएफ) पुलिस थानों के गठन के बाद अब जांच इकाइयां और आदिवासी विशेष टास्क फोर्स यूनिटों का गठन किया गया है। इस संबंध में गृह विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है, जो राजपत्र में प्रकाशन के साथ ही प्रभावी हो गई है।




**13 पुलिस जिलों में स्थापित होंगे एसटीएफ थाने**
राज्यपाल ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और हिमाचल प्रदेश पुलिस अधिनियम 2007 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए पुलिस महानिदेशक के परामर्श से यह निर्णय लिया है। जिन जिलों में एसटीएफ थाने स्थापित किए जाएंगे, उनमें नूरपुर, ऊना, शिमला, कुल्लू, बद्दी, सिरमौर, मंडी, धर्मशाला, चंबा, सोलन, बिलासपुर, हमीरपुर और देहरा शामिल हैं। प्रत्येक थाना संबंधित जिले के भीतर संगठित अपराध, नशा तस्करी और अन्य निर्दिष्ट अपराधों की जांच करेगा। सरकार ने स्पष्ट किया है कि इन थानों को विशेषाधिकार और पर्याप्त संसाधन मुहैया कराए जाएंगे ताकि तेजी से संगठित अपराध और नशे के नेटवर्क को ध्वस्त किया जा सके। पुलिस विभाग को आवश्यक ढांचागत सुविधाएं, मानव संसाधन और तकनीकी सहयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# पेयजल सप्लाई लाइन डालने के लिए शहर की गलियां उखाड़ कर रिपेयर करवाना भूला जनस्वास्थ्य विभाग

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। शहर में** अमृत-2 योजना के तहत पाइपलाइन बिछाने के लिए तोड़ी गईं गलियों ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। शहर की नवनिर्मित गलियों को बिना किसी ठोस योजना के उखाड़ दिया गया है। शहर की बसंत विहार, अनुप नगर, बादशाही रोड, पटेल नगर, गांधी नगर समेत कई कालोनियों में गलियां खुदी पड़ी हैं, जिससे स्थानीय निवासियों को भारी परेशानी हो रही है। लोगों ने बताया कि एक महीने से गली टूटी है। वर्षा होने पर यह गड्ढे बड़े हादसे का सबब बन सकते हैं। स्थानीय लोगों ने जनस्वास्थ्य विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया और कहा कि बार-बार



शिकायत के बावजूद न तो अधिकारी मौके पर आए और न ही गलियों की मरम्मत शुरू हुई। कई जगहों पर पाइपलाइन दबाने के बाद मिट्टी तक नहीं भरी गई, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है। बसंत विहार के लोगों ने बताया कि यहां 1 महीने पहले ही नई गली बन कर तैयार हुई थी, जिसे 10 दिन बाद ही विभाग द्वारा पाइपलाइन दबाने के लिए उखड़वा दिया गया। 20 दिन बीत जाने के बाद भी गली को ठीक नहीं करवाया गया है। इसके साथ लगती गलियां भी उखाड़ दी गई हैं, जिससे आवागमन में परेशानी हो रही है। लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द हालात नहीं सुधरे तो वे विभाग के खिलाफ धरना-प्रदर्शन करेंगे। इस विषय पर जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन संपर्क नहीं हो सका।

**एसडीएम करेंगे निरीक्षण**

इस बारे में एसडीएम प्रवेश कादियान ने बताया कि वह नगरपालिका अधिकारियों के साथ गलियों का स्वयं निरीक्षण करेंगे। स्थानीय लोगों से भी बात की जाएगी। यदि लापरवाही सामने आई तो जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से संज्ञान लिया जाएगा और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि उखाड़ी गई गलियों का जल्द से जल्द ठीक हों।

# राजकीय महाविद्यालय में हुआ वार्षिक पारितोषिक वितरण

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। राजकीय महाविद्यालय** में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़े उत्साह के साथ संपन्न हुआ। समारोह का शुभारंभ मुख्यातिथि विधायक कंवर सिंह यादव, हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. पवन कुमार शर्मा एवं महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. डॉ. पूर्ण प्रभा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ किया। प्राचार्य प्रो. डॉ. पूर्ण प्रभा ने मुख्यातिथि विधायक कंवर सिंह यादव एवं प्रोफेसर डॉ. पवन कुमार शर्मा का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। साथ ही महाविद्यालय समस्त स्टाफ सदस्यों ने माल्यार्पण कर दोनों अतिथियों का अभिनंदन एवं भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. डॉ. पूर्ण प्रभा ने महाविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट का वाचन किया, जिसमें उन्होंने विस्तार से महाविद्यालय के सभी विभागों की गतिविधियों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें वर्षभर की गतिविधियों और प्रगति का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। समारोह के दौरान विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेलकूद, एनसीसी, एनएसएस, रेड रिबन क्लब, महिला प्रकोष्ठ आदि क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि विधायक कंवर सिंह यादव ने बताया कि विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन का परिचय देते हुए अपनी पढ़ाई का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहिए ताकि वे जीवन में उच्चतम मुकाम हासिल कर सकें। यही विद्यार्थी देश दुनिया को दिशा देने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय के किसी भी कार्य के लिए वह हर संभव प्रयास करेंगे, ताकि विद्यार्थियों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके।

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. पवन कुमार शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ दूसरे क्रियाकलापों में भाग लेना चाहिए, ताकि उनके सर्वांगीण विकास हो सके। शिक्षा ही एकमात्र ऐसा साधन है जिससे विद्यार्थी अपने जीवन में ऊंचे से ऊंचा मुकाम हासिल कर सकता है।

# जीयू में आयोजित दो दिवसीय तीसरी अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का हुआ समापन

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**गीता यूनिवर्सिटी में स्कूल** ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस मैनेजमेंट व स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के संयुक्त तत्वावधान में चल रही दो दिवसीय तीसरी अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस का समापन हुआ। दो दिन में देश-विदेश से आए हुए 166 शोधार्थियों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। जीयू के पीवीसी डा गुलशन चौहान ने उत्कृष्ट शोध कार्य के लिए 30 शोधार्थियों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। बतौर मुख्य वक्ता डॉ नौशाद आलम ने बताया कि ब्लॉकचेन केवल क्रिप्टोकरेंसी तक सीमित नहीं है।


**उत्तर मध्य रेलवे**

**निविदा सूचना सं0:** JHS/Br/L/2025-26/03 **दिनांक:** 22.04.2025

**ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना**

उप मुख्य इन्जी/ब्रिज/लाइन/उत्तर मध्य रेलवे, झांसी द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्य के लिये ई-निविदा निर्धारित प्रपत्र पर **दिनांक 19.05.2025** को **15.00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है:-

| | |
|---|---|
| **निविदा नं.:** Br-JHS-2025-03 | **अनुमानित मूल्य (रू):** ₹ 2,82,64,353.28 |
| **कार्यों का विवरण:** झांसी मण्डल के खैरार-भीमसेन रेल खंड में समपार संख्या S-2 एवं S-71 के स्थान पर रोड अन्डर ब्रिज का शेष कार्य। | **कार्य समापन की अवधि:** 04 महीना |
| **बयाने की रकम (रू):** ₹ 2,91,300/- | **निविदा बंद की तिथि:** 19.05.2025 |
| **सिमिलर वर्क के लिये न्यूनतम वांछनीय आधार:** कोई भी सिविल इंजीनियरिंग कार्य। | |

**नोट:-** (1) उपर्युक्त ई निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित वेब साइट पर **समय 15.00 बजे** तक निविदा बंद की तिथि **दिनाक 19.05.2025** तक उपलब्ध है। (2) उपर्युक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिये कि वे अपने आपको IT Act 2000 के अन्तर्गत C.C.A. द्वारा जारी डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। (3) निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेन्सियल रेट पेज पर ही विचारणीय है। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म/लेटर हेड पर यदि सलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। (4) संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहिये। (5) बयाने की राशि केवल नेट बैंकिंग अथवा गेट वे भुगतान या बैंक गारण्टी के रूप में ही स्वीकार की जायेगी। (6) किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिये IREPS की वेबसाइट की हेल्पलाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। (7) आनलाइन निविदा **दिनांक 19.05.2025 15:00 बजे** तक प्रस्तुत की जा सकती है। **707/25(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in


# पहलगाम हमले पर प्रार्थना सभा में बच्चों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

## गन्नौर के चाइल्ड केयर इंटरनेशन स्कूल में हुआ कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों की याद में चाइल्ड केयर इंटरनेशन स्कूल गन्नौर में प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में सभी छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण और स्टाफ सदस्य एकत्रित हुए और हमले में हुए शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। छात्रों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत कविताएं और भाषण प्रस्तुत किए। बच्चों ने अपने शब्दों के माध्यम से देशभक्ति, करुणा और एकता का संदेश दिया, जिसमें उपस्थित सभी लोगों की आंखें नम हो गईं। स्कूल के निदेशक अजय यादव ने कहा पहलगाम में हुआ यह हमला



देश की आत्मा को झकझोर देने वाला है। हम सबको भारत की एकता और अखंडता की भावना को याद रखते हुए एकजुट रहने की आवश्यकता है। उप-प्रधानाचार्य अरुण गौतम ने कहा कि छात्रों को केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि देश और समाज के प्रति संवेदनशील भी रहना चाहिए। शहीदों और निर्दोष नागरिकों का बलिदान हमें एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ खड़ा होना सिखाता है। कार्यक्रम के सभी ने मिलकर वंदे मातरम और भारत माता के जयकारों के साथ शांति और एकता की कामना की।

# जमीनी विवाद में पोते ने दादा को कुल्हाड़ी से वार कर उतारा मौत के घाट

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। गांव चेलावास** में जमीनी विवाद को लेकर पोते ने दादा को कुल्हाड़ी से वार कर मौत के घाट उतार दिया। आरोपित ने इस दौरान बुजुर्ग के सिर पर कई बार वार किए, जिसके चलते उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर शहर थाना पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया। मृतक के बेटे ने पुलिस थाने में शिकायत देकर आरोपित को पकड़ने की मांग की है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कनीना के मोर्चरी गृह में रखवाया गया है। पुलिस नागरिक अस्पताल में कागजी कार्रवाई में लगी हुई है। मृतक के बेटे विनोद कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव चेलावास का रहने वाला है।


**अभियुक्त व्यक्तियों की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उदघोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि दो अभियुक्त **(1) शहजाद (2) सरताज दोनों पुत्र मोहम्मद छुट्टन पता: मकान नं. सी–325, गली नं. 15, जनता कॉलोनी, वेलकम दिल्ली ने एफआईआर संख्या 280/2021 धारा 323/341/34 भा.द.स. के तहत** थाना: वेलकम, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **(1) शहजाद (2) सरताज** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **(1) शहजाद (2) सरताज** फरार हो गये हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर संख्या 280/2021 धारा 323/341/34 भा.द.स. के तहत थाना वेलकम, दिल्ली के उक्त (1) शहजाद (2) सरताज** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **11.06.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
दीपाक्षी राणा
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03
कमरा नं.19, प्रथम तल, शाहदरा जिला
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली
DP/4339/NE/2025

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **हसन** पुत्रः **जुबेर** निवासी **जैन कॉलोनी, मंजर वाला 30 फिटा रोड, अशोक विहार, लोनी, गाजीयाबाद, यू.पी.** ने case **FIR No. 114/2023 U/s 379/411/34 IPC, थाना शाहदरा, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त **हसन** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **हसन** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 114/2023 U/s 379/411/34 IPC, थाना शाहदरा, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **हसन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **07.07.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री स्वाती शर्मा
मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी
कमरा नं. 59, तृतीय तल, शाहदरा जिला
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली
DP/5070/SHD/2025(Court Matter)


# पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**हरियाणा ज्ञान विज्ञान** समिति द्वारा समालखा कस्बे में मौन जुलूस निकालकर, रेलवे स्टेशन पर मोमबत्ती जलाते हुए पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए 26 निर्दोष लोगों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। यह मौन जुलूस गाँधी कॉलोनी से शुरू होकर, पूरे बाजार को कवर करते हुए, पुराने बस अड्डे से होता हुआ, रेलवे स्टेशन पर पहुंचा । हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति के सचिव वेदपाल ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले से पूरा देश,




शोक और गहरी पीड़ा से गुजर रहा है। इस आतंकी हमले की जितनी भी कड़ी निंदा की जाए वह कम है। हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति उन सभी पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करती है, जिन्होंने इस हमले में अपने प्रियजनों को खोया है। इस हमले में कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। ज्ञान विज्ञान आंदोलन उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता है। आतंकवादियों का मकसद नफरत के हालात पैदा करना होता है। अमन चैन के पक्षधर कश्मीरी लोगों ने मानवता का परिचय देते हुए घायलों की जी-जान से सेवा और सुरक्षा की है। सुनने में आया है कि एक कश्मीरी ने तो आतंकवादियों की राइफल छीनने की कोशिश भी की और इसी कोशिश में उनकी जान चली गई। इस हमले के पीछे एक मकसद ये भी है कि कश्मीर का मुख्य रोजगार जोकि पर्यटन पर आधारित है, वह बर्बाद हो जाए तथा बेरोजगारी और भुखमरी बढ़ जाए। जिसका कश्मीर पर बहुत नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। किसी भी सभ्य समाज में सामाजिक या धार्मिक हिंसा का कोई स्थान नहीं होना चाहिए।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उदघोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रिजवान पुत्र मेहराज नवी पता: मकान नं. सी–80/4, गली नं.–11/7, चौहान बागड़ जाफराबाद, दिल्ली ने एफआईआर संख्या 310/2018 धारा 25 आर्म एक्ट के तहत** थाना: वेलकम, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **रिजवान** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **रिजवान** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर संख्या 310/2018 धारा 25 आर्म एक्ट के तहत थाना वेलकम, दिल्ली के उक्त रिजवान** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.06.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
दीपाक्षी राणा
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03
कमरा नं.19, प्रथम तल, शाहदरा जिला
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली
DP/4333/NE/2025

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अनिल कुमार जैन**, **पुत्रः** श्री बृज भूषण जैन, **पताः** मकान नं. बी–158, जेजे कॉलोनी, खानपुर, सैक्टर–02, नई दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 41/2019 U/s 420 IPC, थानाः संगम विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अनिल कुमार जैन** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अनिल कुमार जैन** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 41/2019 U/s 420 IPC, थानाः संगम विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अनिल कुमार जैन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.06.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री संकल्प कपूर
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी–04 (दक्षिण)
कमरा नं. 211, साकेत कोर्ट, नई दिल्ली
DP/5261/SD/2025 (Court Matter)


# विद्यार्थियों को यातायात नियम की दी जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। जिला रेडक्रॉस** सोसाइटी नारनौल एवं एसपी द्वारा सड़क सुरक्षा एवं नशा मुक्ति अभियान चलाया गया। राजकीय माध्यमिक विद्यालय पालड़ी पनिहार में ब्रिगेड ऑफिसर संदीप कुमार के द्वारा सभी विद्यार्थियों एवं सभी स्टाफ सदस्य को सड़क सुरक्षा एवं नशा मुक्ति की जानकारी दी। सड़क पर चलते समय क्या-क्या सावधानियां बरतनी चाहिए और यातायात के नियमों की जानकारी दी और नशे से होने बीमारियों के बारे में भी बताया नशे की लत, मौत को खत। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि नशा शरीर को मानसिक व शारीरिक रूप से कमजोर करता है। नजर हटी दुर्घटना घटी। सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा। स्लोगन से बच्चों को प्रेरित किया। विश्व में प्रतिवर्ष लगभग 13 लाख लोग सड़क दुर्घटना में मारे जाते हैं। सड़क दुर्घटना का मुख्य कारण है, चालक की लापरवाही व गलत रवैया होता है, शराब पीकर वाहन चलाना, तेज रफ्तार, उतावलापन गति सीमा को तोड़ना, गाड़ी चलाते समय मोबाइल का प्रयोग करना, ट्रैफिक नियमों का पालन न करना, ओवरटेक करना मुख्य कारण है। इस दौरान सभी विद्यार्थियों एवं सभी स्टाफ सदस्यों ने नशे से दूर रहने के लिए शपथ ली।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय मुख्याध्यापक सत्यवीर सिंह ने की। मुख्य अध्यापक ने भी बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए व यातायात के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर नरेंद्र कुमार सामाजिक विज्ञान अध्यापक, विनोद कुमार संस्कृत अध्यापक, विजेश कुमारी, दीपिका, संपूर्ण सिंह उपस्थित रहे।


**एक्शन इंडिया**

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया**, दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# सीएम ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण

## उद्घाटन की औपचारिकता को छोड़ सीधे विकास कार्य शुरू किए, पहलगाम आतंकी हमले ने मुझे भीतर तक झकझोर दिया, हम आतंक के विरुद्ध डटकर खड़े हैं और अपने लोगों के लिए एक सुरक्षित, समृद्ध भविष्य गढ़ने की दिशा में निरंतर अग्रसर रहेंगेः सीएम

**विकास पर बल**

**दिल्ली का विकास नहीं रुकेगा। जनसेवा और प्रदेश की प्रगति ही उन शहीदों को हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी**





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को अपने विधानसभा क्षेत्र शालीमार बाग इलाके का दौरा करके विभिन्न परियोजनाओं और विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पहलगाम आतंकी हमले से मेरा मन अत्यंत आहत है। इस दुःखद घटना ने मुझे भीतर तक झकझोर दिया है। ऐसे समय में मेरा मन नहीं करता कि मैं किसी समारोह में फूल-माला पहनूं। इसलिए उद्घाटन की औपचारिकता को छोड़ सीधे विकास कार्य शुरू किए। उन्होंने कहा कि दिल्ली का विकास नहीं रुकेगा। जनसेवा और प्रदेश की प्रगति ही उन शहीदों को हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। हम आतंक के विरुद्ध डटकर खड़े हैं और अपने लोगों के लिए एक सुरक्षित, समृद्ध भविष्य गढ़ने की दिशा में निरंतर अग्रसर रहेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज शालीमार बाग में विकास के कई काम शुरू हो रहे हैं, जिनका निरीक्षण किया गया। पानी की समस्या यहां एक बड़ी समस्या है, जिसके लिए पाइपलाइन बिछाने का काम यहां शुरू हुआ है। झुग्गी में गली, नाली, खड़ंजा बनाने का काम भी आज शुरू हुआ है।

# कपिल मिश्रा ने सुनीं जनसमस्याएं

## अफसरों को दिए समाधान करने के निर्देश, करावल नगर क्षेत्र के समग्र विकास के लिए दिल्ली सरकार प्रतिबद्ध



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग के मंत्री कपिल मिश्रा ने शनिवार को अपने विधानसभा क्षेत्र करावल नगर के सभापुर स्थित एसडीएम कार्यालय में जन सुनवाई कैंप का आयोजन किया। इस अवसर पर एसडीएम कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। जन सुनवाई के दौरान लोगों ने मंत्री कपिल मिश्रा से सीधे संवाद करते हुए अपनी समस्याएं बताईं। मिश्रा ने समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों से तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। लोगों ने अपनी समस्याओं के त्वरित समाधान के प्रति संतोष एवं प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर कपिल मिश्रा ने कहा कि करावल नगर क्षेत्र के समग्र विकास के लिए दिल्ली सरकार संकल्पित है। नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। ऐसे आयोजनों से जनता को अपने विधायकों एवं मंत्रियों से सीधे संवाद करने का अवसर मिलता है। हम सब मिलकर करावल नगर को विकसित दिल्ली की यात्रा में एक महत्वपूर्ण केंद्र बनाएंगे।

उन्होंने कहा कि जन सुनवाई कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनता को उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करना था, जिसमें सरकार और नागरिकों के बीच सीधा संवाद स्थापित हो सका। उन्होंने कहा कि सरकार विकसित दिल्ली की दिशा में तेजी से काम कर रही है।

### एनडीएमसी उपाध्यक्ष ने सफाई अभियान का किया नेतृत्व

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने शुक्रवार की देर रात सरोजिनी नगर में सफाई अभियान का नेतृत्व किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि इससे पहले यह अभियान खान मार्केट और जनपथ मार्केट में सफलतापूर्वक किया जा चुका है। कुलजीत सिंह चहल ने कहा कि गहन सफाई मुहिम 'विकसित एनडीएमसी @2047' के विजन की दिशा में एक मजबूत कदम है। जो राजधानी को आधुनिक, साफ-सुथरा और नागरिकों के लिए सुगम बनाने की दिशा में कार्यरत है। चहल ने बताया कि अब इन बाजारों में यह नियमित रात्रिकालीन गीली सफाई व्यवस्था के रूप में जारी रहेगी।

# तिलक नगर क्षेत्र में सिरसा ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण

## ट्रिपल इंजन का सरकार का मतलब - दिल्ली से गंदगी साफ होगी, अव्यवस्था खत्म होगी और बिना किसी दोषारोपण के दिल्ली के सभी क्षेत्रों का विकास होगा



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने शनिवार को तिलक नगर विधानसभा क्षेत्र में सार्वजनिक सेवाओं और विकास कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली में आज से भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार है। ट्रिपल इंजन का सरकार का मतलब - दिल्ली से गंदगी साफ होगी, अव्यवस्था खत्म होगी और बिना किसी दोषारोपण के दिल्ली के सभी क्षेत्रों का विकास होगा। सरकार को इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता है कि क्षेत्र में भाजपा का विधायक है या आम आदमी पार्टी का। सरकार विकसित दिल्ली की दिशा में तेजी से काम करेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प पर काम करते हुए और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में हम विकसित दिल्ली का सपना साकार करने के लिए समर्पित हैं। इसके लिए सभी क्षेत्रों का विकास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता ने आम आदमी पार्टी को हटाकर भाजपा को अपने कार्यों को करने के लिए सत्ता दी है। इसलिए सरकार के सभी मंत्री विकसित दिल्ली बनाने के लिए हर रोज सड़कों पर उतरकर विकास कार्यों का निरीक्षण कर रहे हैं। मुख्यमंत्री स्वयं भी जमीनी स्तर पर विकास कार्यों का निरीक्षण दिल्ली के सभी क्षेत्रों में कर रही हैं।

पर्यावरण मंत्री ने कहा कि उन्होंने तिलक नगर के क्षेत्र में अवैध कब्जे, शौचालयों की बदहाली, गंदगी की समस्या को लेकर आज आदेश दिया है। यहां एक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाने के सुझाव पर भी काम करेंगे। इसके लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण के साथ बात की जाएगी। स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की मांग यहां के लोग लंबे समय से कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की सड़कों पर अवैध कब्जा है, जिससे आम लोगों को आने जाने मे काफी परेशानी होती है। इसे अवैध कब्जे को हटाने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के पार्कों में अवैध रूप से खड़े वाहनों को तुरंत हटाने के कहा है। क्षेत्र को गंदगी से मुक्त और सार्वजनिक सेवाओं को दुरुस्त करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों के दिए गए हैं।

# दिल्ली में बीजेपी सरकार ने किया बड़ा फ्रॉडः सौरभ भारद्वाज



**आरोप**

**हरे-भरे इलाकों में 6 एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग सिस्टम लगाए, ताकि प्रदूषण का स्तर कम दिखे**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली में प्रदूषण को लेकर बीजेपी सरकार पर बड़ा आरोप लगा है। आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज ने खुलासा किया कि बीजेपी ने प्रदूषण के आंकड़े कम दिखाने के लिए धोखाधड़ी की है। उन्होंने दावा किया कि सरकार ने जंगल और हरे-भरे इलाकों में 6 एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग सिस्टम लगाए, ताकि प्रदूषण का स्तर कम दिखे। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि चुनाव से पहले बीजेपी ने प्रदूषण पर हंगामा मचाया, अखबारों में विज्ञापन और अफवाहें फैलाईं। भारद्वाज ने इसे जनता की सेहत से खिलवाड़ बताया और बीजेपी के दिल्ली मॉडल पर सवाल उठाए। "चुनाव से पहले बीजेपी ने प्रदूषण को लेकर खूब हंगामा किया।

### भजनपुरा में युवक की चाकू घोपकर हत्या


**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी जिले में चाकूबाजी की घटना रुकने का नाम नहीं ले रही है। ताजा मामला शुक्रवार रात भजनपुरा इलाके के सुभाष मोहल्ला का है। यहां एक युवक की बदमाशों ने चाकू घोपकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपित मौके से फरार हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जीटीबी अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखवा दिया है। भजनपुरा थाना पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इसके साथ ही पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर आरोपितों की पहचान करने में जुटी हुई है।

# हिट एंड रन मामले में दिल्ली पुलिस ने आरोपित को कोलकाता से किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** बाहरी उत्तरी जिले के भलस्वा लैंडफिल क्षेत्र में पिछले महीने पुलिस के एक हेड कांस्टेबल के साथ हुए हिंट एंड रन के एक मामले में आरोपित को कोलकाता से गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान करमवीर के रूप में हुई है। करमवीर पुलिसकर्मी को करीब सात किलोमीटर तक बोनट पर लटकाकर ले गया था। बाहरी उत्तरी जिले के डीसीपी निधिन वलसान ने शनिवार को बताया कि घटना 22 अप्रैल की सुबह 6.28 बजे हुई। घटना के समय पीसीआर बाहरी उत्तरी जोन में तैनात हेड कांस्टेबल प्रवीण और एएसआई नवीन ने भलस्वा लैंडफिल के पास जीटीके बाईपास के निकट एक संदिग्ध सफेद कार को रोका। उन्हें शक था कि वाहन का इस्तेमाल शराब ले जाने के लिए किया जा रहा था। डीसीपी ने बताया कि जब ड्राइवर को बाहर निकलने के लिए कहा गया तो उसने भागने की कोशिश की। कार को रोकने के लिए हेड कांस्टेबल प्रवीण गाड़ी के सामने खड़े हो गए। इस पर चालक ने अचानक कार को सीधे कांस्टेबल की ओर बढ़ा दी।

# सफदरजंग अस्पताल ने हासिल की उपलब्धि

## महिला के शरीर से निकाला दुनिया का अबतक का सबसे बड़ा एड्रेनल ट्यूमर



**सफलतापूर्वक**

**जटिल रोबोटिक सर्जरी कर विशाल एड्रेनल ट्यूमर को सफलतापूर्वक निकाला गया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** सफदरजंग अस्पताल ने अपने रोबोटिक सर्जरी कार्यक्रम में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। अस्पताल में 36 वर्षीय महिला की जटिल रोबोटिक सर्जरी कर विशाल एड्रेनल ट्यूमर को सफलतापूर्वक निकाला गया। सफदरजंग अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संदीप बंसल ने बताया कि 18.2 ७ 13.5 सेमी का यह एड्रेनल ट्यूमर दुनिया का अब तक का सबसे बड़ा एड्रेनल ट्यूमर है, जिसे रोबोट द्वारा निकाला गया। डॉ. बंसल ने कहा कि यह उपलब्धि रोबोटिक सर्जरी में सफदरजंग अस्पताल की विशेषज्ञता और सभी रोगियों को निःशुल्क अत्याधुनिक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए समर्पित है। इस तरह की जटिल रोबोटिक सर्जरी सफदरजंग अस्पताल में निःशुल्क की जाती है, निजी क्षेत्र में इसकी लागत लाख रुपये से अधिक होती है। रोबोटिक सर्जरी करने वाली टीम के प्रमुख यूरोलॉजी और रीनल ट्रांसप्लांट विभाग के प्रोफेसर डॉ. पवन वासुदेवा थे और उनके साथ टीम में डॉ. नीरज कुमार और डॉ. अविषेक मंडल शामिल थे। इसके साथ एनेस्थीसिया टीम में डॉ. सुशील, डॉ. भव्या और डॉ. मेघा शामिल थीं। रीनल ट्रांसप्लांट विभाग के प्रोफेसर और सर्जरी टीम के प्रमुख डॉ. पवन वासुदेवा ने बताया कि यह प्रक्रिया काफी जटिल और जोखिम से भरी हुई थी क्योंकि ट्यूमर न केवल बहुत बड़ा हो गया था बल्कि शरीर की तीन महत्वपूर्ण संरचनाओं यानी इंफीरियर वेना कावा, लिवर और राइट किडनी पर भी खतरनाक तरीके से चिपक गया था। यह जरूरी था कि ट्यूमर को आसपास की महत्वपूर्ण संरचनाओं को नुकसान पहुंचाए बिना पूरी तरह से हटाया जाए। डॉ. वासुदेवा ने कहा कि दा विंची रोबोट के 3डी विजन और इसके निपुण रोबोटिक हाथों से जटिल सर्जरी को आमतौर पर लेप्रोस्कोपी से संभव होने वाली तुलना में अधिक सटीकता के साथ की जा सकती है। इस मामले में, सर्जरी तीन घंटे से अधिक समय तक चली और ट्यूमर को बिना किसी जटिलता के पूरी तरह से हटाया जा सका।

### हत्या के मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने हत्या के मामले में दस महीने से फरार चल रहे क्षेत्रपाल उर्फ सागर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित ने अपने नौ अन्य साथियों संग मिलकर एक व्यक्ति की चाकू घोपकर हत्या कर दी थी। फिलहाल, पुलिस आरोपित सेपूछताछ कर रही है। क्राइम ब्रांच के डीसीपी हर्ष इंदौरा ने शनिवार को बताया कि 30 जून 2024 की देर रात शाहबाद निवासी सन्नी को उसके रिश्तेदारों ने घायल हालतमें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच में उसके गुप्तांगों व शरीर के अन्य भागों पर चाकू के घाव थे। शाहबाद डेयरी थाना पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। छानबीन में पता चला कि अजय उर्फ मोदी नामक व्यक्ति का सन्नी के साथ विवाद था।

# यमुना की खस्ता हालत का एक बड़ा कारण कम प्रवाह भी है...

**खस्ताहालत**

**नदी में न्यूनतम प्रवाह के लिए जरूरी पानी का आधा हिस्सा भी नहीं है: रिपोर्ट**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। राष्ट्रीय** राजधानी में यमुना की खस्ताहालत के लिए प्रदूषण ही नहीं बल्कि पानी का कम बहाव भी एक बड़ा कारण है। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) की ओर से तैयार रिपोर्ट के मुताबिक, नदी में न्यूनतम प्रवाह के लिए जरूरी पानी का आधा हिस्सा भी नहीं है। अगर प्रवाह निर्बाध हो तो नदी में मौजूद कचरा भी अपने आप छंट जाता है।

**यमुना का जलीय जीवन हो चुका नष्ट**

दिल्ली के बड़े नालों से सीधे यमुना में गिरने वाले गंदे पानी की वजह से प्रदूषण का स्तर इतना अधिक है कि नदी का जलीय जीवन लगभग नष्ट हो चुका है। डीपीसीसी की रिपोर्ट में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हाइड्रोलॉजी, रुड़की के हवाले से बताया गया है कि हथिनी कुंड बैराज और ओखला बैराज के बीच मई जैसे सूखे महीने में भी पर्यावरणीय प्रवाह 190 एमजीडी रहता है। जबकि नदी के न्यूनतम प्रवाह के लिए जरूरी है कि नदी में कम से कम 437 एमजीडी पानी हो।

**सही करने के ये तरीके**

रिपोर्ट के मुताबिक, अगर यमुना को 247 एमजीडी पानी और मिल जाए तो बीओडी (बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड) का स्तर 25 से घटकर 12 मिलीग्राम प्रति लीटर रह सकता है।



# पहाड़ी वन क्षेत्र में अधिक से अधिक चैक डैम बनाएं: सीएम

**टीम एक्शन इंडिया**

चंडीगढ़: हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे पहाड़ी वन क्षेत्र में अधिक से अधिक चैक डैम बनाएं ताकि बारिश के दिनों में पानी का संरक्षण हो सके। इसे जहां वन के पेड़ - पौधों की पानी की आवश्यकता पूरी होगी वहीं भूजल का स्तर भी सही बनाए रखने में सहायता मिलेगी।

मुख्यमंत्री आज यहाँ "सीएम अनाउंसमेंट" से संबंधित परियोजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने आज गृह विभाग , राजस्व , पर्यावरण , वन एवं वन्य जीव विभाग ,परिवहन समेत आधा दर्जन विभागों की परियोजनाओं की समीक्षा की , शेष विभागों की "सीएम अनाउंसमेंट" की समीक्षा 29 अप्रैल को करेंगे।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि चैक डैम के निर्माण में गुणवत्ता के साथ किसी भी कीमत पर समझौता न करें। उन्होंने सभी पुराने चैक डैम की वर्तमान स्थिति की जाँच करके उनकी मरम्मत करने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने आगामी बरसात के मौसम में सड़कों के किनारे पौधारोपण कर पेड़ बनने तक उनकी देखभाल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर जिला में कम से कम दो ऑक्सीवन लगाने की योजना को मूर्त रूप प्रदान करें ताकि स्वच्छ पर्यावरण सरंक्षण सुनिश्चित हो सके। उन्होंने घग्घर नदी को पर्यावरण की दृष्टि से साफ करने के निर्देश देते हुए कहा कि कुछ स्थानों पर एसटीपी के माध्यम से गंदे पानी को साफ करके घग्गर में डाला जा रहा है , इस दौरान ध्यान रखें कि एसटीपी खराब न हो और गन्दा पानी बाईपास करके इस नदी में न जाये। अगर किसी जगह पर इस प्रकार की शिकायत मिली तो एसटीपी के ठेकेदार को पेनल्टी लगाई जाए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने "सीएम अनाउंसमेंट" से संबंधित परियोजनाओं को निर्धारित अवधि में पूरा करने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रोजेक्ट तैयार होने में देरी होने से उसकी लागत भी बढ़ती है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर किसी वाजिब कारण से कार्य को पूरा करने में देरी होती है तो अधिकारी फाइल पर "देरी होने का कारण" अवश्य लिखें।



## फायर ब्रिगेड के कार्यालय हेतु जगह सुनिश्चित करने का आदेश

उन्होंने भविष्य में एचएसआईआईडीसी के औधोगिक क्षेत्रों में "फायर ब्रिगेड" के कार्यालय हेतु जगह सुनिश्चित करने को कहा ताकि उद्योग में होने वाली किसी आगजनी की घटना पर काबू पाने में देरी न हो। उन्होंने अधिकारियों को पूरी ईमानदारी से कार्य करने की सलाह देते हुए कहा कि वे विभिन्न योजनाओं एवं परियोजनाओं को पूरा करवाने में पूरी तरह से पारदर्शिता बरतें।

## विनय के परिवार को 50 लाख रुपये व एक सदस्य को नौकरी देने की घोषणा

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए करनाल निवासी भारतीय नौसेना के लेफ्टिनेंट 26 वर्षीय विनय नरवाल के परिवार को 50 लाख रुपये तथा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने वादा किया है कि विनय नरवाल के माता-पिता परिवार के जिस सदस्य को चाहेंगे, उसे सरकार की नीति के अनुसार नौकरी दी जाएगी। गौरतलब है कि 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में निहत्थे पर्यटकों पर आतंकवादियों ने हमला कर दिया था, जिसमें विनय नरवाल की मौत हो गई थी। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आतंकवादियों के इस कायरतापूर्ण कृत की सख्त शब्दों में निंदा की है।

# निकाय मंत्री विपुल गोयल ने किया बंधवाड़ी प्लांट का दौरा

**बैठक की**

निगम अधिकारियों तथा कचरा प्रबंधन कार्य करने वाली एजेंसियों के प्रतिनिधियों साथ की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने शनिवार को गुरुग्राम में बंधवाड़ी स्थित कचरा प्रबंधन प्लांट का दौरा किया और प्लांट में चल रहे कार्यों की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने नगर निगम अधिकारियों और कचरा प्रबंधन का कार्य कर रही एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक भी की। बैठक के दौरान मंत्री ने कचरा निष्पादन कार्य में और अधिक तेजी लाने तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य को पूरा करने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता और पर्यावरण सुरक्षा को लेकर सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निकाय मंत्री ने अधिकारियों से प्लांट की कार्यप्रणाली, मशीनों की स्थिति और कचरे के प्रोसेसिंग की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बंधवाड़ी प्लांट क्षेत्र के कचरा प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और इसके कार्यों में किसी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सभी संबंधित एजेंसियों को समन्वय बनाकर कार्य करने और आने वाली चुनौतियों का समाधान प्राथमिकता से करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम जैसी महानगर की स्वच्छता छवि बनाए रखने के लिए कचरा प्रबंधन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## न्यूज फ्लैश

### एचईआरसी ने यमुनानगर से उपभोक्ता सशक्तिकरण का अभियान प्रारंभ किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग ने उपभोक्ताओं के अधिकारों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए शुक्रवार को यमुनानगर से उपभोक्ता संरक्षण सेल के अभियान की शुरूआत की। आयोग के सदस्य (विधि) मुकेश गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित पहली फील्ड मीटिंग में आयोग, वितरण निगमों के वरिष्ठ अधिकारी, मीडिया प्रतिनिधि और उपभोक्ता संगठनों के सदस्य शामिल हुए। मुकेश गर्ग ने कहा कि उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए शिकायत निवारण प्रणाली को जमीनी स्तर तक प्रभावी बनाना आयोग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में राज्य में 21 सर्कल स्तरीय, 4 जोनल और 2 कॉर्पोरेट स्तर के उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच कार्यरत हैं। उपभोक्ता सुविधा को बढ़ाने के लिए अब डिविजन स्तर पर भी गठित करने का निर्णय लिया गया है। गर्ग ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपभोक्ता शिकायतों को गंभीरता से दर्ज कर समयबद्ध तरीके से उनका समाधान किया जाए। एसडीओ स्तर पर हल हो सकने वाली शिकायतों का निपटारा प्राथमिकता से हो और अन्य शिकायतों पर संतोषजनक उत्तर दिया जाए। उपभोक्ताओं के साथ असंवेदनशील व्यवहार की किसी भी स्थिति में अनुमति नहीं होगी। उन्होंने कहा कि सीजीआरएफ के आदेशों की अवहेलना पर विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 142 और 146 के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान उपभोक्ताओं को 1912 हेल्पलाइन, सीजीआरएफ व्यवस्था और शिकायत निवारण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। उपभोक्ताओं ने अपनी समस्याएं खुलकर साझा कीं, जिन पर तुरंत संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों ने समाधान का आश्वासन दिया। गर्ग ने कहा कि उपभोक्ता संरक्षण को केवल नीति नहीं, बल्कि व्यवहार में लागू करना आवश्यक है। आयोग द्वारा सीएसी के नेतृत्व को स्वयं संभालना देश में अपनी तरह का पहला प्रयास है, जो उपभोक्ता अधिकारों के प्रति आयोग की गहरी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। उन्होंने उपभोक्ताओं को साइबर धोखाधड़ी से सतर्क रहने और जागरूकता बढ़ाने पर भी बल दिया।

### गुरुग्राम को जलभराव से मुक्त करना केवल एक लक्ष्य नहीं, बल्कि सामूहिक ज़िम्मेदारी है: राव

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि गुरुग्राम को जलभराव से मुक्त करना केवल एक लक्ष्य नहीं, बल्कि हमारी सामूहिक ज़िम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि निगम व प्राधिकरण ने जलभराव के जो भी क्रिटिकल पॉइंट्स चिन्हित किए हैं। उन प्रत्येक पॉइंट्स पर संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाए। राव नरबीर आज गुरुग्राम में नगर निगम व जीएमडीए अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में मानसून के दौरान जलभराव की समस्या से निपटने के लिए अब तक की प्रगति का आकलन करने, चुनौतियों का समाधान करने के लिए अन्य उपायों पर भी चर्चा की गई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पानी की निकासी के लिए आवश्यक उपायों को प्राथमिकता देने और समस्या की जड़ तक पहुंचने के लिए स्थायी समाधान निकाले। उन्होंने कहा कि निगम व प्राधिकरण के अधिकारी जलभराव को लेकर किए जा रहे उपायों व उसकी प्रगति रिपोर्ट निरन्तर उनके कार्यालय तक भिजवाना सुनिश्चित करें। जिन स्थानों पर ड्रेन इनलेट मिसमैच है। उसके लिए दोनों विभाग मिलकर काम करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को ड्रेनेज सिस्टम की तर्ज पर छोटे सीवरेज नेटवर्क की सफाई भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। राव नरबीर सिंह ने नगर निगम क्षेत्र में स्थित 41 माइक्रो एसटीपी प्लांट की कार्यप्रणाली की मौजूदा स्थित की रिपोर्ट तलब करते हुए क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अगले 15 दिन में सभी एसटीपी की जांच करवाएं। इसके साथ ही जिन औधोगिक इकाइयों में एसटीपी का रखरखाव नही किया जा रहा।

# हरियाणा में आज जवाबदेह और संवेदनशील नॉन स्टॉप सरकार कर रही है कार्य: सीएम

**हितैषी**

पंजाब में भाजपा सरकार बनने पर किसानों की सभी फसलें एमएसपी पर खरीदी जाएंगी-

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि केंद्र व हरियाणा की सरकार किसानों की सच्ची हितैषी है। इसी का साक्ष्य है कि हरियाणा में किसानों की सभी फसलों की एमएसपी पर खरीद की जा रही है और पिछले साढ़े दस सालों में किसानों को फसलों के खराबे को लेकर सरकार 14500 करोड़ रुपये दे चुकी है, जबकि वर्ष 2014 से पहले कांग्रेस की सरकार में किसानों को फसल खराबे के तौर पर महज 1155 करोड़ रुपये दिए गए थे। पंजाब में पूर्व की कांग्रेस सरकार ने और अब मौजूदा आम आदमी पार्टी की सरकार ने किसानों की कभी सुध नहीं ली है और न ही किसानों की फसलों को एमएसपी पर ख?ीदा। वर्ष 2027 में पंजाब में भाजपा सरकार बनने पर किसानों की सभी फसलों को हरियाणा की तरह एमएसपी पर खरीदा जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यह बात आज पंजाब के डेराबस्सी में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान बतौर मुख्य अतिथि कही इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री महारानी परनीत कौर, राज्यसभा सदस्य सतनाम संधू, गुरदर्शन सिंह सैनी, हरियाणा विधानसभा के पूर्व स्पीकर ज्ञान चंद गुप्ता, संजीव वशिष्ठ व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में आज भारत विश्व में एक मजबूत व सशक्त देश बनकर उभरा है। हरियाणा में भी सरकार ने ईमानदारी, पारदर्शिता और सेवा को मूलमंत्र माना है। जातिवाद, तुष्टीकरण और वंशवाद की राजनीति को समाप्त किया जिसकी बदौलत प्रदेश की जनता ने तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाने का कार्य किया। आज हरियाणा में एक जवाबदेह और संवेदनशील नॉन स्टॉप सरकार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में भाजपा सरकार का तीसरा कार्यकाल शुरू होते ही बिना पर्ची-बिना खर्ची के 26 हजार युवाओं को सरकारी नौकरियां दी गई। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा राष्ट्रीय राजमार्गों, उद्योग, डिजिटल सेवाओं, युवाओं के लिए कौशल विकास, महिला सुरक्षा, और किसानों के कल्याण में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है।



## पेंशन को 3000 रुपये तक बढ़ाकर बुजुर्गों को सम्मान दिया: सीएम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की थी कि 70 वर्ष से ज्यादा आयु के बुजुर्गों को आयुष्मान योजना के तहत मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। हरियाणा सरकार ने प्रदेश के बुजुर्गों को इस योजना का लाभ दिया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि जनसेवा को तकनीक से जोड़ते हुए हरियाणा में परिवार पहचान पत्र के माध्यम से 52 लाख से अधिक परिवारों को घर बैठे 400 से ज्यादा योजनाओं और सेवाओं का सीधा लाभ पहुंचाया जा रहा है। यह अपने-आप में एक अनूठी पहल है। इसी तरह से हरियाणा सरकार द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन को 3000 रुपये तक बढ़ाकर बुजुर्गों को सम्मान दिया है। पंजाब में भाजपा सरकार बनने पर हरियाणा की तर्ज पर लोगों को जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा।

# केंद्रीय मंत्री राव ने गुरुग्राम में युवाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र, पीएम मोदी ने दी बधाई

**नियुक्ति**

राव इंद्रजीत सिंह ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए युवाओं का किया आह्वान

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** जिला गुरुग्राम में आयोजित रोजगार मेला कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने नव नियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। यह आयोजन देशभर में हो रहे 15वें रोजगार मेला का हिस्सा था, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देशभर के 47 स्थानों पर नियुक्त हुए 51,000 से अधिक युवाओं को संबोधित किया। इससे पूर्व गुरुग्राम में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री सहित उपस्थितजन ने दो मिनट का मौन रख कर पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए नागरिकों को श्रद्धांजलि दी। राव इंद्रजीत सिंह ने युवाओं को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि आज की यह नियुक्तियाँ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की रोजगार सृजन के प्रति गहरी प्रतिबद्धता का प्रत्यक्ष प्रमाण हैं। उन्होंने कहा कि सरकार निरंतर प्रयासरत है कि देश के युवाओं को न केवल रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएँ, बल्कि उन्हें देश की विकास यात्रा का एक सशक्त सहभागी भी बनाया जाए। राव इंद्रजीत सिंह ने यह भी उल्लेख किया कि रोजगार मेला केवल नौकरियाँ उपलब्ध कराने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का महत्वपूर्ण अवसर भी प्रदान करता है।

## हमारे लिए सत्ता सेवा का माध्यम: पंडित मोहन लाल बड़ौली

**चंडीगढ़:** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि भाजपा के लिए सत्ता सेवा का माध्यम है। प्रदेश की नॉन स्टॉप सरकार में जनता सर्वोपरि है और हम जनता के सेवक हैं। जनता की सेवा हमारे लिए भगवान की सेवा जैसी है। प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने शनिवार को सोनीपत स्थित भाजपा कार्यालय में आमजन की समस्याओं को सुनने के दौरान ये बात कही। इस मौके पर उन्होंने सभी का कुशलक्षेम पूछा। उनकी समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# उद्यम स्थापित करने के लिए आगे आएं युवाशक्ति: राव नरबीर

**विकास पर बल**

उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने भगवान परशुराम जन्मोत्सव में बतौर मुख्यातिथि की शिरकत

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि आगामी पांच वर्षों में फर्रुखनगर क्षेत्र में विकास कार्यों को नए आयाम दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की भौगोलिक स्थित को देखते हुए यह इलाका आने वाले समय में गुरुग्राम में निवेशकों की प्राथमिकता रहेगा। जिससे यहां रोजगार के नए अवसरों का भी सृजन होगा। उद्यम स्थापित करने के लिए आगे आएं युवाशक्ति, सरकार की ओर से हर संभव मदद देने दी जाएगी।

कैबिनेट मंत्री शनिवार को गुरुग्राम के फर्रुखनगर में भगवान परशुराम सेवा समिति द्वारा आयोजित भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। राव नरबीर सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2029 तक फर्रुखनगर कस्बे की आबादी करीब 3 लाख के पास पहुंच जाएगी। उन्होंने कहा कि बढ़ती हुई आबादी अपने साथ समस्याएं भी लेकर आती है ऐसे में सरकार का प्रयास रहेगा कि आने वाले 5 सालों में क्षेत्र के विकास को लेकर आमजन कि जो भी मांगे हैं। उन्हें प्राथमिकता के साथ पूरा करवाया जाएगा। साथ ही बढ़ती आबादी को ध्यान में रखते हुए नई विकास परियोजनाएं भी क्षेत्र को समर्पित की जाएगी । उन्होंने कहा कि गुरुग्राम में रोजगार की कमी नही है। बशर्ते आप में काम करने की इच्छशक्ति होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों से एक बड़ी आबादी गुरुग्राम में विभिन्न रोजगार के माध्यम से अपना जीवनयापन कर रही है। ऐसे में हमारे स्थानीय युवकों को भी आगे आकर छोटे स्टार्टअप लगाने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री होने के नाते उनका प्रयास रहेगा कि वे ऐसे युवकों की हर संभव मदद की जाए। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने इस पहल को बढ़ावा देने के लिए एक सरल व पारदर्शी सिस्टम खड़ा किया है। जिसमें उद्यम स्थापित करने वालों को सिंगल विंडो सिस्टम के तहत 15 दिन में सभी प्रकार की मंजूरी दी जा रही है। राव नरबीर सिंह ने बताया कि क्षेत्र में डाबोधा मोड़ से सुल्तानपुर तक सड़क मार्ग के लिए 6 करोड़ 52 लाख राशि मंजूर की गई है।

# कृषि मंत्री ने मंडियों में किया औचक निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने शनिवार को कुरुक्षेत्र, कैथल और जींद जिलों की प्रमुख अनाज मंडियों का औचक निरीक्षण कर गेहूं खरीद कार्यों की जमीनी हकीकत का जायजा लिया। मंडियों में पहुंचने पर किसानों और आढ़तियों ने कृषि मंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया और अपने सुझाव एवं समस्याएं उनके सामने रखीं। निरीक्षण के दौरान कृषि मंत्री ने स्वयं तोल मशीनों की जांच की और फसल खरीद व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने मंडी अधिकारियों और आढ़तियों को सख्त निर्देश दिए कि गेहूं खरीद प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की कोताही या लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने मंडियों में स्थापित गेहूं की डायरियों (स्टॉक रिकॉर्ड) का भी निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों से विस्तार से जानकारी ली। श्याम सिंह राणा ने कहा कि हरियाणा एक कृषि प्रधान राज्य है और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार किसानों की भलाई के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य किसानों की मेहनत के एक-एक दाने को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदने का है।



उन्होंने जानकारी दी कि प्रदेश में अब तक विभिन्न खरीद एजेंसियों के माध्यम से 61.81 लाख मैट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है और सरकार का 75 लाख मैट्रिक टन गेहूं खरीदने का लक्ष्य है। कृषि मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि कुछ मंडियों से तोल मशीनों में गड़बड़ी की शिकायतें मिली थीं, जिन पर तुरंत कड़ा संज्ञान लिया गया है।

# शहीदी स्मारक खुलते ही विद्यार्थियों को स्मारक को दिखाया जाएगा: विज

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन व श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि अंबाला में बनाए जा रहे शहीदी स्मारक के म्यूजियम में 40 लोगों की सीट वाली हाइड्रोलिक वर्टिकल लिफ्ट लग चुकी है। शहीदी स्मारक में कई स्थानों पर सेल्फी प्वाइंट बनाए गए हैं। सरकार योजना बना रही कि अंतरराष्ट्रीय स्तर के इस शहीदी स्मारक का उद्घाटन होने के बाद छठी से 12वीं तक पढ़ने वाले विद्यार्थियों को स्कूलों के रोस्टर अनुसार इस स्मारक को दिखाने का काम किया जाएगा, ताकि उन्हें भी 1857 की आजादी की पहली लड़ाई का इतिहास पता चल सके। विज आज जीटी रोड पर सन् 1857 में देश के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में शहीदों की याद में बनाए जा रहे अंतर्राष्ट्रीय स्तर के शहीदी स्मारक का निरीक्षण कर रहे थे। मंत्री अनिल विज ने शहीदी स्मारक का अवलोकन करते हुए म्यूजियम में बनाई जा रही विभिन्न आर्ट एवं डिजिटल गैलियों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों व एजेंसी प्रतिनिधियों को कहा कि यहां पर इस कार्य को तेजी से करवाएं और एक-एक गैलरी एवं हाल से सम्बन्धित कार्य को पूरा करवाना सुनिश्चित करें। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए मंत्री अनिल विज ने कहा कि शहीदी स्मारक में तेजी से कार्य किया जा रहा है और 150 के करीब यहां पर आर्टिस्ट, कर्मचारी, अधिकारी यहां पर लगे हुए हैं।

**शहीदी स्मारक में कई स्थानों पर बनाए गए सेल्फी प्वाइंट**

मंत्री अनिल विज ने कहा कि हमें जो पढ़ाया गया है वह गलत था। आजादी की पहली लड़ाई 1857 में लड़ी गई, जिसके बारे में आम लोगों को पता नहीं है।

# पंचायती राज व्यवस्था को उत्तरदायी बनाने के लिए निरंतर किए जा रहे सुधार: पंवार

**सक्षम, पारदर्शी**

सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली ग्राम पंचायतों को 5 लाख से 51 लाख रुपये तक की दी जाएगी पुरस्कार राशि

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में पंचायती राज व्यवस्था को और ज्यादा सक्षम, पारदर्शी और जन उत्तरदायी बनाने के लिए निरंतर सुधार किए जा रहे है। इसी कड़ी में 5000 से अधिक पीपीपी जनसंख्या वाली ग्राम पंचायतों को 11 से 51 लाख रुपये व 5000 से कम परिवार पहचान पत्र जनसंख्या वाली ग्राम पंचायतों को 05 से 31 लाख रुपये तक राज्य स्तर, जिला स्तर और ब्लॉक स्तर पर पुरस्कार प्रदान किया जाएगा, जिसकी घोषणा मुख्यमंत्री ने गत दिनों पंचकूला में आयोजित राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर की थी



विकास एवं पंचायत मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री जागृत ग्राम पुरस्कार योजना के तहत उन ग्राम पंचायतों को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे, जो शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वरोजगार, जल संरक्षण, महिला नेतृत्व, कृषि उत्पादकता, डिजिटल संपर्क और टिकाऊ बुनियादी ढांचे जैसे सामाजिक - आर्थिक मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करेगी। इस योजना का उद्देश्य है कि पंचायतें न केवल योजनाओं को क्रियान्वित करें, बल्कि जनभागीदारी के साथ टिकाऊ समाधानों की मिसाल भी बनें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पढ़ी -लिखी पंचायतों में इस बार युवाओं को भागीदारी बढ़ी है और बड़ी संख्या में पंच-सरपंच ब्लॉक समिति व जिला परिषद् के सदस्य व चेयरमैन चुनकर आए हैं। ये युवा जनप्रतिनिधि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत बनाने के लक्ष्य को मूर्त रूप देने के लिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में अहम भूमिका निभाएंगे।

**श्रेणी 1-5000 से अधिक पीपीपी जनसंख्या वाली ग्राम पंचायतों को 11 से 51 लाख रुपये तक की दी जाएगी पुरस्कार राशि**

विकास एवं पंचायत मंत्री ने कहा कि यह पुरस्कार ग्राम पंचायतों को 2 श्रेणियों के तहत राज्य स्तर, जिला स्तर और ब्लॉक स्तर पर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि श्रेणी 1-5000 से अधिक पीपीपी जनसंख्या वाली ग्राम पंचायतों में राज्य स्तर पर तीन श्रेणियों में पुरस्कार दिया जाएगा। राज्य स्तर पर पहले स्थान पर आने वाली ग्राम पंचायत को 51 लाख रुपये, दूसरे स्थान पर आने वाली ग्राम पंचायत को 31 लाख रुपये और तीसरे स्थान पर आने वाली ग्राम पंचायत को 21 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इसी प्रकार जिला स्तर पर पहले स्थान पर आने वाली ग्राम पंचायत को 31 लाख रुपये और दूसरे स्थान पर आने वाली ग्राम पंचायत को 21 लाख रुपये प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

# हकेवि में हुआ विश्व डीएनए दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। गांव जाट पाली** स्थित हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि) में जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा विश्व डीएनए दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार के प्रेरणादायक संदेश से हुई। जिसमें उन्होंने डीएनए की परिवर्तनकारी शक्ति और आधुनिक विज्ञान तथा अनुसंधान में इसकी अहम भूमिका को रेखांकित किया। इस दौरान विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार और इंटरडिसिप्लिनरी एंड एप्लाइड साइंसेज स्कूल के डीन प्रो. दिनेश कुमार गुप्ता ने भी अपने विचार साझा करते हुए डीएनए की डबल हेलिक्स संरचना के महत्व को बताया और वैश्विक स्वास्थ्य चुनौतियों, विशेषकर महामारी से निपटने में इसके योगदान को रेखांकित किया। विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि प्रो. गजानन बी जोरे और विशिष्ट अतिथि डॉ. प्रभात एन झा का स्वागत किया। जैव प्रौद्योगिकी विभागाध्यक्ष प्रो. रूपेश देशमुख ने कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन करते हुए सभी गणमान्य अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया। उन्होंने डीएनए की खोज के पीछे की वैज्ञानिक पृष्ठभूमि और जैविक विज्ञान पर इसके दूरगामी प्रभाव पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता प्रो. गजानन बी जोरे, राजस्थांन केंद्रीय वश्वि विद्यालय ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए बताया कि कैसे आधुनिक शोधकर्ता अनुवांशिक जानकारी का उपयोग कर कृषि में नवाचार ला रहे हैं। उन्होंने गेहूं की आनुवंशिक रूप से संपादित फसलों पर किए गए अपने अग्रणी शोध को भी प्रस्तुत किया, जिसका उद्देश्य उत्पादन वृद्धि और सतत कृषि को बढ़ावा देना है। मुख्य वक्ता डॉ. प्रभात एन झा, प्रोफेसर बीआईटीएस पिलानी ने माइक्रोबायोलॉजी के क्षेत्र में डीएनए की महत्वपूर्ण भूमिका पर व्याख्यान दिया। उन्होंने सूक्ष्मजीव पारिस्थितिकी और होस्ट-माइक्रोब इंटरैक्शन की समझ में डीएनए की उपयोगिता को स्पष्ट किया। कार्यक्रम में परस्पर संवादात्मक सत्र और ज्ञानवर्धक चचाएं आयोजित की गईं। जिनका संचालन लिशा, भावना, कीर्ति रानी व महिमा डुमका ने कुशलतापूर्वक किया। खुशी द्वारा कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस अवसर पर प्रो. पवन कुमार मौर्य, प्रो. अंतरेश कुमार, प्रो. कांति प्रकाश शर्मा, डॉ. उमेश कुमार, डॉ. इंदरजीत कौर, डॉ. नम्रता ढाका, डॉ. राम गोपाल निठरवाल, डॉ. हुमैरा सोनाह व डॉ. मुलका मारुति उपस्थित थे।



## गिरते लिंगानुपात पर पल्ह में हुई जागरूकता बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। सीएचसी नांगल** सिरोही के चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रतीक यादव के निर्देश पर गांव पल्ह में घटते लिंगानुपात के बारे में एक टीम का गठन किया गया, जिसमें डॉक्टर दिव्या, सुमित्रा, अनिल कुमार, बलजीत सदस्य हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शुक्रवार को गांव पल्ह का दौरा किया करके सभा का आयोजन किया, जिसमें गांव की सरपंच मनती देवी, एमपीएचडब्ल्यू व एएनएम, सभी आशा वर्कर, आंगनबाड़ी वर्कर, ग्राम पंचायत सदस्य तथा ग्रामीण शामिल हुए। सभी को गांव पल्ह के गिरते हुए लिंगानुपात की जानकारी दी तथा इससे भविष्य में होने वाले नुकसान के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। स्वास्थ्य निरीक्षक अनिल कुमार ने कहा की लड़का-लड़की में भेदभाव नहीं करना चाहिए। लड़कियां किसी भी क्षेत्र में लड़कों से कम नहीं है।

# ईडब्ल्यू रैंकिंग में टॉप परफॉर्मिंग यूनिवर्सिटी श्रेणी में राज्य में हकेवि का पहला स्थान

**उपलब्धि**

▶▶ विश्वविद्यालय को हरियाणा राज्य के सरकारी विश्वविद्यालयों की श्रेणी में तीसरा स्थान भी प्रदान किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़** । हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेव), महेंद्रगढ़ को प्रतिष्ठित ईडब्ल्यू इंडिया हायर एजुकेशन रैंकिंग 2024-25 में टॉप परफॉर्मिंग यूनिवर्सिटी ऑफ द ईयर श्रेणी में देशभर में आठवां एवं हरियाणा राज्य में पहला स्थान प्राप्त हुआ है। इसके साथ ही विश्वविद्यालय को हरियाणा राज्य के सरकारी विश्वविद्यालयों की श्रेणी में तीसरा स्थान भी प्रदान किया गया है। देश की राजधानी दिल्ली में आयोजित एक भव्य समारोह में विश्वविद्यालय को यह पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने इस उपलब्धि का श्रेय विश्वविद्यालय के वद्यिार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों, गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों तथा समस्त हितधारकों को देते हुए उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के निदेशक प्रो. सुरेन्द्र सिंह भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि सीयूएच ने भारत सरकार के बहुविषयी विश्वविद्यालयों की श्रेणी में भी उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। पिछले वर्ष (2023) में विश्वविद्यालय की रैंकिंग 33वीं थी, जो अब बढ़कर 29वीं हो गई है। कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रदर्शन की दिशा में निरंतर प्रयासरत है और भविष्य में भी नए कीर्तिमान स्थापित करता रहेगा। विश्वविद्यालय के सम कुलपत प्रो. पवन कुमार शर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय शोध व नवाचार न के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहा है और राष्ट्र के विकास में अपना योगदान दे रहा है। इसी का परिणाम है कि विश्वविद्यालय बहुविषयी अनुसंधान के क्षेत्र में प्रतिदिन नई ऊँचाइयाँ छू रहा है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर छात्रों, शिक्षकों एवं समस्त स्टाफ को बधाई दी।

# विधायक की उपस्थिति में महापौर रेनू बाला गुप्ता ने नलकूप का किया उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। गर्मियों के मौसम** में स्वच्छ पेयजल मुहैया करवाने के लक्ष्य को लेकर नगर निगम लगातार कार्य कर रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को महापौर रेनू बाला गुप्ता ने नीलोखेड़ी के विधायक भगवानदास कबीरपंथी की गरिमामयी उपस्थिति में नगर निगम के तीन अलग-अलग क्षेत्रों में नलकूप का उद्घाटन किया। इनमें वार्ड 1 का गांव झंझाड़ी, वार्ड 11 का कर्ण कैनाल तथा वार्ड 18 में प्रेम नगर क्षेत्र का ट्यूबवेल शामिल है। सर्वप्रथम महापौर ने वार्ड नम्बर 1 के गांव झंझाड़ी में नलकूप का उद्घाटन किया। इस मौके पर विधायक भगवानदास कबीरपंथी भी मौजूद रहे। इस नलकूप के निर्माण पर 19 लाख रुपए की अनुमानित लागत आई है। इसमें नलकूप के लिए नया बोर, पाईप, मोटर तथा चैम्बर का निर्माण कार्य षामिल है। इसके पश्चात उन्होंने वार्ड नम्बर 18 के प्रेम नगर क्षेत्र में ट्यूबवेल का उद्घाटन किया। इस नलकूप पर अनुमानित 5 लाख 20 हजार रुपए की राषि खर्च की गई है। इस कार्य में नया बोर, पाईप तथा मोटर लगाए जाने का कार्य षामिल है। इसके पश्चात मेयर ने वार्ड नम्बर 11 के कर्ण कैनाल क्षेत्र में गुरू हरकृष्ण पब्लिक स्कूल के समीप नलकूप लगाए जाने का उद्घाटन किया। इसके निर्माण पर अनुमानित 19 लाख रुपए की लागत आई है। इसमें नलकूप के लिए नया बोर, पाईप, मोटर तथा चैम्बर का निर्माण कार्य शामिल है। महापौर ने मीडिया कर्मियों से रूबरू होते हुए कहा कि गर्मियों के मौसम में स्वच्छ पेयजल की बेहतर व्यवस्था को लेकर नगर निगम कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त तीनो जगहों पर नलकूप काफी पुराने होने के कारण वह सही से कार्य नहीं कर रहे थे। इसके अतिरिक्त पानी के साथ रेत भी आनी शुरू हो गई थी, जिस कारण नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। नगर निगम ने इस कार्य पर संज्ञान लेते हुए उनकी समस्या का समाधान किया है।



## चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। बीती शाम एंटी** ऑटो थेफ्ट स्टॉफ की टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना के आधार पर ग्रीन बेल्ट सेक्टर 4, करनाल में नाकाबंदी करके दो आरोपियों विशाल पुत्र राजेंद्र, राहुल पुत्र राजबीर निवासी गांव बल्ला को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से तीन मोटरसाइकिलें बरामद की गई। एंटी ऑटो थेफ्ट टिम के इंचार्ज ने बताया कि गहनता से पूछताछ में पाया गया कि आरोपियों द्वारा मोटरसाइकिल चोरी की घटना को 7 अप्रैल को अटल पार्क सेक्टर-9 करनाल, 18 अप्रैल को गांव बल्ला व 17 दिसंबर 2023 को घरौंडा से चोरी कर वारदात को अंजाम दिया गया था। आज दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक विरासत में भेज दिया गया।

## लेफ्टिनेंट विनय नरवाल को श्रद्धांजलि देने पहुंचे पंजाबी सिंगर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। पंजाबी सिंगर** मनकीरत औलख शुक्रवार देर रात करनाल के सेक्टर-7 स्थित पहलगाम में आतंकी हमले में शहीद हुए लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के घर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी और शहीद को श्रद्धांजलि दी। औलख शहीद के घर पहुंचे और परिवार से मिलकर दुख साझा किया। बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि यह केवल एक परिवार की क्षति नहीं, बल्कि पूरे देश की क्षति है। ऐसा लग रहा है जैसे विनय हमारे ही परिवार का बच्चा था। मनकीरत औलख ने कहा कि शहीद लेफ्टिनेंट विनय नरवाल अपने पिता के इकलौते बेटे थे और हाल ही में उनकी शादी हुई थी। घर में खुशियों का माहौल था, लेकिन अचानक से आया यह दुःख पूरे परिवार को तोड़ गया। शहीद के परिजनों ने मनकीरत औलख से बातचीत में कहा कि हमें क्या पता था कि अब वह कभी वापिस लौटेगा ही नहीं। जिस बेटे को बड़े अरमानों से पाला, उसकी शहादत का दुख ऐसा है जिसे शब्दों में नहीं बयां किया जा सकता। औलख ने आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह बहुत ही दुखद घटना है। विनय की शहादत से हर भारतीय दुखी है। हम सभी को इस दुख से उबरने में समय लगेगा।



## संक्षिप्त खबरें

### युवक लापता, अपहरण की आशंका

**गन्नौर।** खेड़ी रोड निवासी एक 22 वर्षीय युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। युवक के पिता ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में खेड़ी रोड निवासी संजय ने बताया कि उसका 22 वर्षीय बेटा अभिषेक दिल्ली में नौकरी करता है। शनिवार को अभिषेक ड्यूटी पर गया था, लेकिन वापस घर नहीं लौटा। स्वजन ने बताया कि दो अज्ञात व्यक्ति घर आकर धमकी दे रहे हैं कि अभिषेक उनसे पैसे ले रहा था। संजय ने पुलिस से बेटे को ढूंढने व अज्ञात के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### निर्दोष नागरिकों की हत्या के विरोध में जामा मस्जिद में श्रद्धांजलि सभा



**गन्नौर। शनिवार को गन्नौर** की शाही जामा मस्जिद में इमाम मोहम्मद इमरान व चांद मोहम्मद के नेतृत्व में पहलगांव में उग्रवादियों द्वारा निर्दोष नागरिकों की हत्या के विरोध में शोक सभा आयोजित की गई। शोक सभा में समाज के लोगों ने मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित कर पाकिस्तान सरकार की कड़ी निंदा की। इमाम मोहम्मद इमरान ने कहा कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद मानवता के खिलाफ अपराध है। चांद मोहम्मद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आतंकवादियों और पाकिस्तान के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने की मांग की। इस मौके पर फजलुद्दीन, लियाकत, सलामु, नफिया और करमू आदि ने सभा में आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया गया।

### अंतर सदनीय कबड्डी प्रतियोगिता संपन्न



**गन्नौर। अपोलो इंटरनेशनल** स्कूल बड़ी में शनिवार को अंतर सदनीय कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई। जूनियर टीमों के बीच हुए इस मुकाबले में छात्रों ने खेल का उमदा प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य अनिता यादव ने खेल की शुरूआत करवाई। मुकाबले में चैलेंजर सदन जीत हासिल करने में सफल रही। प्रधानाचार्या अनीता यादव ने विजेता टीम को उपहार भेंट किए और कहा कि खेल जीवन का महत्वपूर्ण अंग हैं। हमें नियमों का पालन करते हुए पर्यावरण का भी ध्यान रखना चाहिए। इस मौके पर विद्यालय समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### गर्भवती महिलाओं को शिविर लगाकर योग क्रियाओं से अवगत करवाया

**राई।** कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए निर्दोष नागरिकों की याद में भाजपा नेता राई व पूर्व चेयरमैन कुलदीप नांगल के नेतृत्व में एक श्रद्धांजलि सभा व मोमबत्ती मार्च का आयोजन किया गया। सोनीपत अनाज मंडी में आयोजित सभा में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया और शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए।
शाम के समय मोमबत्तियों की टिमटिमाती रोशनी में शोकमय माहौल के बीच लोगों ने मौन धारण कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के दौरान कुलदीप नांगल ने शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और आतंकवाद की कड़ी निंदा की। पूर्व चेयरमैन कुलदीप नांगल ने कहा कि देश विरोधी सोच रखने वालों को सख्त सजा मिलनी चाहिए। इस मौके पर अशोक,अमर, कर्ण,जसमेर, सुरजभान, राजेश, सतीश, सुरेन्द्र, अकुश त्यागी, विशाल, अंकित, अंकित, विशाल, धीरज, लाल सिंह, रामु आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# 'किसी भी तरह की ऐसी घटना ना हो जिससे जिले का नाम शर्मसार हो'

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**उपायुक्त डॉक्टर विरेंदर** कुमार दहिया ने कहा है कि पहलगाम में हुए दर्दनाक हादसे के पश्चात जिले में किसी भी तरह की ऐसी घटना ना हो जिससे जिले का नाम शर्मसार हो । जिले में सब कुछ बेहतर है। किसी भी प्रकार की ऐसी सूचना नहीं है जो समाज के लिए घातक हो। पूरा प्रशासन जिले में हर गतिविधि पर बारीकी से निगरानी बरत रहा है। उपायुक्त ने कहा कि ऐसी स्थिति में जिले के हर नागरिक को बारीकी से कार्य अपने जिम्मेदारियों को व संविधान को आगे रखना होगा। उपायुक्त ने कहा कि हमे धैर्य का परिचय देना होगा। घृणास्पद व विरोधाभासी भाषण से अपने आप को दूर रखना होगा। सार्वजनिक स्थानों पर ऐसे संवादों का उपयोग करने से खुद को बचाना होगा व दूसरों को भी प्रेरित करना होगा की वे भी ऐसे संवादों का प्रयोग ना करे जिससे समाज में अराजकता फैलाने की संभावना बढ़े। उपायुक्त ने कहा कि सकारात्मक सोच के साथ एक दूसरे के साथ काम ले और न्याय संगत होकर सूचना के माध्यमों का जैसे की ट्विटर, व्हाट्सएप, इंस्ट्राग्राम, टेलीग्राम व फेसबुक पर वही सामग्री अपलोड करें जो समाज में भाई चारे को बढ़ावा देती हो। जो सामग्री भाई चारे को नुकसान पहुंचाती हो उससे ज्यादा से ज्यादा दूरी बनाये। उपायुक्त ने कहा कि हमारे द्वारा की गई पोस्ट या पेस्ट की घृणास्पद सामग्री, भाषण, परिभाषित गतिविधि बन सकता है। जो लोग इसे प्रचारित करते हैं वे अच्छी तरह जानते हैं की यह उनके इरादे का हिस्सा है। वेजो कार्य करना चाहते हैं वह उनके घृणा के लक्ष्यों का हिस्सा है। उपायुक्त ने बताया कि घृणास्पद भाषण और विस्फोटक सामग्री के हानिकारक प्रभाव वास्तविकता को नकारात्मक रूप से बदल देती है जिससे ऐसे घृणास्पद भाषण के शिकार लोगों के लिए समाज में समान रूप से, सम्मान के साथ

# शिक्षा मंत्री ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का किया अनावरण

**विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही हैं केंद्र व प्रदेश सरकारें- महीपाल ढांडा**

**आत्मनिर्भर**

▶▶ भारत को विश्व धरोहर, आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प के साथ सरकार कार्य कर रही हैं



**टीम एक्शन इंडिया**

**राई। हरियाणा के शिक्षा** मंत्री महीपाल ढांडा ने शनिवार को एजुकेशन सिटी राई स्थित डॉ. बी.आर. अंबेडकर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का अनावरण किया। मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की। छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि भारत को विश्व धरोहर, आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प के साथ केंद्र सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तथा हरियाणा सरकार मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में निरंतर कार्य कर रही हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे इस संकल्प में सहभागी बनें और देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं। शिक्षा मंत्री ने कहा कि उन्हें विश्वविद्यालय के छात्रों में राष्ट्र निर्माण की दिशा में सकारात्मक ऊर्जा और समर्पण दिखता है। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे पंचायती न्याय प्रणाली की निष्पक्षता से सीख लें और ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर कानूनी जागरूकता अभियान चलाएं।
विशिष्ट अतिथि और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि युवा ही देश की तकदीर लिखते हैं। उन्होंने छात्रों से नशे से दूर रहकर विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। कुलपति प्रो. अशोक कुमार ने कहा कि किसी भी राष्ट्र के विकास में सरल, सुलभ और शीघ्र न्याय की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने बताया कि अतीत में पंचायत प्रणाली ने इस दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया। कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री ने विभिन्न सत्रों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर छात्रों ने हरियाणवी संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं तथा पंचायती न्याय प्रणाली पर आधारित एक नाटक भी प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रो. आशुतोष मिश्रा, पूजा जेसवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक भारद्वाज, भाजपा जिला महामंत्री निशांत छिक्कर, राकेश, नवीन, विकास दहिया, विश्वविद्यालय का स्टाफ,छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# हकेवि में ऑन प्लेसमेंट ड्राइव का किया गया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। गांव जाट पाली स्थित** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि) के बीवॉक रिटेल एंड लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट विभाग के तृतीय वर्ष में अध्यनरत विद्यार्थियों के लिए ऑन कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया। इस कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में एनईसीसी ग्रुप की प्रतिष्ठित कंपनी एसजी ग्रीन लॉजिस्टिक्स के अधिकारियों ने विश्वविद्यालय का दौरा किया। इस ड्राइव के अंतर्गत 34 विद्यार्थी सम्मिलित हुए। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने अपने संदेश में देश की विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों का प्लेसमेंट के लिए विश्वविद्यालय में आना शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की मेहनत का परिणाम बताया। यह प्लेसमेंट ड्राइव राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन की दिशा में सार्थक प्रयास है। विश्वविद्यालय के समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा ने प्लेसमेंट के लिए विश्वविद्यालय में आए एसजी ग्रीन लॉजिस्टिक्स के अधिकारियों से मुलाकात की और उन्हें विश्वास दिलाया कि विश्वविद्यालय से उन्हें योग्य विद्यार्थी उपलब्ध होंगे।



## बेगा में अंबेडकर जयंती पखवाड़े पर कार्यक्रम आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। बेगा गांव** में शनिवार को बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर जयंती पखवाड़े के तहत एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं सोनीपत लोकसभा के मन की बात कार्यक्रम के संयोजक आजाद सिंह नेहरा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने सर्वसमाज को ध्यान में रखते हुए ऐसा संविधान तैयार किया, जिसने देश को मजबूती दी और सबको समान अधिकार दिलाए। कार्यक्रम की अध्यक्षता गांव के सरपंच सुरेंद्र शर्मा ने की। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष श्रवण कौशिक, ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित सैनी, पूर्व सरपंच राजेंद्र सिंह, मंडल उपाध्यक्ष राजकुमार जांगड़ा, सुनील बेगा, रामकुमार, नरेंद्र सिंह, चांद मोहम्मद, सुखबीर प्रजापति सहित अन्य मौजूद रहे।

## क्लस्टर प्रभारी संगीता ने रा. मा. विद्यालय दुनिया माजरा के विद्यालय का किया औचक निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : राजकीय वरिष्ठ** माध्यमिक विद्यालय ठस्का मीराजी की प्रधानाचार्य और क्लस्टर प्रभारी श्रीमती संगीता ने राजकीय माध्यमिक विद्यालय दुनिया माजरा के विद्यालय में औचक निरीक्षण किया और विद्यालय के कार्य प्रणाली को दिखा ।उन्होंने विद्यालय की सुंदरता और स्टाफ द्वारा की गई मेहनत के भूरी भूरी प्रशंसा की। उन्होंने विद्यालय के पुस्तकालय उनके रखरखाव और सभी कक्षाओं में जाकर बच्चों से उनके पढ़ाई से संबंधित जानकारी ली, जिसका बच्चों ने बड़ी तत्परता से उत्तर दिए। उन्होंने प्राथमिक कक्षाओं के एफ एन एल कक्षाओं के बच्चों के स्तर को भी जांचा और सभी बच्चों का स्तर ठीक पाया गया ।उन्होंने कहा कि पेहवा खंड का यह विद्यालय अपनी सुंदरता और शैक्षणिक माहौल के लिए जाना जाता है।इस अवसर पर मुख्याध्यापक जसबीर सैनी, मुख्याध्यापक सुरेंदर सिंह,अश्वनी कुमार, ए बी आर सी पूजा,जसमहेंद्र,संदीप , विक्रम सिंह,सविता सैनी,अमरजीत सिंह आदि उपस्थित रहे।



## संपादकीय

# अब तो आतंक पर हो आर-पार

पहलगाम में आतंकियों ने जिस बर्बरता से हिन्दू पर्यटकों को निशाना बनाकर उनकी हत्या की है, वह कई बड़े सवाल खड़े करता है। सबसे पहला सवाल तो यही है कि क्या वास्तव में भारत में हिन्दू होना अपराध है, अगर नहीं तो पाकिस्तानी आतंकियों ने उन्हें केवल हिन्दू होने की सजा क्यों दी। वैसे भी पाकिस्तान हमेशा से हिन्दुओं के बारे जहर उगलता रहा है। हाल ही में पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर ने हिन्दुओं के विरोध में जिस प्रकार की भाषा का प्रयोग किया, उससे ऐसा लगता है कि पाकिस्तान कभी सुधर नहीं सकता। उसे उसी की भाषा में समझाने की आवश्यकता है। आतंक के मुद्दे पर अब आर-पार करने का समय आ गया है। भारत में हर आतंकी घटना के बाद प्रायः यह सुनाई देता है कि आतंकवाद का कोई धर्म या संप्रदाय नहीं होता। यह निश्चित रूप से इस्लामिक आतंकवाद को सही ठहराने का कार्य करते हैं। यह उस स्थिति में सही माना जा सकता था, जब आतंकी बिना धर्म पूछे गोली चलाते लेकिन पहलगाम में तो केवल हिन्दुओं को ही गोली मारी गई। जो संगठन या व्यक्ति हमेशा यह कहते रहे हैं कि आतंकियों का कोई धर्म नहीं होता, पहलगाम में हुई आतंकी घटना से उनकी आँखों से परदा हट जाना चाहिए। घटना में केवल हिन्दू पर्यटकों को धर्म पूछकर गोली मारी गई। पाकिस्तान द्वारा की गई इस आतंकी घटना के बाद स्पष्ट हो गया है कि पाकिस्तान अपनी हरकतों से तब तक बाज नहीं आएगा, जब तक उसे जैसे को तैसा जवाब नहीं दिया जाएगा। अब पाकिस्तान के विरोध में कठोर कदम उठाने का समय आ गया है। क्योंकि बार-बार मुंह की खाने के बाद पाकिस्तान, कश्मीर में अशांति फैलाने का कायरता पूर्ण कार्य करता है। यह सारा खेल पाकिस्तान में आश्रय लेने वाले आतंकी आकाओं के इशारे पर किया गया है। सबसे बड़ी बात यह है कि पाकिस्तान के इशारे पर आतंकवादियों को कश्मीर में आश्रय कौन देता है, यह जांच का विषय है। कोई भी विदेशी आतंकी तब तक अपने कार्य में सफल नहीं हो सकता, जब तक उसे स्थानीय स्तर पर सहयोग न मिले। इसलिए ऐसी आतंकी घटनाओं को रोकने के लिए स्थानीय आतंकी तत्वों की पहचान भी जरुरी है। अभी कुछ दिन पूर्व पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर ने भारत और हिन्दुओं के विरोध में जहर उगला, उससे साफ हो गया कि वे अपनी सेना और आतंकियों को भारत के विरुद्ध भड़का रहे हैं। हो सकता है यह आतंकी घटना उसी का परिणाम हो। हालांकि सेना प्रमुख के जहरीले बयान के बाद उनके ही देश पाकिस्तान के उन नागरिकों की ओर से कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की गई थी, जो पाकिस्तान के वर्तमान हालातों में समस्याओं का सामना कर रहे हैं।

इसके बाद भी आतंकी सरगनाओं के इशारों पर आतंक फैलाने वालों के लिए यह बयान एक प्रकार से हौसला बढ़ाने वाला ही रहा। जहां एक ओर पूरी दुनिया आतंक की समाप्ति के कदम का समर्थन कर रही है, वहीं पाकिस्तान इसे रोकने के बजाय बढ़ाने में लगा है। अमेरिका भी पाकिस्तान को कई बार आतंक पर लगाम लगाने की चेतावनी दे चुका है, लेकिन ऐसा लगता है कि पाकिस्तान सरकार का आतंकी आकाओं पर किसी प्रकार का नियंत्रण नहीं बचा, इसके विपरीत कभी-कभी ऐसा लगता है कि आतंकियों के नियंत्रण में पाकिस्तान की सरकार कार्य कर रही है।

# हिन्दू नरसंहार और पाक का समर्थन करने का घृणित मुस्लिम प्रसंग

आचार्य श्रीहरि

> "पाकिस्तान परस्ती दिखाने वाले मुस्लिम कभी भी देश के नागरिक नहीं हो सकते हैं, हिन्दू नरसंहार का पक्ष लेने वाले और नरभक्षी आतंकियों को इस्लाम का झंडाबदार मानने वाले लोग हिंसक हैं और देशद्रोही है। संविधान में अधिकार है तो फिर कर्तव्य भी है। भारत में रहने और भारत की नागकिता के अधिकार का उपभोग आप करते हैं तो फिर भारत की सुप्रभुत्ता के प्रति आपका कर्तव्य है। ऐसी श्रेणी के मुसलमान भारतीय संविधान के कर्तव्य उल्लंघन के दोषी हैं। अब भारत सरकार को कुछ न कुछ कठोर कदम उठाना ही होगा।"

**पहलगाम** हिन्दू नरसंहार और पाकिस्तान का समर्थन करने वाले मुस्लिम वर्ग की खौफनाक, विभत्स और घृणित मानसिकता का कुछ उदाहरण और उनकी भाषा के कुछ उदाहरण यहां उपस्थित किया जा रहा है। कोई एक-दो प्रदेश से नहीं बल्कि पूरे भारत भर में मुस्लिमों ने सोशल मीडिया पर अस्वीकार, घृणित और नागरिकता विरोधी पोस्ट किये हैं। पहलगाम में हिन्दुओं के नरसंहार का समर्थन किया है और हिन्दुओं के नरसंहर के लिए पाकिस्तान को धन्यवाद दिया था। इनकी हिन्दू नरसंहार का समर्थन करने वाली भाषा कितनी जहरीली है यह भी देख लीजिये। ऐसे मुस्लिमों के वर्ग का कहना था कि ये आतंकी नहीं हैं बल्कि इस्लाम के संरक्षक हैं, वीर हैं, इस्लाम के फरमान को लागू करने का काम किया है, इस्लाम कहता है कि काफिरों को जिंदा रहने का अधिकार नहीं है, कुरान में ऐसा स्पष्ट लिखा हुआ है, नाम पूछ-पूछ कर और कपडे खोलवा-खोलवा कर पहचान कर मारना भी जायज है, अगर ऐसा नहीं करते तो फिर किसी मुस्लिम पर्यटक की भी हत्या हो सकती थी, पर्यटक गाइड की भी हत्या हो सकती थी, घोडे वाले मुस्लिमों की भी हत्या हो सकती थी, इसलिए हिन्दुओं की पहचान लेना, उनके लिए जरूरी था, भारत को इस्लामिक देश बनाना है, भारत में शरियत कानून लागू करना है, ऐसा तब होगा जब हिन्दुओं का नरसंहार इसी तरह से होता रहेगा। सिर्फ इतना ही नहीं बल्कि पाकिस्तान परस्ती भी दिखायी। पाकिस्तान परस्ती में यह कहा गया कि हमें पाकिस्तान पर गर्व है, पाकिस्तान इस्लाम को झंडाबदार है, पाकिस्तान ने इस्लाम और कुरान के संदेशों को लागू करने के लिए सर्वश्रेष्ठ उदाहरण उपस्थित किया है, कश्मीर की आजादी के लिए उसने बहुत कुछ किया है, पहलगाम में हिन्दुओं का नरसंहार कराना यह न तो अंतिम प्रयास है और न ही अकेला प्रयास है, पाकिस्तान आगे भी ऐसा प्रयास करता रहेगा और हिन्दुओ के नरसंहार को अंजाम देता रहेगा, भारतीय मुसलमानों को पाकिस्तान का समर्थन करना चाहिए, तभी हम भारत में इस्लामिक शासन लागू करने में सफल होंगे। ऐसे कुछ मामलों में सरकारों की सक्रियताएं देखने को तो मिली हैं पर अधिकतर मामलों को दबा दिया गया, क्यों दबाया गया? इस पर मंथन करेंगे तो



फिर वही निष्कर्ष सामने आयेगा, यानी की वोट की राजनीति और मुस्लिम तुष्टिकरण। अगर ऐसे मामलों पर राज्य सरकारें अति सक्रियताएं दिखाती तो फिर उनका समर्थक वर्ग मुस्लिम नाराज हो जाता। यह भी अवधारणा टूट गयी कि अनजाने में और मूर्खता में ऐसी टिप्पणियां हुई थी। ऐसी टिप्पणियां करने वाले लोग अनपढ और मानसिक तौर पर विक्षिप्त थे, इसीलिए ऐसी घृणित टिप्पणियों को अंजाम देने का काम किया गया है। यह तर्क सिर्फ और सिर्फ झूठा होता है, देशद्रोह की करतूत को छिपाने का एक हथकंडा मात्र होता है। क्योंकि सोशल मीडिया पर सक्रिय लोग किसी भी स्थिति में अनपढ नहीं होते हैं, किसी भी स्थिति में मूर्ख नहीं होते हैं। सोशल मीडिया पर सक्रिय लोग पढे-लिखे होते हैं, अपने को अति विद्वान और बुद्धिजीवी भी मानते हैं। विषय के विशेषज्ञ भी मानते हैं। इसलिए यह कहना कि अनजाने में ऐसी भूल हुई है वह अस्वीकार ही होना चाहिए। यह भी रेखांकित करता है कि ऐसी श्रेणी के लोग किसी भी स्थिति में सभ्य नागरिक नहीं हो सकते हैं, शांति के सहचर नहीं हो सकते हैं, भाईचारे के पक्षधर नहीं हो सकते हैं, अपनी ऐसी करतूतों से अपने ही देश का संहार करने और अपने ही देश को गृहयुद्ध में ढकलने का काम कर रहे हैं।
ऐसी करतूतों में कैसे-कैसे मुस्लिम लोग शामिल हैं, यह भी देख लीजिये। ऐसी करतूतों में मुस्लिम विधायक भी शामिल हैं। असम के मुस्लिम विधायक अमीनूल इस्लाम ने सीधे तौर पर पाकिस्तान को धन्यवाद दिया और कह दिया कि पाकिस्तान पर हमें गर्व है, हिन्दुओं का नरसंहार अनिवार्य है, इस्लाम इसका समर्थन करता है। सिर्फ इतना ही नहीं बल्कि उसने इस्लामिक शरिया के प्रति भी समर्थन जाहिर कर दिया। अमीनूल इस्लाम वह व्यक्ति है जो पाकिस्तानी और बांग्लादेशी मुसलमानो को असम में बसाने और सरकारी भूमि पर कब्जा करने के लिए अवसर उपलब्ध कराता है, उन्हें हथियार देता है और भारत की नागरिकता के सभी कागजातों को उपलब्ध कराने का प्रयास करता हे। असम आज पाकिस्तानी और बांग्लादेशी मुसलमानो की अवैध घुसपैठ का शिकार है। सरकारी जमीनों और पहाडों पर अवैध पाकिस्तानी-बांग्लादेशी मुसलमानों का कब्जा है। धन्यवाद हमें असम के मुख्यमंत्री हेमंता विश्वा शर्मा को देना चाहिए जिसने वीरता दिखायी और यह नहीं सोचा कि ऐसे तत्वों पर हाथ डालने से मुस्लिम वर्ग नाराज हो जायेगा। शर्मा ने तुरंत अमीनुल इस्लाम को गिरफतार कराया। सिर्फ इतना ही नहीं बल्कि असम पुलिस को उसने ऐसे देशद्रोहियो को खोजने और उन्हें देशद्रोही की करतूत का गुनहगार बनाने का आदेश दे दिया। असम पुलिस ने अभियान चलाया और सोशल मीडिया की निगरानी करने काम किया। असम पुलिस ने फिर छह लोगों को गिरफ्तार किया जिसने सोशल मीडिया पर पहलगाम का समर्थन किया था और हिन्दु नरसंहार पर खुशियां जतायी थी। अधिकतर लोग असम पुलिस की सक्रियता के बाद अपनी ऐसी घृणित और देशद्रोही करततों को सोशल मीडिया से हटा दिया था। इस कारण अन्य लोग असम पुलिस के हत्थे चढने से बच गये। झारखंड में भी एक मुस्लिम युवका की गिरफ्तारी हुई है। मध्य प्रदेश और छतीसगढ में गिरफ्तारियां हुई हैं। पर कई राज्यों ने सक्रियता नहीं दिखायी। इस कारण देशद्रोह का अंजाम देने वाले मुस्लिमों की गिरफ्तारियां नहीं हो सकी।

पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे सरेआम लगते हैं। राहुल गांधी की भारत जोडो यात्रा के दौरान भी पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगे थे। पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने वालों को कोई सबककारी संदेश नहीं मिलता है। इस पर उदासीनता पसारी जाती है, इसे ढका-पोता जाता है, जांच में हीलाहवाली होती है। पुलिस पर भारी दबाव होता है। दबाव के बावजूद पुलिस अगर ऐसे लोगों को गिरफ्तार करती हे तो फिर कोर्ट इन्हें हलके में छोड देती है, इनकी जमानत जल्द मिल जाती है। सबसे बडी बात यह है कि पाकिस्तान जिंदाबाद और आतंकी गतिविधियों में शामिल मुस्लिमों को महंगे वकील कहा से मिलते हैं, उन्हें और उनके परिजनों को आर्थिक मदद करने वाले कौन लोग हैं। सही तो यह है कि ऐसे लोगों की मददगार और कोई नहीं बल्कि मुस्लिम वर्ग के धनाढ्य लोग ही होते हैं। हमारी सरकार की व्यवस्थाएं ऐसी श्रेणी के लोगों पर निगरानी का काम ही नहीं करती है। अगर किसी आतंकी और देशद्रोही को कपिल सिब्बल जैसा महंगा वकील मिल गया तो उसके पीछे का सच उजागर होना चाहिए, मुकदमें लडने के लिए कपिल सिब्बल को तेयार करने के लिए पैसा कहां से आया? पाकिस्तान परस्त और आतंकी महंगे वकील रखकर कानून को भी अपना रखैल बना लेते हैं। पाकिस्तान परस्ती दिखाने वाले मुस्लिम कभी भी देश के नागरिक नहीं हो सकते हैं, हिन्दू नरसंहार का पक्ष लेने वाले और नरभक्षी आतंकियों को इस्लाम का झंडाबदार मानने वाले लोग हिंसक हैं और देशद्रोही है। संविधान में अधिकार है तो फिर कर्तव्य भी है। भारत में रहने और भारत की नागकिता के अधिकार का उपभोग आप करते हैं तो फिर भारत की सुप्रभुत्ता के प्रति आपका कर्तव्य है। ऐसी श्रेणी के मुसलमान भारतीय संविधान के कर्तव्य उल्लंघन के दोषी हैं। अब भारत सरकार को कुछ न कुछ कठोर कदम उठाना ही होगा।

## कविता

### दिलों में मासूम बच्चा जिंदा रखिए

अपनी संवेदनाओं को जिंदा रखिए, '
मन की भावनाओं को जिंदा रखिए।

संबंधों की गुप्त ऊष्मा बनाये रखिए,
अहसासों के दर्द को जिंदा रखिए,

चुप्पी दफ़्न करती कोमल रिश्तों को,
लफ्जों की ममता को जिंदा रखिए।

घरों में बटवारे की खिची हैं तलवारे,
दिल की मोहब्बतों को जिंदा रखिये,

लालच ने लगाई सगे रिश्तों में संेध,
बचपन की शरारतों को जिंदा
रखिए,

दुष्कर हो जब का सफर जिंदगी का
साथ मां की दुआओं को जिंदा रखिए.

गुरुर की क्या जरूरत है जिंदगी में ,
दिलों में मासूम बच्चा जिंदा रखिए'

संजीव

## यदि दुश्मन की कमर तोड़नी है तो....

**डॉ घनश्याम बादल**

**पहलगाम** की बैसरन घाटी में 22अप्रेल को जिस तरह आतंकवादियों ने पर्यटकों की हत्या की वह निसंदेह एक वीभत्स ,निंदनीय एवं क्रूर कृत्य था । वैसे ऐसा पहली बार नहीं हुआ है । आतंकवाद का जब-जब और जहां-जहां बस चला है उसने ऐसे नृशंस हत्याकांड किए हैं । उसने न साधन संपन्न अमेरिका को बख्शा न ही सीरिया, अफगानिस्तान, इराक, ईरान, रूस या भारत जैसे देशों पर दया दिखाई। 26 नवंबर 2011 को मुंबई में ऐसा ही हमला हुआ था उसके बाद पुलवामा उड़ी जैसी जगहों पर समय-समय पर हमले व हत्याकांड होते रहे और हर बार हम आतंकवादियों और उनके सर परस्तों को नेस्तानाबूद करने के बयान देते रहे मगर ऐसा हो नहीं पाया । अब एक बार फिर से आतंकवाद और उसे प्रश्रय दे रहे पड़ोसी देश पाकिस्तान के खिलाफ आक्रोश उभर कर सामने आया है । हमले के बाद कुछ कूटनीतिक निर्णय भी लिए गए हैं जिनमें सिंधु का जल रोकना, पाकिस्तान के दूतावास के सदस्यों की संख्या कम करना, पाकिस्तानियों के यू एन वीजा के माध्यम से भारत आने पर रोक लगाना एवं देश में आए हुए सभी पाकिस्तानियों को एक में से पहले देश छोड़ने का आदेश देना । उधर पाकिस्तान ने भी लगभग ऐसे ही निर्णय लेकर इनका जवाब दिया है। इन निर्णयों का कितना असर पड़ता है यह समय के गर्भ में है और इस पर आलोचना प्रत्यालोचना का भी दौर चल रहा है । यदि शत्रु की सचमुच कमर तोड़नी हो तो कुछ सिद्धांत बहुत पहले से मौजूद हैं और कुछ उनमें जोड़े गए हैं यदि भारत सचमुच में आतंकवाद एवं अपने शत्रुओं की कमर तोड़ना चाहता है तो इन बिंदुओं पर काम करने से काफी हद तक सफलता मिल सकती है। चलिए, एक नजर डालते हैं ऐसे ही कुछ बिंदुओं पर। जिस शत्रु की कमर तोड़नी हो उसके आय के स्त्रोत बंद कर दो, उसके अपनों को उससे अलग कर दो, उसका हुक्का पानी, बंद कर दो यानी उसे इतना अकेला कर दो कि वह कहीं का ना रहे। शत्रु को यदि जड़ से समाप्त करना हो तो आमने-सामने का युद्ध उतना कामयाब नहीं होता । उसके घर में चुपचाप घुसकर वहां के जयचंदों से मिल जाओ उसके अपनों को उसके विरुद्ध भड़का दो और उसके रहस्य जानकर उसके ऊपर अंतिम प्रहार करने से पहले उसे इतना बेजान कर दो कि वह अपने पैरों पर खड़ा ही न हो पाए। यदि शत्रु को पूरी तरह काबू करना हो तो उसके लिए काम करने वाले वफादार लोगों की कमजोरी पता करो उसके आधार पर उन्हें काबू करो और उनका इस कदर ब्रेन वॉश करो कि उन्हें यह लगने लगे कि वे जिसके साथ खड़े हैं वह उनका दुश्मन है और उनका केवल उपयोग कर रहा है। यदि शत्रु को समूल नष्ट करना हो तो उनके घर / देश की स्त्रियों को उनके कुकृत्यों ,अवैध संबंधों, नाजायज औलादों के बारे में बताओ। उन्हें बार-बार उनके अधिकारों की याद दिलाते हुए एहसास कराओ कि उनका शोषण किया जा रहा है उन्हें इतना उकसाओ कि वे जिनके साथ रह रही हैं उन्हीं के खाने और जीवन में इतना जहर घोल दें कि वे जिंदा रहकर भी मुर्दे के बराबर हो जाएं।

## विचार

# पशु सेवा, जनसेवा से कम नहीं"

**डॉ सत्यवान सौरभ**

**हर वर्ष** अप्रैल के अंतिम शनिवार को विश्व पशु चिकित्सा दिवस मनाया जाता है, जो न केवल पशु चिकित्सकों के कार्य को सराहने का अवसर होता है, बल्कि यह पशु स्वास्थ्य, मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण के आपसी संबंधों पर भी प्रकाश डालता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि स्वस्थ पशु न केवल पशुपालकों की आजीविका का आधार हैं, बल्कि वैश्विक खाद्य सुरक्षा, जनस्वास्थ्य और जैव विविधता के भी रक्षक हैं।

**पशु चिकित्सकों की भूमिकाः जीवन रक्षा के मूक नायक**

पशु चिकित्सक सिर्फ पशुओं का इलाज नहीं करते, वे पूरे पशुपालन तंत्र के संरक्षक होते हैं। गांव के किसान से लेकर बड़े डेयरी उद्योगों तक, सभी की रीढ़ की हड्डी यही विशेषज्ञ होते हैं। ये न केवल बीमारियों का इलाज करते हैं बल्कि उन्हें रोकने, टीकाकरण अभियान चलाने, और महामारी से लड़ने में अग्रणी भूमिका निभाते हैं। कोरोना महामारी के दौरान जब मानव स्वास्थ्य पर संकट गहराया, तब भी पशु चिकित्सकों ने अपने कर्तव्य से मुँह नहीं मोड़ा। पशुओं के टीकाकरण, पशुपालन सेवाओं और आपातकालीन सर्जरी जैसे काम लगातार जारी रहे। इनका योगदान 'वन हेल्थ' दृष्टिकोण की अहमियत को साबित करता है—जहाँ मानव, पशु और पर्यावरण के स्वास्थ्य को एक समग्र दृष्टि से देखा जाता है।

**ग्रामीण भारत में पशु चिकित्सा सेवाएँ: उपेक्षा का शिकार**

भारत की बड़ी आबादी आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है, जहाँ पशुपालन सिर्फ व्यवसाय नहीं, बल्कि जीवन का एक हिस्सा है। परंतु यही ग्रामीण भारत पशु चिकित्सा सेवाओं की बदहाली का सबसे बड़ा उदाहरण भी है। सीमित संसाधन, अपर्याप्त स्टाफ, खराब ढांचागत सुविधाएँ और फील्ड में काम करने वाले कर्मचारियों की उपेक्षा झ ये सभी मिलकर पशुओं के इलाज को एक संघर्ष बना देते हैं। जैसे कर्मचारी वर्षों से सेवा शर्तों में सुधार और प्रोफेशनल मान्यता के लिए आंदोलन कर रहे हैं। हरियाणा में 1000 से अधिक दिन तक चला श्छऊअ का आंदोलन इस उपेक्षा की गंभीरता को उजागर करता है।

**पशु चिकित्सा और महिला सशक्तिकरण**

इस पेशे में महिलाओं की भागीदारी भी बढ़ रही है, खासकर पशु सहायिकाओं और पारा-वैटरनरी स्टाफ के रूप में। कई ग्रामीण महिलाएं आज पशु स्वास्थ्य सेवाओं का हिस्सा बन रही हैं, जो न केवल आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं, बल्कि अपने समुदाय में बदलाव की वाहक भी बन रही हैं। यह एक सकारात्मक संकेत है, जिसे नीति स्तर पर और प्रोत्साहित करने की जरूरत है। **चुनौतियाँः डॉक्टर बनाम डॉग केयरर की छवि**

अक्सर देखा गया है कि पशु चिकित्सकों को समाज में वह सम्मान नहीं मिल पाता जो मानव चिकित्सकों को मिलता है। उनकी पहचान एक सीमित "डॉग केयरर" या "गाय का डॉक्टर" तक सिमट जाती है, जबकि वे महामारी विशेषज्ञ, सर्जन, टीका नियोजक और शोधकर्ता की भूमिका निभाते हैं। इस समस्या का समाधान सिर्फ वेतन और पदोन्नति में नहीं, बल्कि समाज की सोच में बदलाव में छिपा है।

**पशु चिकित्सा में तकनीक का प्रवेशः भविष्य की दिशा**

आज डिजिटल इंडिया की लहर पशु चिकित्सा में भी प्रवेश कर रही है। मोबाइल ऐप्स के जरिए पशु स्वास्थ्य रिकॉर्ड, ई-डायग्नोसिस, ऑनलाइन परामर्श जैसी सुविधाएँ शुरू हो रही हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ड्रोन तकनीक भी पशु गणना, निगरानी और आपातकालीन सहायता में सहायक बन रही है। यह बदलाव ग्रामीण स्तर तक पहुँचे, इसके लिए सरकार और निजी क्षेत्र को मिलकर काम करना होगा।

**नीति निर्माण और पशु चिकित्सा**

सरकारी नीतियों में पशु स्वास्थ्य को अब भी प्राथमिकता नहीं मिल पाती। बजट का एक सीमित हिस्सा ही पशुपालन और वैटरनरी सेवाओं के लिए निर्धारित होता है, जबकि यह क्षेत्र लाखों लोगों की आजीविका से जुड़ा है। पशु चिकित्सकों की संख्या, ट्रेनिंग, और इन्फ्रास्ट्रक्चर में निवेश बढ़ाना जरूरी है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# पंजाब में कुत्तों के आतंक से जनता परेशान

**सुभाष आनंद**

**पंजाब** में आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ रही है जो जनता की परेशानी का सबसे बड़ा कारण बन रही है। रोजाना आवारा कुत्ते लोगों को काट रहे हैं । प्रदेश भर में रोज गली-गली मोहल्ले-मोहल्ले में घूम रहे कुत्तों के झुंड रोजाना लोगों को काट रहे हैं, इसी के कारण खासकर छोटे बच्चों में ही नहीं बड़ों में भी कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है।
सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अस्पतालों में रोज रेबीज टीका लगवाने के लिए लोग पहुंच रहे हैं। शहरों के अतिरिक्त गांवों में भी कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है । फिरोजपुर के सीनियर मेडिकल अफसर का कहना है कि हमारे पास आवारा कुत्तों के काटने के इलाज के लिए रेबीज इंजेक्शन भारी मात्रा में हैं ,लेकिन पिछले 5 वर्ष से कुत्तों की नसबंदी नहीं की गई ,जिसके कारण कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 2025 के पहले तीन महीनों में अकेले फिरोजपुर में ही 85 लोगों को कुत्तों ने काटा है। उधर नगर पालिका ने पिछले दो दशक से कुत्तों को पकड? का कोई अभियान नहीं चलाया, ना ही कुत्तों के लिए शेल्टर हाउस बनाए गए हैं। प्रतिदिन कहीं ना कहीं कुत्तों का हमला होता है । लोगों के पास हमलावर कुत्तों से निपटने के लिए कोई आसान रास्ता दिखाई नहीं देता। कुत्तों के नियंत्रण के लिए प्रभावी प्रणाली नहीं होने से कुत्तों के काटने का खतरा लगातार बढ़ रहा है। पशु विशेषज्ञों का कहना है कि दिसम्बर से अप्रैल तक जगह जगह गली मोहल्ले में छोटे-छोटे कुत्ते के बच्चे देखने को मिलते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है की सबसे ज्यादा मौतें कुत्तों के काटने के कारण भारत में होती है। यह खतरा कम होने की बजाय लगातार बढ़ता जा रहा है। कुत्तों के बढ़ते कहर की चुनौतियों पर गहरी नजर रखने वाली संस्थाओं का कहना है कि यदि यह समस्या इसी ढंग से बढ़ती गई तो नजदीक भविष्य में कुत्तों और इंसानों के बीच संघर्ष बढने का भी खतरा पैदा हो सकता है।
यदि कुत्ता प्यार से भी चाटता है तो भी सावधान रहिए, यदि पालतू कुत्ते में रेबीज का इंफेक्शन है तो शरीर में भी रेबीज के वायरस आने की संभावना बनी रहती है। कुत्ते के काटने के बाद स्किन पर उसके दांतों के निशान दिखे तो सावधानी बरतना जरूरी है।

## शहर के सपनों का सच

**डॉ. सुरेश कुमार**

पिछली बार जब चौराहे की लाल बत्ती पर रुका था, तभी देखा था—बूढ़ा बिल्ला एक तरफ कोने में, एक पुराने थैले में अपनी संपत्ति ढोता, निराश सा बैठा था। उसकी आंखें ऐसी थीं मानो जैसे किसी चलचित्र में स्टॉप मोशन हो। लोग आते-जाते उसे देखते और बेपरवाही से आगे बढ़ जाते। मानो उसका होना, न होना एक जैसा हो। मन में एक सवाल उठा—क्या उसका यह शहर भी उतना ही अपनों जैसा है जितना वह खुद अपने लिए सोचता था? पड़ोस की 'चाय की टपरी' पर चर्चा गर्म थी। सरकार के नए मेट्रो प्रोजेक्ट के उद्घाटन का शोर था। सभी उत्साहित थे—अब चौराहे पर जाम नहीं लगेगा। लेकिन बूढ़ा बिल्ला इस आवाज के बीच मौन बैठा था। शायद मेट्रो की चमचमाती रेलगाड़ी उसके दुःख की पटरियों पर नहीं चलने वाली थी। चाय वाले भइया ने उसे मुफ्त चाय की प्याली पकड़ाई, जो कि एकमात्र मानवीय क्षण जान पड़ा। समय बदला। बूढ़ा बिल्ला एक दिन दिखा ही नहीं। मेट्रो की नई लाइन बन चुकी थी, और चौराहे का नाम 'डिजिटल चौराहा' हो गया। उसके कोने में अब एक 'फूड ट्रक' खड़ा होता था, जो 'मोमो और पिज्जा' बेचता था। ग्राहक कतार में थे। एक कुत्ता, जो पहले बूढ़े बिल्ले के साथ चुपचाप बैठता था, अब फूड ट्रक के पास बच्चों से प्यार से रोटी मांगता था। शहर ने उसे भी अब समझा लिया था। एक दिन मैंने उस फूड ट्रक वाले से बूढ़े बिल्ले का जिक्र किया। उसने बड़ी ही सहजता से कहा, "अरे भाईसाब, ऐसे लोग आते-जाते रहते हैं। हमारा बिजनेस ही असली सच्चाई है।" मैंने महसूस किया कि यह शहर सपनों का, पर हकीकत का कटु सत्य भी है। बूढ़ा बिल्ला अब किधर है, यह न शहर जानता है न मैं। और शायद, न यह जानने की फुरसत है। नई मेट्रो चल पड़ी है, पर बूढ़े बिल्ले की गाड़ी शायद कहीं पटरी पर ही छूट गई। शहर का चमकता भविष्य, अंधेरे में गुमे एक बूढ़े का मौन सत्य बन चुका था। यह कहानी किसी बूढ़े बिल्ले की नहीं, बल्कि हर उस सपने की है, जो शहर की चकाचौंध में खो जाता है। चाय की टपरी अब 'क्लाउड कैफे' में बदल गई है, पर बूढ़े बिल्ले जैसे लोग अपनी गुमनामी में कहीं बदल नहीं पाए।

## न्यूज फ्लैश

### जल ही जीवन है: प्रवीण जैन

**पानीपत, ( कमाल हुसैन)**


**समाज सेवा संगठन की ओर** आज 26 अप्रैल शनिवार को जाटल रोड नहर के पास शनि मंदिर पर वाटर कूलर का सुभारंभ संगठन अध्यक्ष प्रवीन जैन ने किया। जैन ने बताया यहां आस पास में रोड पर पीने के पानी का कोई इंतजाम नही था और जाटल रोड पर हर समय राहगीरों का आना जाना लगा रहता हैं। मंदिर पर भी श्रदालुओं की भीड़ रहती हैं और लेवर इलाका है और आस पास में लेवर किराए पर रहती है जिनके घरों में फ्रीज नहीं होते उनको ठंडा पानी मिलेगा। और रोड पर रेहड़ी रिक्शा वाले व स्कूल के बच्चे वहा से गुजरते हैं व हर वक्त राहगीर वहा से गुजरते रहते हैं उनको भी ठंडा पानी मिलेगा जैन ने बताया एक सप्ताह पहले हमारे पास फोन आया था यहां वाटर कूलर की सख्त जरूरत है। वहां जाकर देखा आस पास में ठंडे पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। उसको देखते हुए आज वाटर कूलर लगाया समाज सेवा संगठन ने ठंडे पानी के लिए वाटर कूलर का अभियान चलाया था। जिसके तहत पानीपत में 37 वाटर कूलर लगाए जा चुके है यहां की जरूरत को देखते हुए वाटर कूलर लगाया ये कूलर संगठन ने ये वाटर कूलर पहले मॉडल टाऊन में लगा रखा था । वहां की सड़क चोडी हुई तो वाटर कूलर वहां से हटा दिया और जो वहां वाटर कूलर की देख रेख करते थे वो बोले ये वाटर कूलर यहां पर जगह नहीं है ये वाटर कूलर कही और शिफ्ट कर दीजिए।

### करनाल के व्यक्ति की अमेरिका में मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के नरूखेड़ी** गांव के एक व्यक्ति की अमेरिका में इलाज के दौरान मौत हो गई। वह दो साल पहले 40 लाख रुपए लगाकर डंकी रूट से अमेरिका गया था। वहां पहुंचकर उसने पहले एक स्टोर पर काम किया। बाद में ट्रक चलाने लगा। अब दो महीने से वह अमेरिका में कैलिफोर्निया के फ्रिस्को शहर में कम्युनिटी रीजनल मेडिकल सेंटर में था, जहां इलाज के दौरान शनिवार को उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान नरूखेड़ी गांव के रहने वाले 35 वर्षीय पंकज नरवाल के रूप में हुई है। मृतक के भाई मोनू ने बताया कि 2 साल पहले डेढ़ एकड़ जमीन बेचकर 40 लाख रुपए लगाकर पंकज अमेरिका गया था। जो पैसे खर्च हुए थे, वह अभी तक वापस नहीं मिल पाए हैं। अमेरिका के अस्पताल में इलाज के दौरान 10 से 15 लाख रुपए और खर्च हो गए। इसके बाद भी पंकज की जान नहीं बच सकी। मृतक के छोटे भाई रंकज ने बताया कि पंकज जब अमेरिका गया तो वहां सबसे पहले उसने 7 से 8 माह स्टोर पर काम किया। बाद में लाइसेंस बनवाने के बाद वह ट्रक चलाने लगा। इस दौरान उसे कभी-कभार पेट में दर्द होता था।

### बदमाशों ने शराब के ठेके पर की लूट

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। निसिंग थाना क्षेत्र** में स्थित शराब की दुकान पर काम करने वाले सेल्समैन से लूट का मामला सामने आया है। हमला रात के समय हुआ। हमलावरों ने सेल्समैन पर पिस्तौल तान दी। जब सेल्समैन ने विरोध किया तो उन्होंने उसके सिर पर बीयर की बोतल मार दी। हमलावर बीयर मांगने के बहाने दुकान में घुसे। हमलावर दुकान से 15 हजार रुपए की नकदी और शराब की बोतलें लूट ले गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कैथल जिले के गांव बाकल निवासी राजबीर नामक युवक ठेके पर काम करता है। राजबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कल रात करीब 10 बजे वह ठेका बंद कर अंदर ही सो गया था। देर रात यानी अल सुबह करीब 3.30 बजे एक व्यक्ति ने दरवाजा खटखटाया और बीयर की पेटी मांगी। राजबीर ने उसे बताया कि पेटी की कीमत 1800 रुपए है। इस पर उस व्यक्ति ने उसे 1500 रुपए दिए और बकाया 300 रुपए देने के बहाने वहीं खड़ा रहा। राजबीर के अनुसार, जैसे ही वह व्यक्ति पैसे देने का नाटक कर रहा था, तभी उसके पीछे से 5-6 और लोग अचानक ठेके के गेट पर पहुंचे। उन्होंने गेट पर लगी फाइबर को तोड़ दिया और कुंडा खोलकर अंदर घुस आए। अंदर घुसते ही उन्होंने पिस्तौल दिखा दी और धमकी दी कि अगर शोर मचाया तो गोली मार देंगे। इससे राजबीर डर गया और चुपचाप खड़ा रहा।

# भाजपा सरकार मे खुलेआम चल रही खर्ची व पर्ची: अशोक अरोड़ा

## बोले, सहकारी समितियों मे नियमों को ताक पर रखकर धडल्ले से बांटी जा रही नौकरियां

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : हरियाणा के पूर्व** मंत्री एवं थानेसर के विधायक अशोक अरोड़ा ने सरकार के बिना पर्ची खर्ची नौकरी देने के दावे की पोल खोलते हुए कहा कि इस सरकार मे पर्ची भी चल रही है खर्ची भी चल रही है। उन्होने सहकारी समितियों का जिक्र करते हुए कहा कि पर्ची और खर्ची के साथ सहकारी समितियों में नियमों को ताक पर रखकर नौकरियों रेवडियों की तरह बांटी जा रही हैं। सरकार को अब बताना चाहिए कि किसकी पर्ची से ये नौकरियां दी गई व किसको ये खर्ची गई है। अशोक अरोड़ा शनिवार को अपने कार्यालय मे पत्रकारों से



रूबरू हो रहे थे।
पूर्व विधानसभा स्पीकर अशोक अरोड़ा ने कहा कि सहकारी समितियां लोगों के पैसे से चलती हैं। लेकिन कुछ लोगों द्वारा अपने लोगों को नौकरियां दी जा रही हैं। बारना सहकारी समिति का जिक्र करते हुए अरोड़ा ने कहा कि बारना सहकारी समिति मे 9 बच्चे लगाए गए हैं जबकि इस सोसाईटी का बोर्ड भी टूटा हुआ है। गांव ज्योतिसर की सहकारी समिति मे 7 बच्चे लगा दिए गए हैं, जिसका ग्रामीण विरोध कर रहे हैं। ज्योतिसर मे बगैर एजेंडा दिखाए व बिना मीटिंग करे सात लोगों को नौकरी दे दी गई हैं जोकि जांच का विषय है। इस बारे मे उनकी एमडी कोपरेटिव सोसाईटी से बात हुई व एआर से बात हुई है।
उन्होने कहा कि उनको अखबारों के माध्यम से इस बारे मे पता चला है। यह बहुत ही आश्चर्यचकित कर देने वाली बात है कि बिना किसी अनुमति के नौकरियां दी जा रही हैं। इस बारे मे उन्होने सहकारिता मंत्री से बात की है, उन्होने स्पष्ट किया है कि सहकारी समितियों में इस प्रकार से नौकरी पर नही रखा जा सकता। इसके लिए बकायदा नियम बनाए गए हैं। लेकिन कुरुक्षेत्र जिला की इन समितियों में तो नियम नाम की कोई बात नजर नही आ रही है।

## कला प्रदर्शनी विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने का मंचः प्रो. अनिता दुआ



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के ललित** कला विभाग में तीन दिवसीय सामूहिक कला प्रदर्शनी ह्यह्यनवप्रस्थानह्यह्य का उद्घाटन करते हुए आईटीटीआर की प्राचार्या प्रो. अनीता दुआ ने कहा कि कला प्रदर्शनी विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने का मंच है। कला केवल रंगों और आकृतियों का माध्यम नहीं है, बल्कि यह एक सोच, एक दृष्टिकोण, और समाज को देखने व बदलने का तरीका है। नवप्रस्थान जैसी प्रदर्शनी, युवा कलाकारों को मंच प्रदान कर उनकी संवेदनाओं को आकार देती है। इस अवसर पर प्रदर्शनी में भाग ले रहे छात्र कलाकारों अदिति वालिया और तनीषा गोयल के कार्यों की सराहना की और उनके विचार भी सुने।
ललित कला विभागाध्यक्ष डॉ. गुरचरण सिंह ने बताया कि छात्रा अदिति वालिया ने अपनी कला के माध्यम से समाज की रूढ़िवादी सोच पर सवाल उठाए। दूसरी ओर, छात्रा तनीषा गोयल ने अपनी कलात्मक दृष्टिकोण को साझा करते हुए कहा मेरी कला मेरी आत्मा की अभिव्यक्ति है।

### विविध जागरूकता का आयोजन किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**राजकीय वरिष्ठ** माध्यमिक विद्यालय धनसौली में ईको क्लब के तत्वावधान में पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में विविध जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य छात्रों के बीच पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और संरक्षण की भावना उत्पन्न करना था। कार्यक्रम की शुरूआत वृक्षारोपण से हुई। छात्रों, शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों ने मिलकर परिसर में अनेक पौधे लगाए। विद्यालय की प्रधानाचार्या मीनू चौधरी ने कहा किपृथ्वी हमारा घर है और इसे सुरक्षित रखना हमारा कर्तव्य है।

## 11 अधिकारियों को नियुक्त किया डयूटी मैजिस्ट्रेट

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : जिलाधीश एवं** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि पहलगाम जम्मू कश्मीर में पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले को लेकर जनता में रोष बना हुआ है। इस विषय को लेकर कुरुक्षेत्र जिले में जगह-जगह रोष प्रदर्शन व कैंडल मार्च निकाले जा रहे है। इस दौरान जिले में कानून व्यवस्था बनाएं रखने के लिए एसडीएम अमन कुमार को डयूटी मैजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। इसके अलावा 11 अन्य अधिकारियों को क्षेत्र अनुसार डयूटी मैजिस्ट्रेट लगाया गया है। जिलाधीश नेहा सिंह ने जारी आदेशों में कहा है कि रोष प्रदर्शन और कैंडल मार्च के दौरान



कुछ शराती व असामाजिक तत्वों द्वारा भीड में शामिल होकर किसी अप्रिय घटना को अंजाम देकर शांति एवं कानून व्यवस्था की स्थिति को प्रभावित करने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। इसलिए पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र के अनुरोध पर बीएनएसएस 2023 की धारा 16(1) व 17 (2) में निहित शक्तियों के अनुसार एसडीएम थानेसर अमन कुमार को ड्यूटी मैजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि बीडीपीओ विकास कुमार को भी डयूटी मैजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। इनके साथ शहर थाना प्रबंधक थानेसर, बीडीपीओ पिहोवा अंकित पुनिया व उनके साथ थाना शहर पिहोवा प्रबंधक, एसडीओ पंचायती राज पिहोवा रणधीर सिंह को डयूटी मैजिस्ट्रेट नियुक्त किया है, उनके साथ थाना सदर पिहोवा प्रबंधक सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करेगा। जिलाधीश ने जारी आदेशों में एचएसएएमबी पिपली के सतीश कुमार, पंचायती राज थानेसर के एसडीओ योगेश शर्मा व थानेसर के बीडीपीओ अमित कुमार को डयूटी मैजिस्ट्रेट की जिम्मेवारी सौंपी गई है। इन अधिकारियों के साथ सम्बन्धित क्षेत्र के थाना प्रबंधक सहयोग करेंगे। जिलाधीश ने कहा कि पब्लिक हैल्थ शाहबाद के एसडीओ सुरेन्द्र मोहन व प्रबंधक थाना शहर, पीडब्लयूडी लाडवा के एसडीओ धर्मवीर व थाना बाबैन एसएचओ, वाटर सर्विस झांसा से दलबीर सिंह, साथ में झांसा एसएचओ, इस्माइलाबाद क्षेत्र से नायब तहसीलदार सागर मल व साथ में इस्माइलाबाद एसएचओ, लाडवा में बलकार सिंह को डयूटी मैजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। इस अधिकारी का लाडवा थाना के एसएचओ सहयोग करेंगे।

### लहराड़ा गांव में स्टेडियम के निर्माण का रास्ता साफ



**सोनीपत। शहर में दिव्य** नगर योजना के तहत लगभग सौ करोड़ रुपए की लागत से ऑडिटोरियम एवं लाइब्रेरी, ऋषि कॉलोनी में पार्क, मल्टीपर्पज हॉल, लहराड़ा गांव में स्टेडियम के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। सभी परियोजनाओं की विभाग ने उच्च स्तरीय बैठक करके सैद्धांतिक मंजूरी प्रदान कर दी है और अब सभी के एस्टीमेट की मंजूरी के लिए भेजे जायेंगे। यह जानकारी देते हुए मेयर राजीव जैन ने बताया कि चंडीगढ़ में हुई राज्य स्तरीय तकनीकी कमेटी की बैठक में ड्रेन नंबर 6 के अधूरे पड़े निर्माण को पूरा करने की मंजूरी प्रदान कर दी है। उन्होंने बताया कि ऑडिटोरियम पर 26 करोड़, पार्क पर 20 करोड़, स्टेडियम 19 करोड़, ड्रेन नंबर 6 के अधूरे पड़े निर्माण कार्य पर 9 करोड़ तथा उस पर सड़क और सौंदर्यकरण पर 34 करोड़ रुपए खर्च होंगे। राजीव जैन ने बताया कि ऑडिटोरियम हैबिटैट क्लब की खाली जमीन पर बनेगा जिसमे 600 दर्शक बैठने की क्षमता होगी।

## मंडियों में की जा चुकी है 03 लाख 85 हजार 783 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत। उपायुक्त** डॉ0 मनोज कुमार ने बताया कि जिला की विभिन्न मंडियों में गेहूं की आवक व खरीद तेज हो गई है। शुक्रवार देर सांय तक जिला की विभिन्न 24 मंडियों व खरीद केंद्रों में 03 लाख 85 हजार 783 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है। इस गेहूं को विभिन्न एजेंसियों द्वारा खरीद लिया गया है। उपायुक्त ने बताया कि जिला की विभिन्न मंडियों में पहुंचे 03 लाख 85 हजार 783 मीट्रिक गेहूं में से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 01 लाख 15 हजार 855 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 01 लाख 59 हजार 363 मीट्रिक टन, हरियाणा वेयर हाउसिंग द्वारा 82 हजार 86 मीट्रिक टन और फूड कार्पोरेशन आफ इंडिया (एफसीआई) द्वारा 12 हजार 984 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। जिला की मंडियों में पहुंचे गेहूं में बरोदा खरीद केन्द्र पर 3995 मीट्रिक टन, भैंसवाल खरीद केंद्र पर 4680 मीट्रिक टन, बिचपड़ी खरीद केन्द्र पर 1244 मीट्रिक टन, दातौली खरीद केन्द्र पर 5153 मीट्रिक टन, फरमाणा खरीद केन्द्र पर 10974 मीट्रिक टन, गन्नौर अनाज मण्डी में 32322 मीट्रिक टन।

## पहलगामः कैंडल मार्च निकालकर निर्दोष पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित की

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**पहलगाम में हुए आतंकी** हमले के विरोध में पानीपत बरसत रोड चुंगी से फतेहपुरी चौक तक शुक्रवार देर शाम विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक संगठनों व व्यापारियों ने कैंडल मार्च निकालकर पहलगाम हमले में जान गँवाने वाले निर्दोष पर्यटकों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मार्च में भाग लेने वाले लोगों ने आतंकवादियों द्वारा किए गए नरसंहार की निंदा की और केंद्र सरकार से आतंकवादियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की। प्राचार्य राजेश बत्रा ने कहा कि निर्दोष लोगों को उनके परिवार के सामने मौत के घाट उतार कर कायरता दिखाई है। उन्होंने धर्म पूछ कर धर्म को ही शर्मसार किया है। धर्म निर्दोष प्राणियों की हत्या की अनुमति बिल्कुल नहीं देता। इस अवसर पर विनय अरोड़ा, पार्षद अंजलि शर्मा, हरीश कटारिया, इंदू कुकरेजा सहित शहर की विभिन्न धार्मिक सामाजिक संस्थाओं के सदस्य मौजूद रहे।

## मेडिकल यूनिट ने गामड़ी जाटान में 94 लोगों को पहुंचाया स्वास्थ्य सेवा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद : सांसद** नवीन जिन्दल द्वारा कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए संकल्पबद्ध हैं। इसी उद्धेश्य से संसदीय क्षेत्र में मोबाइल मेडिकल युनिट चलाई जा रही हैं। इस श्रृंखला में आज शाहबाद मारकंडा हल्के के गांव बचगांव और गामड़ी जाटान में पहुंच कर लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया। सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी श्री धर्मवीर सिंह ने बताया कि आज मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा 81 मरीजों को परामर्श और जांच के बाद निःशुल्क दवाईयां प्रदान की गई व 13 लोगों के रक्त एवं युरिन के टेस्ट भी किए गए।उल्लेखनीय है कि सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा स्वस्थ कुरुक्षेत्र अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत लोगों को निःशुल्क दवाइयों, परामर्श और रक्त एवं मूत्र जांच के साथ साथ खान-पान से संबंधित स्वास्थ्यवर्धक आदतों को अपनाने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है। आज दोनों गांवों में मोबाइल मेडिकल यूनिट के कैंपों के सफल आयोजन लिए गांव बचगांव से जसविंदर सरपंच, करैशन पूर्व सरपंच, वेद शर्मा पूर्व सरपंच, जोगा सिंह , शेर सिंह, बलवंत सिंह, भूषण कुमार और गांव गामड़ी जाटान से जगदीश नेहरा सरपंच, अमर सिंह, जागीर सैनी पूर्व सरपंच, वीरभान पंच, धर्म सिंह पूर्व सरपंच व सुखविंदर नेहरा आदि मौजूद रहे।

## विधायक ने दिए विकास कार्यों में तेजी लाने के आदेश

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। खंड** विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय मुरथल में विधायक देवेन्द्र कादियान ने गन्नौर हलके के गांवों की पंचायतों के विकास को लेकर अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में विधायक देवेन्द्र कादियान का पहुंचने पर खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी मुरथल अंकुर, एसडीओ वेदप्रकाश ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। विधायक देवेन्द्र कादियान ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए अधिकारी प्राथमिकता से कार्य करे ताकि



सरकार की नीतियों का गरीब व जरूरतमंद व्यक्ति तक लाभ पहुंच सके। कादियान ने कहा कि किसान सम्मान निधि, शहरी आवास, हर घर नल-हर घर जल, प्रधानमंत्री आवास योजना आदि के बारे में पात्र आवेदक को लाभ पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की नीतियों से समाज का गरीब तबका काफी लाभान्वित हुआ है। उन्हें आगे और राहत देने के लिए केंद्र सरकार द्वारा कई कल्याणकारी योजनाएं चलाईं जा रही हैं। विधायक कादियान ने कहा कि हलके का विकास उनकी प्राथमिकता है। हलके के विकास में अधिकारी गति लाए, कही भी उन्हें कोई दिक्कत आए तो उन्हें अवगत करवाएं ताकि तय समय में विकास से संबधित काम पूरे हो सके। उन्होंने सरपंचों से भी आह्वान किया कि वे गांव में विकास के काम में कोई अधिकारी व अन्य परेशानी आए तो अवगत करवाएं, उनकी समस्या का समाधान करवाया जाएगा। जनता ने उन्हें जारे जिम्मेदारी दी है, उसे पूरा करवाने के लिए प्रयासरत है।

## मोदी के नेतृत्व की सरकार पाक को देगी मुंहतोड़ जवाबः साहिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र 26 अप्रैल। जिलाध्यक्ष** भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष साहिल सुधा ने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सरकार पाकिस्तान को मुंह तोड़ जवाब देगी। अब आतंकवादियों और पाकिस्तान को सबक सिखाने का काम करेंगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने इस घटना के बाद सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति की बैठक में पांच ऐतिहासिक फैसले लिए हैं। इसके अलावा भी और कठोर कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकवादियों ने बेहद ही कायराना




तरीके से हमला किया है जोकि बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है, आतंकवादियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस बुजदिल और घिनौने कृत्य को अंजाम देने वालों पर कार्रवाई होगी, क्योंकि केंद्र की मोदी सरकार अपराध के सख्त खिलाफ है। यह हमला ना केवल निर्दोष पर्यटकों के जीवन पर हमला है, बल्कि कश्मीर में शांति व सामान्य स्थिति की कोशिशों पर भी एक गंभीर चुनौती है। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद देश ने पाकिस्तान का पानी बंद कर दिया। अब पाकिस्तान मां-मां कहकर रोता रहेगा। पाकिस्तान की अंदरूनी हालात बहुत खराब है, वहां की सरकार को भारत के साथ अच्छा संबंध बनाकर देश के विकास के लिए कार्य करना चाहिए था, लेकिन पाकिस्तान ऐसा ना कर-के गुंडागर्दी करते हुए लगातार आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है और छोटी-छोटी हरकतें करने से बाज नहीं आता। अब पाकिस्तान को कड़ा जवाब देने का समय आ गया है। उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले को मानवता के खिलाफ सबसे जघन्य अपराध बताते हुए इस क्रूर कृत्य की कड़ी निंदा की और कहा कि इस तरह के कायरतापूर्ण हमले कभी भी भारतीय नागरिकों, सशस्त्र बलों या राष्ट्र की भावना के संकल्प को हिला नहीं पाएंगे। उन्होंने कहा कि देश ऐसे कठिन समय में एकजुट है और आतंकवाद से डरने या झुकने वाला नहीं है। यह कायराना हरकत है, जिसने निर्दोष लोगों की जान ली। नागरिकों का बलिदान सदैव स्मरण रहेगा और हम उनके परिवारों के साथ खड़े रहेंगे।
उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के प्रति कल सुबह 9 बजे सेक्टर 17 के सामने श्रद्धाजंलि दी जाएगी। उन्होंने भाजपा के सभी युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं और युवा साथियों से आह्वान किया है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंच कर जम्मु कश्मीर के पहलगाम में हुए मारे गए निर्दोष पर्यटकों को अपनी भावभिनी श्रद्धाजंलि दे।

## फाइनल ईयर के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

**आईबी स्नातकोत्तर** महाविद्यालय में अंग्रेजी विभाग द्वारा बी ए फाइनल ईयर होनर्स, बी ए फंक्शनल फाइनल ईयर तथा एम ए फाइनल ईयर के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई जिसमें आईबी पीजी कॉलेज की प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक, अंग्रेजी विभागाध्यक्षा डॉ. नीलम तथा विभाग के अन्य सदस्य मौजूद रहे। इसके बाद विद्यार्थियों द्वारा लगातार रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं गईं। इस



अवसर पर प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने कहा कि यह विदाई शिक्षा का अंत नहीं बल्कि कुछ नया सीखने की शुरूआत है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी एक संस्था का दर्पण होता है। वह कॉलेज में सीखी हुई बातों को समाज में व्यक्त करने का सजीव माध्यम है।

## न्यूज फ्लैश

### टायर पेंचर के खोके में अज्ञात ने लगाई आग, सामान जलकर खाक

**सोनीपतः मोहाना गांव स्थित** टायर पंचर के खोखे में अज्ञात व्यक्ति ने आग लगा दी। खोखा संचालक ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। मोहाना थाना पुलिस ने मौके का मुआयना कर अज्ञात के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव मोहाना निवासी दिलबाग ने बताया कि उसने गांव में करीब दस साल से टायर पंचर का खोखा कर रहा है। किसी ने उसके खोखे में आग लगा दी। जिससे चलते उसके अंदर रखे टायर, गरिस गन, नए टायर, डयूब, इंजन सहित अन्य सामान जल गया। उसे हजारों रुपये कीमत का नुकसान हुआ है। अपने स्तर पर वारदात को अंजाम देने वाले का पता करने का प्रयास किया, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। जांच अधिकारी एसआई रमेश कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द संदिग्ध की तलाश कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### टीडीआई माल की पार्किंग से युवक का दो-पहिया वाहन चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपतः कुंडली थाना क्षेत्र** में टीडीआई माल की पार्किंग से दो-पहिया वाहन के चोरी होने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। कुंडली निवासी आकाश ने बताया कि वह अपनी किसी काम से टीडीआई मॉल में गया था। अपनी बाइक को पार्किंग में खड़ी करके अंदर चला गया। कुछ देर बाद पास लौटा तो बाइक गायब मिली। अपने स्तर पर बाइक की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई कुलदीप ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। जल्द से जल्द वाहन चोर का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के दरबार में पहुंचा मामला, विभाग के उच्च अधिकारियों के पास भेजी शिकायत

**सोनीपतः जिला नागरिक अस्पताल** के आपातकालीन कक्ष में कमीशन का खेल रुकने का नाम नहीं ले रहा है। कमीशन के खेल में गरीब को आर्थिक मार से बचाने व उसकी मदद करना एंबुलेंस चालक को महंगा पड़ गया। आरोप है कि निजी अस्पताल के कारिंदे व उसके साथियों ने अस्पताल में आकर आपातकालीन कक्ष के बाहर चालक को बेरहमी से पीट-पीटकर घायल कर दिया। कक्ष के बाहर भीड़ इकट्ठी होती देख हमलावर फरार हो गए। पीड़ित ने मामले को लेकर अस्पताल प्रबंधन ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली को मामले की शिकायत दी है। प्रदेश अध्यक्ष की तरफ से शिकायत को उच्च अधिकारियों को भेजा गया है। आरोप है कि अस्पताल में रात के समय आपातकालीन कक्ष में बिना अनुमति के छात्र प्रैक्टिस करने के लिए आते है। वहीं मरीजों को डराकर या बहला फुसलाकर निजी अस्पताल में उपचार के लिए भेजने का काम करते है।

# डीएवी स्कूल में अप्रैल माह को पोषण पखवाड़ा के रूप में मनाया

**जागरूकता**

- पारंपरिक जीवनशैली को प्रोत्साहित करने हेतु विविध जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**




**अम्बालाः सीबीएसई के** दिशा-निर्देशों के अनुरूप अप्रैल माह को पोषण पखवाड़ा के रूप में मनाते हुए डीएवी पब्लिक स्कूल, अम्बाला शहर में इको क्लब फॉर मिशन एवं साइंस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में पोषण, स्वच्छता तथा पारंपरिक जीवनशैली को प्रोत्साहित करने हेतु विविध जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों के मध्य स्वास्थ्य के प्रति सजगता उत्पन्न करना रहा। 16 अप्रैल को कक्षा 3 और 4 के विद्यार्थियों हेतु हैंडवॉश गतिविधि का आयोजन किया गया जिसमें श्री कर्मवीर एवं श्री रोहित द्वारा हाथ धोने की सही विधि का प्रदर्शन किया गया। यह गतिविधि जूनियर प्रातःकालीन सभा में आयोजित की गई जिसमें लगभग 250 विद्यार्थी व 40 शिक्षक शामिल हुए। 17 अप्रैल को कक्षा 9 के विद्यार्थियों द्वारा भावना सैनी के मार्गदर्शन में मिलेट्स (श्री अन्ना) विषय पर पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसी दिन कक्षा 8 के विद्यार्थियों ने श्रीमती अंजू डोगरा के निर्देशन में ह्लपोषण का महत्वह्र विषय पर नारे लेखन प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी रचनात्मकता से पोषण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। 19 अप्रैल को श्री राजकुमार के नेतृत्व में कक्षा 7 के विद्यार्थियों के लिए एक अनोखी टॉयाथॉन वर्कशॉप का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने स्वदेशी, पर्यावरण-स्नेही खिलौनों का निर्माण कर अपनी कला एवं पारंपरिक ज्ञान को उजागर किया। 22 अप्रैल को डॉ. ममता द्वारा कक्षा 5 से 12 तक के विद्यार्थियों को संतुलित आहार, पोषक तत्वों की महत्ता तथा रोग निवारण में उनके योगदान पर आधारित एक प्रेरणात्मक सत्र प्रदान किया गया, जिसमें लगभग 1500 विद्यार्थी व 70 शिक्षक सम्मिलित हुए। अभिभावकों की भागीदारी को प्रोत्साहित करते हुए श्रीमती सीमा व श्रीमती पूनम ने पोषण जागरूकता हेतु उन्हें संदेश भेजे, जिसके प्रत्युत्तर में अनेक अभिभावकों ने घर पर बने पौष्टिक आहार की उपयोगिता पर आधारित वीडियो साझा किए। 23 अप्रैल को श्रीमती विभा एवं श्रीमती वंदना के संयोजन में कक्षा 5 व 6 के विद्यार्थियों ने संतुलित आहार की थाली बनाकर कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, वसा, विटामिन और खनिजों के महत्व को रचनात्मक रूप से प्रदर्शित किया। 25 अप्रैल को कक्षा 8 एवं 9 के विद्यार्थियों ने श्रीमती मधु शर्मा व अंजू डोगरा के निर्देशन में पौष्टिक आहार विषय पर एक सशक्त नुक्कड़ नाटक का मंचन कर पोषण के महत्व को नाटकीय अंदाज में प्रभावशाली रूप से प्रस्तुत किया। यह संपूर्ण अभियान विद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. आर. सूरी के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिनकी दूरदर्शिता और सतत मार्गदर्शन ने इस कार्यक्रम को दिशा और उद्देश्य प्रदान किया। वनीता महाजन, पराग रेलन एवं संगीता माहेश्वरी के संयोजन और समर्पित प्रयासों के कारण समस्त गतिविधियाँ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुईं।

# हिमगिरी पब्लिक स्कूल में अलंकरण समारोह आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**समारोह**

- यश को स्कूल हैड बॉय, अमृता को स्कूल हैड गर्ल, तनीष व खुशी को स्कूल स्पोर्टस कैप्टन चयनित किया गया

**हिमगिरी पब्लिक** स्कूल में वर्ष 2025-26 के लिए अलंकरण समारोह मनाया गया। शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में बच्चों के सवार्गीण विकास के लिए विभिन्न गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाने के लिए विद्यार्थियों की उपस्थिति में सत्र 2025-26 के लिए यश कुमार रूहल को स्कूल हैड बॉय, अमृता को स्कूल हैड गर्ल, तनीष व खुशी को स्कूल स्पोर्टस कैप्टन चयनित किया गया। दयानन्द सदन से अवनी को कैप्टन, सेजल को वाईस कैप्टन , मयंक व अंजली को स्पोर्ट्स कैप्टन व , लवली व तरुण को प्रीफेक्ट , गाँधी सदन से आसना को कैप्टन, आयुषी को वाईस कैप्टन ,विधि व चिराग को स्पोर्ट्स कैप्टन ,नैंसी व दिशा को प्रीफेक्ट , टैगोर सदन से अंशिका को कैप्टन, निधिता को वाईस कैप्टन ,कार्तिक व धृति को स्पोर्ट्स कैप्टन ,कुनाल व अदिति को प्रीफेक्ट ,विवेकानंद सदन से प्रगति को कैप्टन, नैंसी को वाईस कैप्टन , वंश व शिवानी को स्पोर्ट्स कैप्टन ,नूतन व इशांत प्रीफेक्ट रहे।एक्टिविटी इंचार्ज पूनम शर्मा ने चयनित सभी विद्यार्थियों को शपथ दिलाई कि वह अपने सभी काम पूरी निष्ठा,ईमानदारी के साथ करेंगे।

## लिंगानुपात में सुधार के लिए नौ चिन्हित गांवों में चलाया जा रहा है विशेष कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः जिला सोनीपत के गांव** आनंदपुर झरोठ में आज बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के अंतर्गत लिंगानुपात में सुधार के उद्देश्य से जागरूकता अभियान की शुरूआत हवन से की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. ज्योत्सना ने की, उन्होंने ग्रामीणों को लिंग भेदभाव समाप्त करने और बेटियों को समान अधिकार देने का संकल्प दिलवाया। डॉ. ज्योत्सना ने बताया कि महानिदेशक, स्वास्थ्य सेवाएं, हरियाणा (पंचकूला) द्वारा ऐसे नौ गांवों को चिन्हित किया गया है जहां पिछले कुछ वर्षों से जन्म के समय लिंगानुपात 700 से भी कम दर्ज किया गया है। इन गांवों में बेटियां की संख्या बेटों से कम है। इन गांवों में विशेष जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच अपनाने और लिंगानुपात सुधारने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। शुक्रवार को कार्यक्रम की शुरूआत हवन से की गई, जिसमें ग्रामीणों, अधिकारियों और स्वास्थ्य कर्मियों ने आहुति डालकर यह शपथ ली कि वे लिंग भेदभाव नहीं करेंगे और बेटियों को जीवन के हर क्षेत्र में समान अवसर देंगे। इसके साथ ही गांव किढौली में जागरूकता रैली निकाली गई और अन्य गांवों में भी सांस्कृतिक एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

# दयालबाग में ब्रह्माकुमारीज द्वारा भव्य अभिनंदन समारोह आयोजित

**विश्वास**

- दीदी ने कहा कि हमारे मन में एक टीम होती है थॉटस, इमोशंस, एटीट्यूड, एंड मेमोरीज की



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः प्रजापिता** ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय शांतिधाम, 36-37, दयालबाग द्वारा विशाल भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें *अंबाला छावनी के नगर परिषद के प्रधान एवं पार्षदों* का अभिनंदन एवं वर्ष 2025-2026 की वार्षिक थीम *वैश्विक एकता और विश्वास हेतु ध्यान* का शुभारंभ किया गया। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शैली दीदी ने कहा कि हमारे मन में एक टीम होती है थॉटस, इमोशंस, एटीट्यूड, एंड मेमोरीज की। हमारा दिल कुछ और कहता है मन कुछ और कहता है। हमारे विचार, हमारी भावनाएं, हमारी वृत्ति और हमारी स्मृति इन चारों टीम वर्क की एकता बहुत जरूरी है, जिससे ही परिवार में एकता लाना, समाज में एकता लाना, जिस भी संस्था या जिस पार्टी के साथ हम जुड़े हुए है उसको अचीव करना ईजी हो जाएगा। उस एकता को लाने में ब्रह्मकुमारीज संस्था में सिखाए जाने वाला मेडिटेशन हमारी बहुत हेल्प करता है। मेडिटेशन के पहले स्टेप में हम सेल्फ रियलाइजेशन करते हुए सोचते है कि भगवान ने जो मुझमें विशेषताएं भरकर भेजी है उसका मुझे उपयोग करना है। मेडिटेशन के दूसरे स्टेप में हम स्वयं को गॉड से कनेक्ट करते है और उनकी पवित्र पॉजिटिव एनर्जी स्वयं में भरते जाते है। मेडिटेशन का तीसरा स्टेप है स्प्रेड दी पॉजिटिविटी अर्थात परमात्मा से प्राप्त सकारात्मकता को हम अपनी अपनी फील्ड या जिस क्षेत्र में हम अपनी सेवा दे रहे है। उसको एक दूसरे में भी बांटे। परमात्मा ने कहा अपने आप को सिर्फ.सेवाधारी नहीं बल्कि ईश्वरीय सेवाधारी समझे। मुख्य अतिथि नगर परिषद प्रधान स्वर्ण कौर जी ने कहा कि यहां के सकारात्मक माहौल में हम सब पार्षद ओर प्रधान आज यहां से यह प्रण करकर जाएंगे कि हम सभी सत्य की रहा पर चलते हुए अपना कार्य ईमानदारी से करेंगे और अवसर मिलने पर ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा की जाने वाली सेवाओं में भी अपना योगदान सुचारू रूप से देंगे। ब्रह्मकुमारीज अंबाला सब जोन डायरेक्टर राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने सभी नवनिर्वाचित पार्षदों को मुबारक दी।

# यूपीएससी की परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**




**सम्मान**

- बच्चों को आशीर्वाद दिया व अन्य विद्यार्थियों को अपना लक्ष्य निर्धारित कर उसे पूरा करने की सीख दी

**चंदन बाल विकास** पब्लिक स्कूल आट्टा में यूपीएससी की परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों शिवानी पांचाल, हिमांशु कादियान व निशांत बंसल के सम्मान हेतु प्रेरणा और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा व विशिष्ट अतिथि मनमोहन सिंह भडाना , देवेंद्र कादियान विधायक गन्नौर ने शिरकत की। डायरेक्टर नरेश कुमार , प्रधानाचार्य अनिल कुमार व अध्यापकगण ने पुष्पगुच्छ व पुष्पमालाओं से इनका स्वागत किया । कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया । मंच संचालन डॉक्टर श्वेता व हरजीत कौर द्वारा किया गया।तदुपरांत कक्षा दसवीं की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत की प्रस्तुति दी गई । साथ ही कक्षा आठवीं की छात्रा लावण्या द्वारा एकल नृत्य की भव्य छटा बिखेरी गई। कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा मासूम व अक्षरा द्वारा मनमोहक हरियाणवी नृत्य प्रस्तुत किया गया। बीच-बीच में रूपांजलि ,भावना, अक्षिता व श्रेय द्वारा चयनित विद्यार्थियों के जीवन को आलोकित किया गया । स्वागत भाषण डॉक्टर श्वेता द्वारा दिया गया। शिक्षा मंत्री ने तथाकथित बच्चों को आशीर्वाद दिया व अन्य विद्यार्थियों को अपना लक्ष्य निर्धारित कर उसे पूरा करने की सीख दी । स्कूल के विद्यार्थियों को अन्य गतिविधियों में भाग लेने के लिए भी प्रेरित किया।

# जालसाजी करके कम मात्रा में सामान पहुंचाने के दो आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः** कुंडली थाना सोनीपत पुलिस ने कंपनी में तैनात चालकों द्वारा जालसाजी करके सामान को कम मात्रा में पहुंचाने व हेराफेरी करने की वारदात में शामिल आरोपितो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित धीरज निवासी खांडा, सोनू निवासी मकडौली खुर्द रोहतक का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितो से पूछताछ की जा रही है। रेलवे रोड रोहतक निवासी सुनील ने गत 14 दिसंबर को शिकायत देकर बताया कि मेसर्स मैरिको लिमिटेड ने अपने लॉजिस्टिक्स परिचालन को संभालने के लिए हमारी कंपनी, मेसर्स एसएम लॉजिस्टिक्स को नियुक्त किया है। वहीं उसके बदले में एसएम लॉजिस्टिक्स एंड वेयरहाउसिंग प्राइवेट लिमिटेड के साथ अनुबंध किया है। जो मैरिको लिमिटेड के लिए तीन पीएल (थर्ड-पार्टी लॉजिस्टिक्स) प्रदाता के रूप में काम कर रहा है। मैरिको लिमिटेड का गोदाम गांव मल्हा माजरा, सोनीपत, हरियाणा मे स्थित है। स्थानीय परिवहन कार्य आजाद सिंह, निवासी बाजीपुर सबोली, सोनीपत को आउटसोर्स किया गया है। जांच में पाया कि चालकों ने जनवरी 2024 तक जिसमें आजाद सिंह के अधीन काम करने वाले ड्राइवरों को मैरिको के गोदाम से उठाए गए उत्पादों को नामित वितरकों तक पहुंचाने का काम सौंपा गया है।

जो पूरा माल पहुंचाने के बजाय, इन ड्राइवरों ने आजाद सिंह के साथ मिलकर, अपने निजी लाभ के लिए माल के बड़े हिस्से को इधर-उधर कर दिया, जिससे कंपनी को करोड़ों रुपए का भारी नुकसान हुआ।

## आरोपितों को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा

**सोनीपतः मुरथल थाना पुलिस ने** खेत में बने मकान का लोहे का गेट चोरी करने के प्रयास में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित विक्की निवासी जैन नगर दिल्ली व बिट्टू निवासी बुद्ध विहार दिल्ली का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपितों को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। गांव पबनेरा मुरथल निवासी हरिराम ने गत 24 अप्रैल को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह सुबह करीब दो बजे अपने खेत में पानी चला रहा था।

# आपसी सौहार्द और शांति बनाकर रखें आमजनः डीसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**




**अम्बालाः उपायुक्त अजय** सिंह तोमर ने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले की घटना बेहद दुखद एवं दर्दनाक है। उन्होंने समस्त जिलावासियों से अपील की है कि सभी आमजन आपसी सौहार्द और शांति बनाकर रखे। कोई भी व्यक्ति किसी भी ऐसी घटना में शामिल न हों, जिससे जिला में कानून व्यवस्था बिगड़े और कोई आपात स्थिति पैदा हो।

डीसी अजय सिंह ने आमजन से यह भी अपील की है कि सोशल मीडिया जैसे फेसबुक, वाट्सएप, इंस्टाग्राम व अन्य किसी सोशल अकाउंट पर किसी तरह का भडकाउं कंटेट पोस्ट न करें। इसके साथ-साथ इस तरह के किसी कंटेंट को शेयर भी मत करें। पुलिस व जिला प्रशासन द्वारा इस तरह की भडकाऊ पोस्ट व अन्य गतिविधियों पर निरंतर नजर रखी जा रही है। यदि कोई व्यक्ति सामाजिक सौहार्द बिगाड? व शांति भंग करने की कोशिश करता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

डीसी अजय सिंह तोमर ने डीडीपीओ को निर्देश दिए कि सभी बीडीपीओ अपने-अपने क्षेत्रों में पड? वाली ग्राम पंचायतों के सरपंचों की बैठक लें और गांवों में आपसी भाईचारा व सौहार्द बनाए रखने लिए निगरानी रखें। उन्होंने सभी एसडीएम को शहर की सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों से आपसी सौहार्द बनाए रखने के लिए बातचीत करने के निर्देश दिए। इसके साथ-साथ उन्होंने पुलिस विभाग को भी अलर्ट रहते हुए निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। चण्डीगढ़ से आयोजित वीसी के माध्यम से हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी व गृह विभाग कीसचिव सुमिता मिश्रा ने भी इस विषय को लेकर सम्बन्धित अधिकारियों को सतर्कता बरतते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत, एडीसी डा. ब्रहमजीत सिंह, एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम विनेश कुमार, एसडीएम शाश्वत सांगवान, एसडीएम अमित भारद्वाज के साथ-साथ सम्बन्धित अधिकारीगण मौजूद रहे।

# चेयरपर्सन रेणू भाटिया ने सखी वन स्टॉप सैंटर का जायजा लिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**



**जानकारी ली**

- यहां पर घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं को जो सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाती है उसका भी जायजा लिया

**अम्बालाः हरियाणा राज्य** महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणू भाटिया ने बादशाही बाग गुरूद्वारा अम्बाला शहर के नजदीक स्थित सखी वन स्टॉप सैंटर का जायजा लिया। इस मौके पर उन्होंने यहां पर घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं को जो सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाती है उसका भी जायजा लिया। यहां पहुंचने पर जिला कार्यक्रम अधिकारी मीक्षा रंगा, जिला प्रोटैक्शन अधिकारी अरविंदजीत कौर व अन्य ने पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया।

चेयरपर्सन रेणू भाटिया ने इस मौके पर वन स्टॉप सैंटर में स्थापित कमरों व अन्य का भी जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने यहां पर रजिस्टर के माध्यम से घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं को जो सहायता दी गई है, उस बारे भी उन्होंने सम्बन्धित महिला के फोन पर बातचीत कर वह कुशल हैं, सब ठीक-ठाक है, इसकी भी जानकारी ली। उन्होंने सम्बन्धित स्टाफ को कहा कि जो भी महिला यहां पर आश्रय के लिए आती है उसकी सप्ताह के बाद मोनिटरिंग भी रखें कि परिवार द्वारा उसे ठीक-ठाक रखा जा रहा है, उस बारे भी उनसे जानें। इस दौरानअम्बाला शहर की एक पीड़ित महिला ने अपनी शिकायत के माध्यम से चेयरपर्सन को अवगत करवाया कि शादी के बाद उसका पति विदेश चला गया है तथा उसने आरोप लगाया कि ससुराल पक्ष द्वारा उसे रखा नहीं जा रहा। इस मामले में भी चेयरपर्सन ने पीड़ित महिला की सास से फोन पर बातचीत कर वास्तविकता भी जांची। उन्होंने महिला थाने की एसएचओ को निर्देश दिए कि सम्बन्धित को सम्मन जारी करें और 7 मई को दोनों पक्षों को पंचकूला महिला आयोग के कार्यालय में बुलाने के लिए कहा। उन्होने कहा कि यहां पर दोनों पक्षों की बातचीत सुनकर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

चेयरपर्सन ने इस मौके पर यह भी बताया कि हरियाणा में दूसरी बार चेयरपर्सन बनने के बाद उनका दौरा जारी है। पहले चेयरपर्सन के पद पर भी रहते हुए उन्होंने हरियाणा के 22 जिलों को कवर किया था और वहां पर भी दो-दो बार जाकर प्रार्थियों की शिकायतों को सुनकर कार्रवाई भी की है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भी 80 से 100 स्कूल, कालेज एवं यूनिवर्सिटी का दौरा करेंगी और इस दौरान महिलाओं एवं बच्चों से सम्बन्धित कानून एवं साईबर क्राईम की रोकथाम के लिए जागरूक कार्यक्रम के माध्यम से उन्हें जागरूक भी करेंगी।

# हमने है यह ठाना, मलेरिया को है जड़ से मिटानाः डा. ज्योत्सना

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः विश्व मलेरिया दिवस** के अवसर पर जिले में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला नागरिक अस्पताल से एक जागरूकता रैली निकाली गई। जिसे जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. ज्योत्सना ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया। जिसकी अगुवाई एसएमआई श्याम लाल ने की। रैली के माध्यम से लोगों को मलेरिया से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक किया गया। प्रतिभागियों ने नारे लगाते हुए संदेश दिया। रैली के दौरान यह बताया गया कि घरों में सप्ताह में कम से कम एक बार कूलर, पानी की टंकी, हौदी, फ्रिज की ट्रे और गमलों में जमा पानी को साफ करना अत्यंत आवश्यक है, ताकि मच्छरों को पनपने से रोका जा सके। इसके उपरांत जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम ने श्याम सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पंचशील कॉलोनी में छात्रों व शिक्षकों को मलेरिया से बचाव की जानकारी दी। विद्यार्थियों के लिए प्रश्नोत्तरी व ड्राइंग प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसके विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। इस अवसर पर जिले के सभी उप-स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भी मलेरिया दिवस मनाया गया। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. ज्योत्सना ने आमजन से अपील की कि वे स्वास्थ्य विभाग के प्रयासों में सहयोग करें और अपने घरों व आस-पास मच्छरों को पनपने से रोकें। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 में कुल 23 मलेरिया के मामले दर्ज किए गए थे। इस वर्ष मलेरिया पर नियंत्रण हेतु 166 टीमों का गठन किया गया है, जिनमें एमपीएचडब्लू एवं आशा वर्कर शामिल हैं। ये टीमें घर-घर जाकर जागरूकता फैलाएंगी। कार्यक्रम में स्वास्थ्य निरीक्षक बलबीर सिंह, विभागीय अधिकारीगण व अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

# अम्बाला छावनी के लोगों से मुझे बहुत प्यार मिला जोकि मेरे काम करने की ताकत है: विज

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि ह्लअम्बाला छावनी के लोगों से मुझे बहुत प्यार मिला है और वो प्यार ही मेरे काम करने की ताकत है, मेरे सिर पर और किसी का हाथ नहीं, सिर्फ अम्बाला छावनी की जनता का हाथ है। आपकी ताकत मेरे लिए पावर हाऊस है, मेरी बैटरी जब डाउन हो जाती है तो मैं इसी से चार्ज हो जाता हूं तथा आपके प्यार व शक्ति से बड़ी से बड़ी ताकतों से टकरा जाता हूंह्व। उन्होंने पंजाबी में पंक्तियां पढ़ी



और कहा कि ह्लरौया करेंगा सानू याद करके, जे रब न करे मैं चला जावां सीढ़िया चढ़केह्व। विज अंबाला में दलीपगढ़ कम्यूनिटी सेंटर में महेशनगर ड्रेन को दो स्थानों पर पक्का करने के कार्य का शिलान्यास करने के दौरान उपस्थित आपार जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि अम्बाला छावनी में महेशनगर ड्रेन शहर के बीचों बीच कई कालोनियों से होकर निकलती है जो सूर मंडी तक है। यह हर साल बरसातों में ओवरफ्लो होती है, इसे अब 24 करोड़ की लागत से पक्का किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नाला कालोनियों में बीचों-बीच होकर निकलता है और लोगों ने नाले तक जाने के रास्तों में मकान बना रखे हैं इसलिए सफाई में दिक्कत होती थी। मगर अब नाला पक्का होने पर इसमें गाड़ियां उतारकर सफाई होगी। महेशनगर ड्रेन को सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा अलग-अलग चरणों में पक्का किया जा रहा है और कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने आज दलीपगढ़ से बेहड़े वाले पीर तक और रामनगर गुरुद्वारा साहिब से सूर मंडी तक ड्रेन को पक्का करने के कार्य का शिलान्यास किया। इससे पहले कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे कैबिनेट मंत्री अनिल विज का स्वागत विभागीय अधिकारियों व बड़ी संख्या में मौजूद कार्यकताओं ने किया। कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने यह कहा कि चंदपुरा से लेकर शाहपुर तक टांगरी नदी को 6-6 फुट गहरा करने का काम किया जा रहा है।

बकायदा इस कार्य के लिए एनएचएआई का हरियाणा सरकार के मध्य समझौता हुआ है। नदी गहरी होने से नदी में आने वाला बरसाती पानी ओवरफ्लो नहीं होगा।

# पहलगाम के शहीदों की याद में लगाया रक्तदान शिविर

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः सर्व समाज कल्याण** सेवा समिति द्वारा सेक्टर 17 स्थित कुरुक्षेत्र ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर को पहलगाम में मारे गए पर्यटकों के नाम समर्पित किया गया। शिविर में 30 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर शहीद पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी गई। संस्था के प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर सैनी ने लोगों से अपील की कि जैसा हम सब लहू का रंग एक है। ऐसे हम सब भारतवासी भी एक है। हम मिलजुलकर रहना होगा। जिससे हमारे देश को तोड़ने वाली ताकतें अपने मकसद में सफल ना हो सके। यहीं सच्ची श्रद्धांजलि उन शहीदों के प्रति होगी। एकत्रित किया गया रक्त




जरूरतमंद लोगों को दिया जाएगा। संस्था के प्रदेश प्रवक्ता तरुण ने बताया है कि सर्व समाज कल्याण सेवा समिति द्वारा यह 458वां रक्तदान शिविर है। शिविर में रक्तदाताओं ने रक्तदान कर पहलगाम शहीदों को याद किया और भारत सरकार से इस कृत्य में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग रखी। शिविर में नरेश ढींगढा, काकू, नरेन्द्र सिंह, उमाकांत, जगदीश, मनदीप, कुलदीप, संजय, राजेश, राहुल, हर्ष, माया राम, ओम प्रकाश, विकास, पूर्ण नेगी, विनय कुमार, संजय नेगी आदि रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।

## न्यूज फ्लैश

### लेफ्टिनेंट विनय के परिवार से मिलीं रेणु भाटिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। हरियाणा महिला** आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया शनिवार को करनाल में शहीद लेफ्टिनेंट विनय कुमार के घर पहुंचीं। उन्होंने परिवार से मुलाकात की और शोक व्यक्त किया। इस दौरान वह भावुक हो गईं और उनकी आंखों से आंसू छलक पड़े। मीडिया से बातचीत में रेणु भाटिया ने कहा कि वह भी कश्मीर की बेटी हैं और बचपन में उन्होंने भी आतंकवाद का दर्द झेला है। उन्होंने कहा कि बचपन में अपने माता-पिता को खोने का दर्द वह आज भी नहीं भूल पाई हैं। रेणु भाटिया ने कहा कि मेरी बुआ ने भी भरी जवानी में आतंकवाद का दर्द सहा है। आज भी बेटियां आतंकवाद का शिकार हो रही हैं। अब इसे बंद होना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से अपील करते हुए कहा कि आतंकवादियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री आतंकवादियों को नहीं छोड़ेंगे और अब उनका अंत निश्चित है। भाटिया ने कहा कि उन्होंने शहीद लेफ्टिनेंट विनय कुमार के पिता और दादा से मुलाकात की है। महिला आयोग के दरवाजे उनके परिवार के लिए हमेशा खुले रहेंगे। उन्होंने विनय की मां से कहा कि उनकी बेटी जब भी चाहे महिला आयोग से जुड़ सकती है और उसे पूरा सहयोग मिलेगा।

### ट्रेड युनियनों द्वारा सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ 20मई को की जायेगी राष्ट्री व्यापी हड़ताल

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः भाजपा सरकार की** मजदूर कर्मचारी व जन विरोधी नीतियों के खिलाफ राष्ट्रीय ट्रेड यूनियनों व कर्मचारी सघों व स्वतंत्र फेडरेशनों द्वारा आहूत 20 मई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाने व 1मई अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पूरे जोशो खरोश के साथ म?ाने के लिए ट्रेडयूनियनों की सांझा मीटिंग स्थानीय बस स्टैंड पर स्थित महासंघ कार्यालय में सी आई टी यू के जिला प्रधान कामरेड सुरेश की अध्यक्षता में आयोजित की गई। मीटिंग में एटक से कामरेड रुप सिंह,एम एल सहगल,इंटक से कृष्ण नैन, धर्मवीर लोहान,जोरा सिंह, एआईयूटीयूसी से मेहर सिंह बांगड़,सीआईटीयू से विरेन्द्र, सुरेश, सर्व कर्मचारी संघ से सुरेन्द्र यादव, राजेश बागड़ी, रोडवेज कर्मचारी यूनियन संबंधित महासंघ की तरफ से राजबीर दूहन शामिल हुए। मीटिंग में फैसला किया गया कि पहली मई को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस ब्लॉक स्तर पर हांसी, नारनौंद, बरवाला, उकलाना, आदमपुर व हिसार में जनसभा व प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे। हिसार में पहले मई को सुबह 10:00 बजे जिंदल पार्क में सभी विभागों के कर्मचारी व ट्रेड यूनियनों ने के कार्यकर्ता इकट्ठा होंगे। सभा के बाद वहां से प्रदर्शन करते हुए बस स्टैंड से होते हुए नागोरी गेट तक बाजार में प्रदर्शन किया जाएगा।

### मंडियों में किसानों की सुविधा का रखा जा रहा विशेष ध्यान

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) जिला** उपायुक्त डॉक्टर विरेंदर कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले की मंडियो में गेहूं की खरीद का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। 25 अप्रैल तक मंडियों में 287178.8 मीट्रिक टन की कुल आवक हुई है व 258520.4 मीट्रिक टन की खरीद हुई है और 199284.05 मीट्रिक टन की अब तक लिफ्टिंग हुई है । उपायुक्त ने बताया कि सभी मंडियों में खरीद का कार्य सुचारू रूप से किया जा रहा है। उपायुक्त ने बताया कि पानीपत मंडी में 29341.2 मीट्रिक टन की आवक हुई व 28711.5 मीट्रिक टन की खरीद हुई व 24408 मीट्रिक टन की लिफ्टिंग हुई है। बाबरपुर मंडी में अब तक 15425.1 मीट्रिक टन की कुल आवक हुई व 15193.4 की खरीद हुई और 15924 मीट्रिक टन की लिफ्टिंग हुई है। उपायुक्त ने बताया कि बबैल मंडी में 4607.1 मीट्रिक टन की आवक हुई व 4607.1 की खरीद हुई और 3893.3 की लिफ्टिंग हुई। बापौली मंडी में 28326.8 की आवक हुई व 27576.6 की खरीद हुई और 18494.1 की लिफ्टिंग हुई है। सनौली में 4173.1की आवक हुई और 4173.1 की खरीद हुई।

# मेडिटेशन से शरीर व विचार शुद्ध होते हैं : कृष्ण

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र / शाहाबाद मारकंडाः** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि मेडिटेशन से न सिर्फ मानसिक शांति मिलती है, बल्कि शरीर और विचार भी शुद्ध होते हैं।आत्मा की जागरूकता से व्यक्ति स्थाई खुशी, आनंद और सफलता प्राप्त कर सकता है। वे शनिवार सुबह ब्रह्माकुमारीज : प्रभु अनुभूति भवन शाहाबाद में चल रहे 8 दिवसीय 'वाह जिंदगी वाह' कार्यक्रम के सातवें दिन बतौर मुख्य अतिथि विचार व्यक्त कर रहे थे। ब्रह्माकुमारीज संस्थान द्वारा समाज में चल रहे विभिन्न प्रकल्पों की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए




कैबिनेट मंत्री ने कहा कि राजयोग द्वारा हम पुराने संस्कार बदलकर नए पॉजिटिव संस्कार बना सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय मोटिवेशनल स्पीकर एवं राजयोगी ब्रह्माकुमार डॉ ई.वी. स्वामीनाथन ने 'आत्मा की शक्ति और वैज्ञानिक दृष्टिकोण' विषय पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि राजयोग दो शब्दों से मिल कर बना हैः 'राज' (शासन) और 'योग' (संपर्क)। इस का अर्थ है आत्मा का मन और इंद्रियों पर राज स्थापित करना। उन्होंने बताया कि रिसर्च के अनुसार, हमारे विचार पानी, भोजन और शरीर पर प्रभाव डालते हैं। जो हम दिनभर सोचते हैं, वही हमारी ओरा बनाता है। अब तो वैज्ञानिकों ने भी ऐसा कैमरा विकसित किया है, जिससे ओरा को देखा जा सकता है। इससे यह भी जाना जा सकता है कि भविष्य में कौन-सी बीमारी होने की संभावना है। डॉ स्वामीनाथन ने बताया कि यदि कोई व्यक्ति लगातार 90 दिनों तक गुस्सा नहीं करता, तो उसकी ओरा पॉजिटिव हो जाती है। संस्कार परिवर्तन के लिए व्यक्ति को अल्फा स्टेट में लाना जरूरी है। उन्होंने बताया कि आत्मा से निकलने वाली ऊर्जा हमारे विचारों के रूप में बाहर आती है। आत्मा के स्वधर्म आनंद, प्रेम, शांति, शक्ति को जागरूकता में लाकर जीवन सफल बनाया जा सकता है।

# सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की अफवाहों पर विश्वास ना करें

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :पुलिस प्रवक्ता ने** जानकारी देते हुए बताया की पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने आमजन से यह अपील की है कि सोशल मीडिया पर कोई भी ऐसी पोस्ट ना डालें जिससे किसी व्यक्ति की धार्मिक भावना को ठेस पहुंचती हो। पुलिस द्वारा अपील की गई है कि मौजूदा हालात के बारे में भाईचारा खराब करने वाले तथा आपतिजनक मैसेज ना डालें और ना ही ऐसे किसी मैसेज को फारवर्ड करें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर किसी प्रकार की भी कोई गलत अफवाह ना फैलाएं । अगर कोई भी सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाएगा या फिर किसी के धर्म या जाति पर कोई गलत टिप्पणी करेगा तो उस पर पुलिस द्वारा सख्त एक्शन लिया जायेगा। पुलिस सोशल मीडिया पर लगातार पैनी नजर बनाए हुए है। आमजन से भी अपील है कि समाज में आपसी भाईचारा बनाकर रखें और किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया का प्रयोग सहयोग, आपसी भाईचारे व सौहार्द को बढ़ावा देने के लिए ही करें। असामाजिक और शरारती तत्वों की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# स्पीकर हरविंद्र कल्याण ने सुनी क्षेत्र के लोगों की समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। हरियाणा विधानसभा** अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनने के लिए विश्रामगृह पर खुला दरबार लगाया। खुले दरबार में सरकारी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे। खुले दरबार में काफी संख्या में लोग निजी व सार्वजनिक समस्याएं लेकर पहुंचे, जिनमें से अधिकतर समस्याओं का समाधान मौके पर ही कर दिया गया। कुछ समस्याओं के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि क्षेत्र के लोगों की हर समस्या का समाधान समय अवधि में होना चाहिए। बता दें कि हरविंद्र कल्याण शनिवार को हाईवे पर स्थित विश्राम गृह पर पहुंचे और एक-एक करके लोगों से मिले और उनकी समस्याओं से रूबरू हुए। खुले दरबार में पेंशन, सार्वजनिक बिजली समस्या, गांवों में गलियों के निर्माण व अन्य समस्याएं लोगों ने स्पीकर के समक्ष रखी। वहीं निजी स्कूल के प्रबंधकों ने भी अपनी समस्या को लेकर कल्याण से मुलाकात की। उन्होंने उनकी समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। हरविंद्र कल्याण ने कहा कि क्षेत्र के लोगों की किसी प्रकार की समस्या का हल होने में थोड़ा समय तो लग सकता है, लेकिन समस्या का हल जरूर होगा।

# छात्रों के लिए एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : लिटल मिलेनियम** सेक्टर-3 में आयोजित पेरेंट-टीचर मीटिंग (पीटीएम) के अवसर पर एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आरोग्यम अस्पताल से प्रसिद्ध बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. नीरज अरोड़ा विशेष रूप से आमंत्रित किए गए। डॉ. अरोड़ा ने बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा अभिभावकों को बच्चों के संपूर्ण विकास, सही पोषण, टीकाकरण और स्वच्छता




के महत्व पर जानकारी दी। बच्चों की ऊंचाई, वजन, दांतों, नेत्रों और सामान्य स्वास्थ्य की जांच की गई। शिविर का उद्देश्य समय पर स्वास्थ्य जांच के माध्यम से बच्चों के बेहतर विकास को सुनिश्चित करना था। अभिभावकों ने इस पहल की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के समग्र स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

# समर्थ किशोरी विकास केन्द्र का शुभारंभ किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपतः शनिवार को हरिओम** बारात घर कुटानी रोड पानीपत मे लोकमाता अहिल्याबाई समर्थ किशोरी विकास केन्द्र का शुभारंभ किया गया। डा यशदेव त्यागी प्रांत अध्यक्ष ने सेवा भारती के कार्यों बारे में जानकारी दी और समर्थ किशोरी विकास केन्द्र शुरू करने के उद्देश्य बारे विस्तार से बताया। कुमारी रजनी गुप्ता ने बताया जब तक आप अपनी सहायता नहीं करेंगे आप अपनी आवाज खुद नहीं उठाएंगे कोई संस्था कोई व्यक्ति कोई सरकार आपके लिए कुछ नहीं कर सकते आपको खुद जागृत होना होगा।

# प्रशिक्षणार्थी अपने जिलों में आपदा से निपटने के लिए बनाएं नई टीमें: चेतना

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : जिला राजस्व** अधिकारी चेतना चौधरी ने कहा कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग सबसे पुराना विभाग है और प्राकृतिक विपदा के समय हमेशा मदद करता है। आपदा के समय किसी का जीवन बचाना समाज की सबसे बड़ी सेवा है। राज्य स्तरीय बाढ़ राहत शिविर में प्रशिक्षण लेने के बाद सभी प्रशिक्षणार्थी आपदा के समय दूसरों के जीवन की रक्षा करने के लिए अपने-अपने जिलों में टीम बनाएं और नए लोगों को अपने साथ जोड़ें। सभी प्रशिक्षणार्थियों को आपदा के लिए हमेशा मुस्तैद रहने और अच्छे परिणाम के लिए निरंतर



अभ्यास करते रहना चाहिए। जिला राजस्व अधिकारी चेतना चौधरी शनिवार को राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग हरियाणा व जिला प्रशासन के तत्वाधान में ब्रह्मसरोवर पर आयोजित 6 दिवसीय राज्य स्तरीय बाढ़ राहत प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए प्रतिभागी प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि बरसात के दिनों में बाढ़ की समस्या होती है, इसलिए हमें जन जीवन व पशु धन के जीवन को बचाना है इसके लिए हमें हर चीज बारीकी से सीखनी होगी, हमें राफ्ट मेकिंग आना चाहिए, जिन गांवों में लकड़ी की पुरानी बल्ली मिले उसे इस्तेमाल करें क्योंकि यह बाढ़ के समय काम आएगी। हमें संचार साधन सही रखना होगा, समय आने पर लोगों को जानकारी देनी होगी तथा बचाव के साधन समझाने होंगे। हमें ऐसे खाद्य पदार्थ बनाने सीखने होंगे जो बाढ़ के समय हम खा सके ताकि समय पर कोई समस्या ना आए। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारी अपने नजरिए को और आगे बढ़ाएं तो समाज उनको उतना ही बड़ा दिखाई देगा। समाज में अनेकों ऐसी कुरीतियां या समस्याएं नजर आएंगी, जिनका समाधान करके आत्म संतुष्टि की अनुभूति होगी। सभी को इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविरों में पूरी मेहनत, लगन, ईमानदारी के साथ प्रशिक्षण लेना चाहिए और प्रशिक्षण लेने के उपरांत आपातकालीन स्थिति में अपने दायित्व का निर्वाह करना चाहिए। आपातकालीन परिस्थितियों में दूसरों के जीवन की रक्षा करने का लक्ष्य प्रशिक्षणार्थियों के जहन में हमेशा रहना चाहिए। इस कार्य को पूरे जोश और जुनून के साथ करने की जरूरत है तभी दूसरों के जीवन को बचाने के लक्ष्य को आसानी से प्राप्त किया जा सकेगा। दूसरों का जीवन बचाकर जहां आत्म संतुष्टि मिलेगी, वहीं प्रशिक्षण शिविर में दिए गए प्रशिक्षण का मकसद भी पूरा होगा। तैराकी और आपदा के समय बचाव करना एक प्रभावी कला है, जिससे दूसरों की जान को बचाकर सबसे बड़ा पुण्य कमाने का मौका मिलता है। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए सभी को हमेशा तत्पर रहना चाहिए।

चीफ इंस्ट्रक्टर मुकेश कुमार ने मेहमानों का स्वागत करते हुए 6 दिवसीय शिविर के बारे में विस्तार से जानकारी दी और बताया कि इन 6 दिनों में प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य इंस्ट्रक्टर मुकेश कुमार ने आए हुए अतिथियों का आभार प्रकट किया। इससे पहले मुख्य अतिथि डीआरओ चेतना चौधरी के सामने विभाग द्वारा शिविर में सीखी गई चीजों का डेमो भी प्रस्तुत किया गया।

# मिल्क फूड्स लिमिटेड में सीए विद्यार्थियों को इंडस्ट्रियल टूर पर ले जाया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : आईसीएआई** की कुरुक्षेत्र ब्रांच द्वारा हरियाणा मिल्क फूड्स लिमिटेड पिहोवा में सीए विद्यार्थियों को इंडस्ट्रियल टूर पर ले जाया गया जिसमें प्लांट के जनरल मैनेजर व प्लांट के सीए द्वारा पिहोवा स्थित प्लांट में मिल्क प्रोडक्ट्स के उत्पादन व लागत प्रबंधन के बारे में विस्तार से सभी सीए विद्यार्थियों को अवगत कराया। सीए विद्यार्थियों को इस इंडस्ट्रियल टूर से उत्पादन की प्रक्रिया व उसकी लागत, कच्चे माल? की आवक व प्रबंधन, तैयार प्रोडक्ट्स




की पैकिंग, डिलीवरी व मार्किट प्रबंधन के बारे में विस्तार से देखने व सीखने को मिला। इस अवसर पर सीए अंकित शर्मा, चेयरमैन कुरूक्षेत्र ब्रांच ने प्लांट के जनरल मैनेजर जीपीएस बेदी को इस आयोजन के लिए धन्यवाद दिया व स्मृति चिन्ह भेंट देकर सम्मानित किया। सीए दीपक कुमार, चेयरमैन, कुरूक्षेत्र सीए विद्यार्थी एसोसिएशन ने प्लांट के चार्टर्ड एकाउंटेंट, सीए वरिंदर पाल सिंह को स्मृति चिन्ह भेंट करके उनके सहयोग के लिए सम्मानित किया।

# भारत का भविष्य गांवों की समृद्धि व किसानों की आत्मनिर्भरता से संबंधितः गडकरी

## कुवि एवं स्वदेशी शोध संस्थान के तीसरे दिन आत्मनिर्भर भारत बनने का दिया मूल मंत्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : भारत सरकार में** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने नई दिल्ली के भारतीय कृषि अनुसंधान केन्द्र में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय तथा स्वदेशी शोध संस्थान, नई दिल्ली व अन्य शैक्षणिक संस्थानों के संयुक्त तत्वावधान में ह्लविजन 2047: समृद्ध और महान भारतह्व विषय पर आयोजित तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के अंतिम दिन दोपहर के सत्र में बतौर मुख्य वक्ता कहा कि भारत का भविष्य गांवों की समृद्धि व किसानों की आत्मनिर्भरता से संबंधित है।



आजादी के बाद ग्रामीण, कृषि और जनजातीय क्षेत्रों की उपेक्षा की गई। जल, जंगल, जमीन और पशु-संपदा जैसे संसाधनों को नजरअंदाज किया गया, जिसके चलते गांवों में न तो विकास हुआ, न रोजगार विकसित हुआ। इसके साथ ही शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएं भी सीमित रह गईं। उन्होंने कहा कि यदि देश के गांवों में केवल 5 प्रतिशत से 10 प्रतिशत सड़कों का निर्माण किया जाए, तो देश की जीडीपी में 1,10,000 करोड़ रुपये की वृद्धि संभव है। इस योजना के चलते आज देश के 6.5 लाख गांवों में से 4.5 लाख गांव मजबूत सड़कों से जुड़ चुके हैं। इससे पहले स्वदेशी शोध संस्थान के राष्ट्रीय संयोजक आर सुदंरम व कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी का स्वागत किया। केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि देश की जीडीपी में सेवा क्षेत्र का योगदान लगभग 52 प्रतिशत से 54 प्रतिशत है, जबकि विनिर्माण क्षेत्र 12 प्रतिशत से 24 प्रतिशत और कृषि क्षेत्र मात्र 12 प्रतिशत से 14 प्रतिशत योगदान करता है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का सपना तभी साकार होगा जब हम आयात को कम कर और निर्यात को बढ़ावा देंगे। भारत हर साल 22 लाख करोड़ रुपये का जीवाश्म ईंधन आयात करता है। यदि हम वैकल्पिक ईंधन जैसे इथेनॉल, बायोफ्यूल, बायो-सीएनजी का उपयोग करें, तो किसानों की आय भी बढ़ेगी और देश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। यदि हम 22 लाख करोड़ रुपये के आयात को रोककर यह धन देश के किसानों को दें, तो गांव समृद्ध होंगे, किसान संपन्न होगा और भारत एक ऊर्जा संपन्न राष्ट्र बनेगा।

# आतंकी हमले के खिलाफ बजरंग सेना संकीर्तन मंडल ने किया विरोध प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को पर्यटकों पर हुए कायराना आतंकी हमले के विरोध में बजरंग सेना संकीर्तन मंडल ने बाहरी दिल्ली के नरेला में मंगला चौक पर एक जोरदार विरोध प्रदर्शन आयोजित किया। इस हमले में 26 से अधिक पर्यटकों की जान गई थी, जिसमें दो विदेशी नागरिक और स्थानीय लोग शामिल थे। मंडल ने इस क्रूर हमले की कड़ी निंदा करते हुए केंद्र सरकार से आतंकियों और उनके समर्थकों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। बजरंग सेना संकीर्तन मंडल के नेतृत्व में सैकड़ों स्थानीय निवासी और कार्यकर्ता नरेला के मंगला चौक पर एकत्र हुए। प्रदर्शनकारियों ने अपने हाथों में तख्तियां, राष्ट्रीय ध्वज और आतंकवाद विरोधी नारे लिखे



पोस्टर थामे हुए थे, जिनमें 'आतंकवाद मुदार्बाद', पाकिस्तान मुदार्बाद, और निर्दोष पर्यटकों को न्याय दो' जैसे संदेश प्रमुख थे। कार्यकर्ताओं ने आतंकवाद और इसके प्रायोजकों, विशेष रूप से पाकिस्तान के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान, कार्यकर्ताओं ने मोमबत्ती जलाकर शहीद हुए पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी और पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी एकजुटता व्यक्त की। मंडल ने इस हमले को कश्मीर की शांति, पर्यटन, और भारत की एकता पर हमला करार दिया। प्रदर्शन में स्थानीय लोगों की भारी भागीदारी ने इस आयोजन को और प्रभावशाली बनाया, जो नरेला के सामाजिक और धार्मिक समुदायों की एकता को दशार्ता है। मंडल ने पाकिस्तान पर आतंकवाद को प्रायोजित करने का आरोप लगाया और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से इस मुद्दे पर कड़ा रुख अपनाने की अपील की। उन्होंने कश्मीर में शांति



और पर्यटन को पुनर्जनन देने के लिए सामुदायिक एकता का आह्वान भी किया। मंडल के कार्यकर्ताओं ने इस हमले को कश्मीर की प्रगति और समृद्धि के खिलाफ साजिश बताया, जो हाल के वर्षों में पर्यटकों की बढ़ती संख्या और सामान्य स्थिति की ओर बढ़ रहा था। नरेला के मंगला चौक पर आयोजित यह प्रदर्शन बजरंग सेना संकीर्तन मंडल की सामाजिक और धार्मिक गतिविधियों का हिस्सा है, जो स्थानीय समुदाय को एकजुट करने और सकारात्मक संदेश देने के लिए जाना जाता है। प्रदर्शन में विभिन्न आयु वर्ग और समुदायों के लोगों की भागीदारी ने यह साबित किया कि आतंकवाद के खिलाफ नरेला की जनता एकजुट है।

स्थानीय निवासियों ने मंडल की इस पहल की सराहना की। एक प्रतिभागी ने कहा, यह प्रदर्शन हमारे गुस्से और एकता का प्रतीक है। हम आतंकवाद के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करते रहेंगे। मंडल ने भविष्य में भी ऐसे आयोजनों के माध्यम से आतंकवाद के खिलाफ जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। प्रदर्शन के दौरान, बजरंग सेना संकीर्तन मंडल के अध्यक्ष रोहित प्रजापति ने कहा, यह हमला न केवल पर्यटकों पर, बल्कि कश्मीर की आत्मा और भारत की एकता पर हमला है। पर्यटक, जो शांति और सुंदरता की तलाश में पहलगाम आए थे, उन्हें क्रूरता का शिकार बनाया गया।

उन्होंने आगे कहा कि हम केंद्र सरकार से मांग करते हैं कि आतंकियों और उनके समर्थकों को तत्काल सजा दी जाए और कश्मीर में पर्यटकों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। प्रदर्शन में बजरंग सेना संकीर्तन मंडल के कार्यकर्ताओं सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## वजीरपुर में धूमधाम से मनाया गया भारत महार का जन्मदिन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: अखिल** भारतीय वाल्मीकि महापंचायत (रजि.) के दिल्ली प्रदेश युवा अध्यक्ष भारत महार का जन्मदिन बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर न्यू भारतीय सफाई कामगार यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश बेनीवाल ने अपनी टीम के साथ भारत महार के जन्मदिन पर केक कटवाकर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर परिवार के लोगों ने भी केक काट कर जन्मदिन मनाया और आशीर्वाद दिया। इस मौके पर महार के चाहने वालों ने भी केक कटवाकर जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर बधाई देने वालों में मुख्य रूप से जसविंदर महार, राजेश बेनीवाल, देवेंद्र कुमार,





मीना सलवान, सन्नी महार, रणवीर रिडलान, अशोक बग्गा नितिन सारसर, नरेंद्र मकवाना, विकास, रवि, नितिन सिसोदिया, दीपक वैध, ध्रुव महार, आशीष मेहरौलिया, विनय पांडे सहित कई गणमान्य लोगों ने भारत महार को जन्मदिन की बधाई दी। इस मौके पर अखिल भारतीय वाल्मीकि महापंचायत के दिल्ली प्रदेश युवा अध्यक्ष भारत महार ने बताया की जिन सम्मानित लोगों ने मुझे जन्मदिन की बधाई दी मैं उन सभी लोगों का तहेदिल से धन्यवाद करता हूं।

## 1008 स्वामी धनंजय दास काठिया बाबा जी महाराज का मनाया गया तिरोभाव उत्सव

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: स्वरूप नगर में कृष्ण** चतुर्दशी को आध्यात्मिक भारत भूमि के प्राचीनतम वैष्णव श्री निंबार्क संप्रदाय के अंतर्गत गुरु परंपरा के 56वें आचार्य अखिल भारतीय वैष्णव चतुः संप्रदाय के श्री महंत एवं ब्रजविदेही महंत अनंत श्री विभूषित 1008 स्वामी धनंजय दास काठिया बाबा जी महाराज का तिरोभाव उत्सव मनाया गया। जिसमें हजारों की संख्या में साधू संत आए। जिनका श्री महंत सरजू दास काठिया बाबा ने उन्हें भोजन प्रसाद तथा दक्षिणा देकर



के इस कार्यक्रम में स्वागत किया। हजारों की संख्या में काठिया बाबा के शिष्यों व आस-पास से आई महिला शक्ति और बच्चों ने 19 अप्रैल से 25 अप्रैल तक चली भागवत कथा का भी आनंद लिया। जिसमें आज भारी संख्या में मातृशक्ति वह भक्त जनों ने भाग लिया। इस अवसर पर सत्यपाल सिंह सिसोदिया अध्यक्ष दिल्ली प्रदेश राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी (सत्य) ने अपने साथियों के साथ जिसमें मुख्य रूप से आलोक सिंह, अभिषेक कुमार सिंह, उपाध्यक्ष दिल्ली प्रदेशरोहित हाशिया संगठन मंत्री, महिला मोर्चा अध्यक्षा सीमा सिंह ठाकुर, सूरजभान सिसोदिया कोर कमेटी महासचिव, तेजराम सिसोदिया वार्ड नंबर 5 अध्यक्ष, सक्रिय सदस्य वेद राम सिसोदिया एवं अजय कुमार सिंह फौजी ने ठाकुर जी और श्री महंत सरजू दास काठिया बाबा जी का सभी ने आशीर्वाद लिया।

## बुराड़ीः आतंकियों की ये हरकत कतई नही करेंगे बर्दाश्तः कृष्णपाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: पहलगाम में** धर्म पूछकर गोली मारकर हत्या करने के बाद से पूरे देश में आक्रोश का माहौल बना हुआ है, हर किसी देशवासी की जुबान पर इन दहशत गर्तो को खत्म करने और पाकिस्तान के खिलाफ खासा रोष व्याप्त है। बुराडी विधानसभा क्षेत्र में रहने वाले व संत नगर वार्ड नंबर 9 के मंडल अध्यक्ष कृष्णपाल सिंह ने कहा कि देशवासियों में इस हमले को लेकर गुस्सा है। आतंकियों ने जो हरकत की है, उसका जवाब उनकी भाषा में जरूर दिया जाएगा। किसी का जाति, धर्म पूछकर निदोषों का कत्लेआम करने वालों को उसी भाषा में जवाब मिलेगा।



जिस तरह से सरकार ने पुलवामा हमले का जवाब दिया था, उसी तहर से पहलगाम हमले का भी जवाब दिया जाएगा। भारत ने अभी सिर्फ सिधूं नदी का पानी बंद किया है, वीजा रद्द किया है और पाकिस्तानी एंबेसी में स्टाफ की संख्या कम की है।

## दलित हित के नाम पर समाज में वैमनस्य फैलाने वालों को पहचानिएः गुरुप्रकाश पासवान

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली। देश में वर्तमान** समय में दलित हित के नाम पर कुछ तत्व समाज में वैमनस्य फैलाने का कार्य कर रहे हैं। ऐसे तत्वों के एजेंडे को समय रहते पहचानना आवश्यक है। भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता, लेखक और कानून के विशेषज्ञ गुरुप्रकाश पासवान ने शनिवार को यह बातें पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में कही। लेखक एवं वकील रोहन बाबा साहेब जमादार (मालवदकर) की मराठी पुस्तक '1 जनवरी 1818 कोरेगांव भीमा लड़ाई की वास्तविकता' के हिंदी और अंग्रेजी



संस्कार का शनिवार यहां कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता गुरु प्रकाश पासवान और प्रोफेसर उमेश कदम ने विमोचन किया गया। पुस्तक को 'भूमिका प्रकाशन' द्वारा प्रकाशित किया गया। इस मौके पर गुरुप्रकाश पासवान ने कहा कि प्रमाणों के साथ बोलना और लिखना अत्यंत महत्वपूर्ण है। लेखक मालवदकर ने अपनी पुस्तक में उपलब्ध प्रमाणों का विस्तृत उल्लेख किया है। वर्तमान सोशल मीडिया के युग में तथ्यों और संदर्भों का विशेष महत्व है। इस पुस्तक के माध्यम से नए विचारों का उदय हुआ है, जिस पर विमर्श और बहस होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लेखक रोहन मालवदकर 'जयस्तंभ' के वंशज हैं, इसलिए उनका इस विषय पर लेखन और भी महत्वपूर्ण बनता है। वर्तमान में दलितों के हित के नाम पर समाज में वैमनस्य फैलाने के लिए एक 'इंडस्ट्री' सक्रिय है।

## मुस्लिम देशों को पाक से रिश्ते खत्म कर लेने चाहिएः शमीम अहमद

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: जम जम फाउन्डेशन** के अध्यक्ष शमीम अहमद खान ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकवादी हमले में 26 मासूम लोगों की मौत पर गहरा दुख प्रकट करते हुए केन्द्र सरकार से पाक प्रायोजित आतंकवाद के खात्मे के लिए सख्त से सख्त कदम उठाने की मांग की है। शमीम अहमद खान ने कहा कि पाकिस्तान को आतंकवादी देश घोषित किया जाना चाहिए,आतंकी घटनाएं करके पाक दुनिया भर में इस्लाम धर्म को बदनाम कर रहा है ऐसे में सभी मुस्लिम देशों को पाकिस्तान से अपने रिश्ते हमेशा के लिए खत्म कर लेने चाहिए। शमीम



अहमद खान ने कहा कि भारत को आतंकवाद से निपटना भी आता है और आतंकवाद को निपटाना भी आता है। जल्द ही हमारे देश की बहादुर सेना पाक को करारा जवाब देकर अपने 26 मासूम लोगों की जान का बदला ऐसे लेगी की दुनिया भी याद रखेगी।



कांग्रेस द्वारा निकाले गये कैंडल मार्च के दौरान वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र की पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी रागिनी नायक, अशोक बसौया, अमित गुप्ता, आशाराम, प्रबोध शर्मा, जावेद अलाम, विनोद खारी व अन्य लोग।

## दिल्ली सरकार की पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान में सहयोग की अपील

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने अवैध रूप से रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान में सहयोग करने के लिए दिल्लीवासियों से अपील की है। सरकार का कहना है कि किसी को संदिग्ध पाकिस्तानी नागरिक की जानकारी मिले, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। दिल्ली सरकार के गृह मंत्री आशीष सूद ने कहा है कि दिल्ली में अवैध प्रवास से उत्पन्न खतरे को गंभीरता से लिया गया है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने में दिल्लीवासियों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। इस अपील के साथ ही दिल्ली पुलिस को भी कड़े निर्देश दिए गए हैं। दिल्ली पुलिस को कहा गया है कि वह अवैध रूप से रह रहे पाकिस्तानियों की पहचान करे। सभी संबंधित सुरक्षा एजेंसियों के साथ समन्वय कर निष्कासन की कार्रवाई तेजी से हो। सूद ने कहा है कि भारत सरकार के निदेर्शों के अनुरूप निष्कासन की पूरी प्रक्रिया चलाई जा रही है। भारत सरकार ने हाल ही में पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द करने का फैसला लिया है। केवल हिन्दू शरणार्थियों को मिले दीर्घकालिक वीजा और राजनयिक वीजा को इस फैसले से छूट दी गई है।

## सत्यपाल सिंह ने पहलगाम में मारे गये लोगों को दी श्रद्धांजलि

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी (सत्य) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सत्यपाल सिंह सिसोदिया ने कहा कि पहलगाम कश्मीर हमले में मारे गए 28 लोगों की आंतकवादियों के द्वारा निर्मम हत्या कर दी गई। मैं और पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक शेर सिंह राणा इसकी घोर निंदा करते है। उन्होंने आगे बताया कि इसमें किसी ने अपना बेटा खोया, किसी ने अपना भाई, किसी ने अपना जीवन साथी और किसी ने अपना पिता खोया। यह भयानक मंजर उन बहनों ने, उन बच्चों ने अपनी आंखों के सामने देखा, मैं उन्हें सेल्यूट करता



हूं। मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं कि परमपिता परमात्मा इन सभी दिवंगत आत्माओं को अपनी श्री चरणों में जगह दे और उन परिवारों को इस दुख को सहन करने की शक्ति देना हम उन्हें श्रद्धांजलि देते हैं।

## भर्ती परीक्षा में फर्जी कैंडिडेट समेत चार गिरफ्तार

**नई दिल्ली। सीबीएसई** की 20 अप्रैल को सुपरिटेंडेंट पद के लिए आयोजित भर्ती परीक्षा के दौरान साउथ दिल्ली स्थित केआर मंगलम स्कूल में परीक्षा देने पहुंचे एक फर्जी कैंडिडेट को पकड़ा है। पुलिस ने गिरोह के तीन और लोगों को गिरफ्तार किया है। दक्षिण जिले के डीसीपी अंकित चौहान ने शनिवार को प्रेसवार्ता कर बताया कि पकड़े गए आरोपितों की पहचान सचिन, नितिन, बलजिंदर और श्याम सुंदर के रूप में हुई है। चारों आरोपित हरियाणा के रहने वाले हैं। गिरफ्तार आरोपित नितिन ने बी.टेक किया हुआ है।

## अवैध कारोबारियों के खिलाफ डीसीपी कार्यालय के बाहर किया प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: बिंदापुर इलाके** में हो रहे अवैध कारोबार के खिलाफ आवाज उठाने वाले प्राचीन हनुमान मंदिर ट्रस्ट के प्रधान ट्रस्टी व संयोजक अशोक शर्मा पर हुए हमले को लेकर बड़ी संख्या में लोगों ने द्वारका स्थित कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया और अपनी मांगों का एक ज्ञापन डीसीपी अंकित सिंह को सौंपा। डीसीपी ने इलाके में हो रही अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाने और अशोक शर्मा पर हमला करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही किये जाने का आश्वासन मिलने गए प्रतिनिधिमंडल को दिया। प्रदर्शनकारियों में झुग्गी झोपड़ी एकता मंच के अध्यक्ष जवाहर सिंह, डा. आरपी सिंह, समेत ट्रस्ट से जुड़े प्रदीप झा, अशोक अहलावत, राम भरत राय, तुफान क्रांतिकारी, राकेश यादव समेत बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी शामिल थे। अशोक शर्मा ने बताया कि डीसीपी साहब ने इलाके के इंस्पेक्टर को आदेश दिया है कि नामजद आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करें।

उन्होंने बताया कि अवैध कारोबार करने वाले युवाओं को बर्बाद रहे है। उन्होंने कहा कि बिंदापुर इलाके में रात में चरस, गांजा, अफिम जैसी चीजों का कारोबार हो रहा है।

## शिक्षाविद चौधरी कंवर सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: करोल बाग नगर** निगम शिक्षा विभाग, दिल्ली से सेवानिवृत्त एवं प्रतिष्ठित शिक्षाविद स्वर्गीय चौधरी कंवर सिंह यादव की चौथी पुण्यतिथि पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन करोल बाग क्षेत्र में संपन्न हुआ। इस अवसर पर उनके सैकड़ों पूर्व छात्र, शिक्षाविद, सामाजिक कार्यकर्ता, राजनेता, प्रशासनिक अधिकारी तथा शिक्षा क्षेत्र से जुड़े वरिष्ठ जन उपस्थित हुए।

स्व. चौधरी कंवर सिंह यादव का निधन वर्ष 2021 में कोविड काल के दौरान 86 वर्ष की आयु में हुआ था। उन्होंने अपने 35 वर्षों के शैक्षिक सेवा काल में करोल बाग क्षेत्र के दलित, वंचित और



जरूरतमंद बच्चों को समर्पित भाव से शिक्षित कर समाज में एक नई चेतना का संचार किया। उनके द्वारा पढ़ाए गए अनेक छात्र आज सरकार और समाज में उच्च पदों पर कार्यरत हैं और कई सेवानिवृत्त भी हो चुके हैं।

सभा में उपस्थित उनके पूर्व छात्रों में वरिष्ठ अधिवक्ता आरडी वत्स गृह मंत्रालय से रिटायर्ड रविंद्र सक्सेना आदि ने उनकी शिक्षण शैली, पितृतुल्य व्यवहार और अनुशासन प्रियता को याद करते हुए उन्हें एक आदर्श शिक्षक बताया। उन्होंने बताया कि चौधरी साहब का प्रत्येक विद्यार्थी उनके लिए परिवार का सदस्य था और उनकी दी हुई शिक्षा ने उनके जीवन की दिशा तय की। सभा में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित उत्तर-पश्चिम दिल्ली लोकसभा क्षेत्र के सांसद योगेन्द्र चंदोलिया ने चौधरी साहब को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि चौधरी कंवर सिंह यादव न केवल शिक्षक थे, बल्कि एक समाज निमार्ता थे जिन्होंने शिक्षा के माध्यम से सैकड़ों जीवन गढ़े। करोल बाग विधानसभा के विधायक विशेष रवि ने श्रद्धांजलि स्वरूप कहा, हालाँकि मुझे चौधरी साहब को देखने का सौभाग्य नहीं मिला, लेकिन उनके सुपौत्र अजय वीर यादव को पिछले 12 वर्षों से जानने का अवसर मिला है। उनकी शिक्षा और शिक्षक राजनीति में सक्रियता ही दशार्ती है कि वे अपने दादा जी की अमिट छाया में पले-बढ़े हैं।

# बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान की आत्मा पर कांग्रेस ने किया प्रहार: अनुराग सिंह ठाकुर

**जनसभा**

▶▶ जनसभा के माध्यम से राष्ट्रनिर्माण में संविधान निमार्ता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी के कार्यों पर प्रकाश डाला।



**टीम एक्शन इंडिया**
**मंडी:** पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने आज बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के सम्मान में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान के अन्तर्गत मंडी जिले के सुंदरनगर में जनसभा के माध्यम से राष्ट्रनिर्माण में संविधान निमार्ता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी के कार्यों पर प्रकाश डाला। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर ने संविधान देकर भारत गर्व के साथ प्रगति पथ पर आगे बढ? का मार्ग दिखाया था मगर कांग्रेस पार्टी ने आजादी के बाद से ही भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी के दिए संविधान की आत्मा पर प्रहार कर इसे खत्म करने के अनेकों प्रयास किए हैं। नेहरू जी एक बाद एक करके बाबा साहेब के संविधान में संशोधन करते चले गये क्योंकि उन्हें हजम ही नहीं हुआ कि कैसे एक ग?ीब व अनुसूचित परिवार में जन्मे व्यक्ति ने भारत को संविधान देने का काम किया। इंदिरा जी के शासनकाल में तो आपातकाल लगा कर्व संविधान को तार-तार कर दिया गया। एक तरफ तो आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी बाबा साहेब के सपनों का भारत बनाने के लिए कार्यरत हैं तो वहीं दूसरी तरफ आजादी के समय से ही कांग्रेस बाबा साहेब को अपमानित करने व उनका प्रतिनिधित्व मिटाने के लिए काम करती रही। कांग्रेस ने संविधान सभा तक बाबा साहेब के जाने की राह में रोड़े अटकाए। बाबा साहेब को बंगाल से संविधान सभा जाने से रोकने के लिए कांग्रेस ने सारे हथकंडे अपनाए और उनके चुनाव क्षेत्र को पाकिस्तान को दे दिया बाद में पुणे से हिंदू महासभा नेता एमआर जयकर ने अपनी सीट खाली कर बाबा साहेब को दी जिससे वो संविधान निर्माण में अपनी भूमिका निभा सके। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को दो लोकसभा चुनावों में हार का सामना करना पड़ा था. दोनों बार उन्हें कांग्रेस प्रत्याशी ने ही हराया था. खास बात ये है कि इन दोनों चुनाव में ही तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने अंबेडकर के खिलाफ चुनाव प्रचार किया था. कांग्रेस ओर अंबेडकर में शुरूआत से ही वैचारिक मतभेद थे, जो समय-समय पर सामने आते रहते थे. 1952 के आम चुनावों में बॉम्बे नॉर्थ सेंट्रल से चुनाव लड़ा था। अशोक मेहता के नेतृत्व वाली सोशलिस्ट पार्टी ने उनका समर्थन किया था। कांग्रेस ने उन्हें हराने के लिए अज्ञात उम्मीदवार नारायण कजरोलकर को उम्मीदवार बनाया। इस सीट से अंबेडकर कांग्रेस के नारायण काजरोलकर से 15,000 वोटों से हार गए। इतना ही नहीं, हार के बाद अंबेडकर ने नतीजों पर सवाल उठाए। बाबा साहेब के अनुसार कुल 74,333 मतों को खारिज कर दिया गया और उनकी गिनती नहीं की गई जिसके लिये उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त के समक्ष याचिका भी दायर की।

## जम्मू-कश्मीर के कृषि मंत्री ने मुख्यमंत्री से भेंट की



**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमला:** जम्मू-कश्मीर के कृषि मंत्री जावेद अहमद डार ने गत दिवस को मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू से शिष्टाचार भेंट की। कृषि मंत्री ने मुख्यमंत्री से हिमाचल प्रदेश में काम करने वाले कश्मीरी लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया। उन्होंने हाल ही में पहलगाम में पर्यटकों पर हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के लोग शांतिप्रिय हैं और भाईचारे तथा सद्भाव के मूल्यों में विश्वास रखते हैं। उन्होंने इस बर्बर हमले की निंदा करते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में हिमाचल प्रदेश पीड़ितों के परिजनों के साथ मजबूती से खड़ा है। उन्होंने जम्मू कश्मीर के कृषि मंत्री को आश्वासन दिया कि प्रदेश में रह रहे जम्मू-कश्मीर के लोगों की सुरक्षा के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे।

## न्यूज फ्लैश

### जखेड़ा में बाईक सवार से 1.93 ग्राम चिट्टा बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**
**ऊना:** पुलिस ने मैहतपुर के पास जखेड़ा गांव में बाईक सवार युवक से 1.93 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। पुलिस ने आरोपित रोहित चौधरी निवासी बडैहर को हिरासत में लेकर मादक द्रव्य अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार मैहतपुर पुलिस शुक्रवार देर सांय क्षेत्र में गश्त कर रही थी। पुलिस ने जखेड़ा गांव में नंगल की तरफ से आ रही बाईक को जांच के लिए रोका। पुलिस को देखकर बाईक सवार घबरा गया। जिसके बाद पुलिस ने संदेह होने पर बाईक सवार की तलाशी ली, तो 1.93 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपित रोहित चौधरी को हिरासत में लेकर मादक द्रव्य अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। एसपी ऊना राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि वह नशे कहां और किससे लाया है।

### व्यापार मंडल की नई कार्यकारिणी घोषित, प्रधान की कमान विनोद सैंटी की बरकरार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**
**ऊना:** बंगाणा व्यापार मंडल की कार्यकारिणी की घोषणा एक अहम बैठक के दौरान की गई, जिसकी अध्यक्षता मंडल के पूर्व प्रधान मनोज शर्मा ने की। बैठक में बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे और स्थानीय व्यापारियों को आ रही विभिन्न समस्याओं पर गंभीर चर्चा हुई। बंगाणा व्यापार मंडल के अध्यक्ष विनोद कुमार सैंटी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुदेश शर्मा, मुख्य संरक्षक विजय शर्मा, संरक्षक जोगेंद्र देव आर्य, महासचिव मदन गोपाल बोहरा, उपाध्यक्ष हंसराज वजार्ता, उपाध्यक्ष महिंद्र पाल, सचिव बलजीत सिंह, सचिव राजेंद्र रॉयल, कोषाध्यक्ष ठाकुर किशोरी हटली, सह कोषाध्यक्ष शशि राणा, प्रैस सचिव विपिन साजन, संगठन मंत्री दिनेश खत्री, सह संगठन मंत्री अनिल कुमार बंटू, कपड़ा व्यापार प्रमुख अशोक कुमार भाटिया, मनियारी व्यापार प्रमुख खुशी राम शर्मा, हलवाई व्यापार प्रमुख अवतार सिंह, हार्डवेयर प्रमुख महिंद्र पाल एवं किशोरी धीमान, इलेक्ट्रिकल प्रमुख राजेश शर्मा जगदम्बे, शूज व्यापार प्रमुख शशि राणा, मेडिसिन प्रमुख डॉ पंकज राणा एवं रत्न खत्री, रेडीमेड प्रमुख भूषण शर्म एवं दिनेश खत्री, करियाना व्यापार प्रमुख तिलक राज बांटा, फास्टफूड प्रमुख बबलू कटोच, जूस व्यापार प्रमुख दिलबाग राणा, स्टील व्यापार प्रमुख रवि ठाकुर, गहने व्यापार प्रमुख मुनीश ठाकुर, फ्रूट एवं सब्जी व्यापार प्रमुख महिंद शर्मा जसाना वाले, टायल व्यापार प्रमुख शुभम ठाकुर को जिम्मेदारी दी है। मनोज शर्मा ने बैठक की शुरूआत करते हुए व्यापार मंडल के उद्देश्यों और अब तक किए गए कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि व्यापारियों के हितों की रक्षा और समस्याओं के समाधान हेतु एकजुट प्रयास आवश्यक हैं। इस अवसर पर व्यापार मंडल की नई कार्यकारिणी का गठन भी सर्वसम्मति से किया गया, जिसमें युवा व्यापारियों को भी प्रतिनिधित्व दिया गया है। बैठक में व्यापारियों ने अपनी समस्याओं को खुलकर रखा। प्रमुख मुद्दों में शौचालय बिजली की अनियमित आपूर्ति, बाजार क्षेत्र में यातायात जाम, सडक पर अतिक्रमण और सफाई व्यवस्था की कमी शामिल रही।

### समाज सेवा समिति बंगाणा का 17वां वार्षिक समारोह 4 को

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**
**ऊना:** समाज सेवा समिति बंगाणा (पंजीकृत) का 17वां वार्षिक समारोह 4 मई रविवार को बड़े उत्साह के साथ आयोजित किया जाएगा। समारोह अस्पताल रोड बंगाणा में सुबह 10 बजे से शुरू होगा। समारोह में कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता लैफ्टिनेंट कर्नल रघुवीर सिंह करेंगे।

## पेट्रोप पंप मैनेजर की महिलाओं ने की हेलमेट व चप्पलों से पिटाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**
**ऊना:** पुलिस थाना हरोली के तहत पंडोगा स्थित पेट्रोल पंप पर मैनेजर की डीलर महिला व उसकी बहन ने चप्पलों व हेलमेट से पिटाई कर दी। इतना ही नहीं मैनेजर के कपड़े भी फाड़ दिए। पुलिस ने मैनेजर की शिकायत पर दोनों महिलाओं के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में पैट्रोप पंप पंडोगा के मैनेजर पंकज कौशल ने बताया कि शुक्रवार रात्रि पंप पर डीलर अनीता व उसकी बहन परमजीत कौर आए और बदतमीजी से बात करने लगे। जब उनकी बात का कोई जवाब नहीं दिया, तो दोनों हाथापाई पर उतर आई। इतना ही नहीं परमजीत कौर ने मुझे गले से पकड़ा तथा थप्पड़ मारे और हेलमेट से मारा। साथ में अनीता ने चप्पल से मारा। आरोप हैं कि दोनों ने मेरे सारे कपड़े फाड़ दिए और मुझे मेरे सेल्समैन के सामने तथा पंप पर तेल डलवाने आए कस्टमर के सामने के सामने बुरी तरह से पिटाई की। पंकज कौशल ने हरोली पुलिस को शिकायत देते हुए दोनों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई है। डीएसपी हरोली मोहन रावत ने बताया कि पुलिस ने दोनों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## वीपीएस में एकल नृत्य व सलाद मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**
**ऊना:** वशिष्ट पब्लिक स्कूल ऊना में विद्यार्थियों के रचनात्मक कौशल को विकसित करने के लिए कक्षा पहली से चौथी तक के छात्रों के लिए एकल नृत्य प्रतियोगिता और कक्षा पांचवीं से दसवीं तक के छात्रों के लिए सलाद मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें सभी विद्यार्थियों ने बढ़- चढकर भाग लिया।

एकल नृत्य प्रतियोगिता में नन्हें विद्यार्थियों ने पारंपरिक, फिल्मी और लोकगीत गानों पर रंगारंग प्रस्तुतियां देकर सभी दर्शकों का मन मोह लिया। स्ट्रॉबेरी ग्रुप से अभिधा रावल प्रथम, लवदीप सिंह द्वितीय तथा आरुही तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा दूसरी से वेदिका राजपूत प्रथम, सुहानी द्वितीय तथा जपनूर सैनी, नित्या धीमान तृतीय स्थान पर रहे। एप्पल ग्रुप में कक्षा तीसरी से नैऋति प्रथम, दिवांशी वशिष्ट, आकर्षिका द्वितीय तथा रूही रेहल ,कृषिका खन्ना, अक्षिता तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा चौथी से कायरा पठानिया, मालती धीमान प्रथम, रियांश भारद्वाज व रक्षित शौर्य कौशल द्वितीय तथा काशवी भारद्वाज व स्वरा भारद्वाज तृतीय स्थान पर रहे।

सलाद मेकिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने विभिन्न रंग-बिरंगी मौसमी सब्जियों और फलों का उपयोग करते हुए स्वादिष्ट और पौष्टिक सलाद प्रस्तुत किए। स्कूल निदेशक अनुज वशिष्ट ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि हर छात्र अपनी रुचि और प्रतिभा के अनुसार आगे बढ़े। स्कूल प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सहायक होती हैं।

## आतंकी हमले को लेकर हिंदू संगठनों का प्रदर्शन

**प्रदर्शन**

▶▶ अंब में अलग-अलग धार्मिक हिंदू संगठन व सुंदरकांड मंडली के प्रतिनिधियों प्रदर्शन किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**
**ऊना:** पहलगाम में आंतकवादियों द्वारा पर्यटकों पर किए गए हमले के चलते शनिवार को अंब में अलग-अलग धार्मिक हिंदू संगठन व सुंदरकांड मंडली के प्रतिनिधियों प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रतिनिधियों ने भाजपा नेता बलवीर चौधरी के नेतृत्व में तहसीलदार अंब प्रेमलाल धीमान को एक ज्ञापन सौंपा। उन्होंने सरकार से देश विरोधी कार्य करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने की मांग उठाई। बलवीर सिंह ने कहा कि यह एक हिंदू धर्म के खिलाफ चलाए जा रहा जिहाद है, जिसमें धर्म पूछ कर लोगों की हत्या की जा रही है। उन्होंने ऐसी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए कड़े कदम उठाने की मांग उठाई। इससे पूर्व इन लोगों ने अंबेडकर भवन से लेकर एसडीएम कार्यालय तक एक रैली निकाली और पाकिस्तान व आंतकवाद के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

## बढेड़ा में सट्टा लगाते एक काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**
**ऊना:** पुलिस थाना हरोली के तहत बढेड़ा में सट्टा लगाते हुए एक व्यक्ति को काबू किया गया है। जिसके खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक हरोली पुलिस शुक्रवार रात्रि शिव मंदिर बढेड़ा के नजदीक गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने जय कुमार निवासी जखेड़ा से 730 रुपये की नगदी व सट्टे की पर्चियां बरामद हुई। डीएसपी हरोली मोहन रावत ने बताया कि पुलिस ने जय कुमार के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पीएंडजी शिक्षा के 20 वर्ष पूरे होने के अवसर पर विशेष कॉफी टेबल बुक ट्वेंटी टेल्स ऑफ ट्रायम्फ का विमोचन किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**बद्दी:** एरियल, टाइड, जिलेट जैसी लोकप्रिय ब्रांड्स बनाने वाली कंपनी प्रॉक्टर एंड गैम्बल इंडिया (पीएंडजी इंडिया) ने आज अपने प्रमुख कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) कार्यक्रम पीएंडजी शिक्षा के 20 वर्ष पूरे होने के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश सरकार के माननीय उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने शिरकत की और ट्वेंटी टेल्स ऑफ ट्रायम्फ नामक एक विशेष कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया। इस पुस्तक में भारत के विभिन्न हिस्सों से बच्चों की संघर्षपूर्ण लेकिन प्रेरणादायक कहानियां दर्ज की गई हैं जिनमें हिमाचल प्रदेश की अनुष्का,परिक्षित और शिवानी की कहानियां भी शामिल हैं। पीएंडजी इंडिया की बद्दी मैन्युफैक्चरिंग साइट के प्लांट मैनेजर अनुज पावा ने कहा पीएंडजी इंडिया दो दशकों से अधिक समय से अपने प्रमुख कार्यक्रम पीएंडजी शिक्षा के माध्यम से शिक्षा पर एकमात्र ध्यान केंद्रित करते हुए देश भर में वंचित बच्चों में सकारात्मक बदलाव लाने के मिशन पर काम कर रहा है।हमारा मानना है कि शिक्षा प्रगति की आधारशिला है और पीएंडजी शिक्षा के माध्यम से हमारा लक्ष्य बच्चों को उपयुक्त शैक्षिक वातावरण प्रदान करना है जिससे वे अपनी पूरी क्षमता के साथ उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर हो सके। पीएंडजी शिक्षा पिछले दो दशकों से देश भर में 50 लाख से अधिक बच्चों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डाल रही है और पूरे समुदाय के आर्थिक और सामाजिक विकास में योगदान दे रही है।

इस आयोजन में विशेष अतिथि रहे अनुष्का और परीक्षित जो अपनी अविश्वसनीय यात्रा के माध्यम से अपने जैसे कई बच्चों को प्रेरित कर रहे हैं।पीएंडजी शिक्षा हिमाचल प्रदेश सरकार के साथ साझेदारी में फाउंडेशनल लिटरसी और न्यूमरेसी में सुधार के लिए कार्य कर रही है जहां बच्चों के सीखने के परिणामों में महत्वपूर्ण प्रगति देखी जा रही है।

## पांवटा के गोंदपुर में अचानक गुजरों के डेरों में लगी आग




**टीम एक्शन इंडिया**
**एसपी जैरथ**
**नाहन:** साहिब के जत्थेदारउपमंडलवटा साहिब के गोंदपुर औद्योगिक क्षेत्र के समीप करीब आधा दर्जन गुजरों के डेरे में आग लगने से भारी नुकसान हुआ है। बताया जा रहा कि शॉर्ट सर्किट के कारण यह आग भडकी, जिससे डेरे के अंदर रखा राशन, बर्तन, कपड़े, बिस्तर, औजार समेत अन्य सभी आवश्यक सामान जलकर राख हो गया।

हालांकि इस घटना में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ, लेकिन बेघर हुए अब इन लोगों को अपने गुजर बसर करने की चिंताएं सता रही है।मीडिया से बात करते हुए पीड़ित परिवारों ने बताया कि शुक्रवार शाम करीब 6 बजे घुमन्तु गुर्जरों के डेरों में आगजनी की घटना सामने आई। दमकल दस्तों द्वारा देर रात तक आग और कड़ी मशकत के बाद काबू पाया जा सका। लेकिन तब तक सब कुछ जलकर राख हो गया था। यहां अब आधा दर्जन परिवार बेघर हो गए हैं। जिन्हें खाने पीने समेत रहने के लाले पड़े है। घरों में रखा सभी सामान जलकर नष्ट हो गया है। जिससे गरीब निर्धन घुमंतू गुर्जरों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। अब उन्हें अपना एवं अपने परिवार का पालन पोषण करने की भी चिंताएं सता रही हैं। उन्होंने प्रशासन से आगजनी में हुए भारी नुकसान का उचित मुआवजा देने की भी गुहार लगाई है।

## पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ बंगाणा में बाजार बंद, निकाली रोष रैली

**विरोध**

▶▶ -पाकिस्तान के खिलाफ गरजे बंगाणा के दुकानदार, पूर्व विधायक भुट्टो रहे मौजूद




**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**
**ऊना:** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में शनिवार को बंगाणा व्यापार मंडल ने बाजार पूर्ण रूप से बंद रखा। इस दौरान दुकानदारों ने व्यापार मंडल अध्यक्ष विनोद सेंटी की अध्यक्षता में रैली निकालकर अपना रोष प्रकट किया। रोष रैली में कुटलैहड़ के पूर्व विधायक दविंदर भुट्टो भी शामिल हुए। इस दौरान बंगाणा चौक पर पाकिस्तान का पुतला जलाकर दुकानदारों ने पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे लगाए। पूर्व विधायक दविंदर भुट्टो ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की सख्त नीति पर बल दिया और कहा कि पाकिस्तान को हर बार भारत ने मुंहतोड़ जवाब दिया है, लेकिन वह अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा। अब समय आ गया है जब आतंकवाद को जड़ से खत्म किया जाएगा। भुट्टो ने केंद्र सरकार से मांग की है कि पाकिस्तान को और कड़ा जवाब दिया जाए और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसके खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। भुट्टो ने कहा कि भारत के निर्दोष नागरिकों की जान लेने वालों को किसी सूरत में बख्शा नहीं जाना चाहिए। यह हमला न केवल मानवता के खिलाफ है, बल्कि हमारे देश की अखंडता पर सीधा आघात है। हम सभी एकजुट होकर इसका जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि देश का हर नागरिक आज भारत सरकार के साथ खड़ा है। वहीं बंगाणा व्यापार मंडल के अध्यक्ष विनोद सैंटी ने सभी व्यापारियों, सामाजिक कार्यकताओं और स्थानीय जनता का रोष रैली को सफल बनाने के लिए सभी का आभार प्रकट किया। इस मौके पर मदन गोपाल बोहरा, दिनेश खत्री, अनिल बंटू, डॉ पंकज राणा, जोगेंद्र देव आर्य, अशोक भाटिया, रशपाल राणा, देवराज राणा, राजेंद्र मलांगड़, सूरम सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

## मुच्छाली में आयोजित रक्त जांच शिविर में 46 ग्रामीणों ने उठाया लाभ



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**
**ऊना:** उपमंडल बंगाणा के गांव मुच्छाली में शनिवार को सिविल अस्पताल बंगाणा द्वारा एक दिवसीय रक्त जांच शिविर का आयोजन किया गया। ग्रामीणों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस विशेष शिविर में कुल 46 लोगों की निःशुल्क रक्त जांच की गई। शिविर में लैब तकनीशियन सपना शर्मा और काउंसलर ऋषि भट्टी ने ब्लड शुगर, हेपेटाइटिस बी और सी, वीडीआरएल, हीमोग्लोबिन, एचआईवी जैसे महत्वपूर्ण टेस्ट किए गए। ग्राम पंचायत मुच्छाली के उप प्रधान अजय शर्मा ने कहा कि इस तरह के स्वास्थ्य शिविर गांवों के लिए अत्यंत लाभकारी हैं। उन्होंने कहा कि जब स्वास्थ्य सेवाएं लोगों के द्वार पर पहुंचती हैं, तो न केवल बीमारियों की समय पर पहचान होती है, बल्कि एक जागरूक और स्वस्थ समाज के निर्माण की नींव भी मजबूत होती है। इस अवसर पर शक्ति चंद, ओम प्रकाश, रतन चंद, राज कुमार शर्मा, रिटायर्ड नायब तहसीलदार अशोक शर्मा, कुलदीप चंद, विजय शर्मा, कमला देवी, मोहित, सपना सहित अन्य उपस्थित रहे।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 27 अप्रैल 2025 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## पहलगाम हमला: विरोध में उदयपुर और झुंझुनू में बंद

**जयपुर।** पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में राजस्थान के कई शहरों में शनिवार को भी बंद रहा। झुंझुनूं में विभिन्न सामाजिक संगठनों ने बंद का आह्वान किया, जिसके चलते गांधी चौक सहित प्रमुख बाजार और व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। यहां तक कि ऑटो और चाय की दुकानें भी बंद करवाई गईं।

झुंझुनूं नागरिक मंच के संयोजक उमाशंकर माहमिया ने बताया कि आपातकालीन चिकित्सा सेवा से जुड़े वाहनों को बंद से छूट दी गई है। उदयपुर में भी अश्विनी कपड़ा बाजार पूर्णत: बंद रहा। अश्विनी बाजार व्यापार संघ के बैनर तले व्यापारियों और दुकानों के कर्मचारियों ने दंडपोल मंदिर के सामने एकत्र होकर प्रदर्शन किया। शुक्रवार रात उदयपुर देहात जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा सविना सबसिटी सेंटर चौराहा और सब्जी मंडी क्षेत्र में कैंडल मार्च भी निकाला गया। राज्य में बंद के बावजूद शैक्षणिक परीक्षाओं के कार्यक्रम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। कक्षा 9वीं और 11वीं की परीक्षाएं पूर्व निर्धारित समय पर आयोजित की जा रही हैं।

## एचपीटीडीसी करेगा अब खाद्य आपूर्ति निगम से सीधी खरीद

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम (एचपीटीडीसी) अब अपने होटलों के लिए खाद्य सामग्री, ग्रोसरी, क्रोकरी और अन्य जरूरी सामान की खरीद सीधे हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम से करेगा। इस आशय का समझौता शनिवार को शिमला में दोनों निगमों के बीच पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आर.एस. बाली की मौजूदगी में संपन्न हुआ। समझौते के तहत एचपीटीडीसी हर वर्ष 20 से 25 करोड़ रुपये की सामग्री खाद्य आपूर्ति निगम से खरीदेगा। अभी तक निगम बाजार से सालाना 30 से 40 करोड़ रुपये की खरीद करता रहा है। नई व्यवस्था के तहत खाद्य आपूर्ति निगम द्वारा एचपीटीडीसी को ए-ग्रेड गुणवत्ता वाली वस्तुएं निर्धारित मानकों के अनुरूप उपलब्ध करवाई जाएंगी। निगम द्वारा भुगतान एक से डेढ़ माह के भीतर किया जाएगा।

## शिमला में गरजे प्राथमिक शिक्षक

**शिमला।** प्रारंभिक और उच्च शिक्षा निदेशालय के विलय के फैसले के विरोध में शनिवार को चौड़ा मैदान शिमला में प्राथमिक शिक्षक संघ हिमाचल प्रदेश के बैनर तले भारी संख्या में प्राथमिक शिक्षकों ने सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया।

# जो जिस भाषा में समझेगा, उसी भाषा में जवाब देंगे: सीएम योगी

सीएम ने पहलगाम में हुए कायराना हमले की निंदा की, मुख्यमंत्री ने नाव पर बैठकर देखा शारदा नदी के चैनलाइजेशन का कार्य, 10 जून तक कार्य पूरा करने का निर्देश, बाढ़ नियंत्र की सकारात्मक पहल के लिए

श्रद्धांजलि

सभ्य समाज में आतंकवाद-अराजकता के लिए कोई जगह नहीं है: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखीमपुर खीरी:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहलगाम में पर्यटकों पर हुए कायराना आतंकी हमले की निंदा करते हुए यूपीवासियों की ओर से संवेदना व श्रद्धांजलि व्यक्त की। सीएम ने कहा कि सभ्य समाज में आतंकवाद-अराजकता के लिए कोई जगह नहीं है। भारत सरकार का सेवा, सुरक्षा व सुशासन का मॉडल विकास, गरीब कल्याण और सबकी सुरक्षा पर आधारित है। सुरक्षा में सेंध लगाने वालों को जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत 'जिस भाषा में समझेगा, उस भाषा में जवाब देने के लिए' नया भारत तैयार है। नया भारत किसी को छेड़ता नहीं, लेकिन छेड़ने वाले को पीएम मोदी के नेतृत्व में छोड़ेगा भी नहीं। जीरो टॉलरेंस नीति के अंतर्गत ही यूपी को माफिया, अराजकता, दंगा मुक्त किया और देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था के रूप में लाकर खड़ा किया। मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को ऋण, अनुदान, आवास व ट्रैक्टर की चाबी आदि प्रदान की। बाढ़ नियंत्रण की सकारात्मक पहल के लिए बिजवा व पलिया ब्लॉक के किसानों ने मंच पर आकर मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश को आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का प्रदेश बताते हुए कहा कि बाढ़ हो या बीमारी, नए भारत का नया उप्र इसके समाधान के लिए बखूबी आगे बढ़ा है। सीएम ने कहा कि पिछले वर्ष पलिया व निघासन क्षेत्र के लोगों को बाढ़ से जूझते हुए देखा था, तब मैंने कहा था कि चिंता न कीजिए, इसके स्थायी समाधान का रास्ता निकालेंगे। जनप्रतिनिधियों के सहयोग से जलशक्ति विभाग बाढ़ के स्थायी समाधान के लिए शारदा नदी को चैनलाइज करने जा रहा है। इससे किसान का खेत भी बचेगा और बाढ़ से बस्ती भी बचेगी। सात किमी. लंबा चैनल बनाने का कार्य हो रहा है। सीएम ने बताया कि अप्रैल के पहले सप्ताह में आना था, लेकिन मैंने कहा कि पहले काम शुरू करो। अब यह कार्य तेजी से बढ़ रहा है।

**मुख्यमंत्री-मंत्री का नहीं, यह जनता के टैक्स का पैसा है**

योगी ने कहा कि सरकार जो पैसा खर्च करती है, वह मुख्यमंत्री-मंत्री का नहीं, बल्कि यह जनता के टैक्स का पैसा है। इसका सदुपयोग होना चाहिए। पहले प्रस्ताव आया था कि 180 करोड़ से तटबंध बनाया जाए। इससे किसानों की जमीन भी जाती। मैंने पूछा कि शारदा नदी में तीन-सवा तीन लाख क्यूसेक पानी आएगा तो मिट्टी का तटबंध कैसे इसे रोक पाएगा। यह समस्या का समाधान नहीं है, नदी को चैनलाइज कीजिये, ड्रेजर मंगाइये और नदी को एक साथ चलने का रास्ता दीजिये।

### सबकी सुरक्षा के लिए कार्य कर रहा शासन

सीएम ने सपा को घेरा, बोले कि विकास, महिला, युवा, किसान विरोधी लोगों को जब शासन का अवसर मिला था तो यह लोग किसानों को आत्महत्या, युवाओं को पलायन पर मजबूर करते थे और पेशेवर अपराधियों को संरक्षण देकर बेटी, बहन व व्यापारियों की सुरक्षा में सेंध लगाते थे। आज शासन सबकी सुरक्षा के लिए मजबूती से कार्य कर रहा है। कांग्रेस व सपा जाति के नाम पर समाज को बांट रही है।

### विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा लखीमपुर

*मुख्यमंत्री ने कहा कि लखीमपुर विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। अब यहां मेडिकल कॉलेज का निर्माण भी हो गया, जबकि साल वर्ष पहले यह सपना था। दूधवा नेशनल पार्क के माध्यम से पर्यटन की संभावना भी बढ़ेगी।*

### किसान, युवा व आधी आबादी डबल इंजन सरकार की शीर्ष प्राथमिकता में

*मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्नदाता किसान, युवा व आधी आबादी डबल इंजन सरकार की शीर्ष प्राथमिकता में है। सरकार ने किसानों के कर्ज माफी से कार्यों की शुरूआत की थी। हर किसान को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि दी जा रही है। हमने पहले दिन से ही कहा था कि किसी को भी किसानों के शोषण की इजाजत नहीं देंगे। 2017 के पहले किसानों का 10-10 वर्षों का गन्ना मूल्य बकाया रहता था, आज एक वर्ष पुराना भुगतान किसी का नहीं होगा। 122 में से 105 चीनी मिलें एक सप्ताह के अंदर भुगतान कर रही हैं। शेष 17 मिलों में लेटलतीफी का समाधान निकाल रहे हैं। पैसा किसी का डूबेगा नहीं, क्योंकि चीनी मिल का कब्जा सरकार के पास है।*

# आतंकवादियों को जवाब मिलेगा: मुख्यमंत्री डॉ. यादव



**टीम एक्शन इंडिया**
**भोपाल: मुख्यमंत्री** डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारतीय सेना को परमात्मा का भी आशीर्वाद प्राप्त है, जो हर तरह की अव्यवस्था को सुव्यवस्था में बदल सकती है। हाल ही में पहलगाम में हुई घटना से सभी का मन विचलित और व्यथित है। धर्म के नाम पर अधर्म करने वालों को निश्चित रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और हमारी सरकार जहां उनका मुकाम है, वहां पहुंचाकर छोड़ेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार की रात भोपाल के एयरपोर्ट रोड पर द्रोणांचल परिसर स्थित योद्धा स्थल में लाइट एण्ड साउंड शो के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। यह शो प्रत्येक शुक्रवार, शनिवार और रविवार की शाम को होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस मौके पर मानवता के दुश्मनों द्वारा पहलगाम में किए गए कायराना हमले में दिवंगत सभी पर्यटकों को श्रद्धांजलि दीं। उन्होंने कहा कि इस घटना के बाद पूरा देश एकजुटता के साथ इस नृशंस हत्या कांड के खिलाफ एकजुट होकर खड़ा है। पूरे देश को शुरू से सेना के प्रति आशा और उम्मीद की किरण दिखाई देती है। यह हम सबका सौभाग्य है कि हमारी सेना हमेशा असंभव को संभव करके दिखाती है।

### पहलगाम हमला: एमपी के कई जिले आधे दिन रहे बंद

***टीम एक्शन इंडिया***
***भोपाल।*** *जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में देशभर में आक्रोश है और जगह-जगह प्रदर्शन हो रहे हैं। मध्य प्रदेश में विरोध-प्रदर्शन जारी है। इसी क्रम में शनिवार को प्रदेश के कई जिलों में आधे दिन बाजार बंद रखे गए। भोपाल में दोपहर दो बजे के बाद दुकानें खुलना शुरू हुईं। रायसेन, रतलाम और छतरपुर में भी व्यापारियों ने बंद का समर्थन किया है। बंद से इमरजेंसी मेडिकल सेवा को बाहर रखा गया है। बीसीसीआई ने बंद का आह्वान किया था, जिसका शहर के व्यापारिक संगठनों ने समर्थन कियौ।*

## स्वातंत्र्य वीर सावरकर के पासंग भर भी नहीं हैं गांधी: केशव प्रसाद

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कांग्रेस की कड़ी आलोचना की है। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि राहुल गांधी स्वातंत्र्य वीर सावरकर के पासंग भर भी नहीं हैं। शनिवार को अपने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर केशव प्रसाद मौर्य ने लिखा कि स्वातंत्र्य वीर सावरकर के अपमान में कांग्रेस के शाही परिवार के राहुल गांधी को अदालत से फटकार खाने के बाद समझ जाना चाहिए कि सावरकर जी कोई सामान्य शख़्स नहीं थे।

## देवबंद की पटाखा फैक्ट्री में मरने वालों की हुई पहचान

विस्फोट

हादसे में कई लोग घायल हैं, जिनका इलाज आसपास के अस्पतालों में चल रहा है। मृतकों की संख्या में बढ़ सकती है

**टीम एक्शन इंडिया**
**सहारनपुर। उत्तर** प्रदेश में सहारनपुर जिले के देवबंद थाना क्षेत्र स्थित निहाल खेड़ी गांव में शनिवार को पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हो गया। हादसे में तीन लोगों की मौत हुई है, जिनकी शिनाख्त भी कर ली गई है। डीएम मनीष बंसल ने के मुताबिक मृतकों की पहचान फतेहपुर में रहने वाले राहुल कुमार (25), गुनरसा निवासी विशाल (22) और जडौदा जट निवासी विकास (20)के रूप में हुई हैं। हादसे में कई लोग घायल हैं, जिनका इलाज आसपास के अस्पतालों में चल रहा है। जिस तहर का विस्फोट हुआ है, उससे यह आशंका है कि मृतकों की संख्या में बढ़ सकती है। फिलहाल घायलों को चिकित्सक बेहतर इलाज मुहैया कराया जा रहा है।

# ब्लैकमेलिंग में बदला लव जिहाद

भंडाफोड़

मुस्लिम लड़के हिन्दू लड़कियों से दोस्ती करते, उन्हें प्रेमजाल में फंसाते और फिर उनके साथ रेप करके ब्लैकमेलिंग करते

**टीम एक्शन इंडिया**
**भोपाल: 1992** का अजमेर केस आज भी लोगों के जहन में ताजा है। इसके बारे में सोचकर ही रूह कांप जाती है। हालांकि, ऐसा ही एक मामला अब मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से सामने आ रहा है, जहां मुस्लिम गिरोह हिन्दू लड़कियों को अपना शिकार बनाकर उन्हें बुरी तरह से ब्लैकमेल कर रहा था। कई मुस्लिम लड़के अक्सर हिन्दू लड़कियों से दोस्ती करते, उन्हें प्रेमजाल में फंसाते और फिर उनके साथ दुष्कर्म करके ब्लैकमेलिंग किया करते थे। यह सिलसिला यहीं खत्म नहीं होता था। आखिरकार दो अनाथ बहनों ने इस पूरे गिरोह का भंडाफोड़ किया, जो पुलिस के भी होश उड़ गए। केस की परत दर परत खुलने पर सभी कड़ियां आपस में जुड़ती चली गईं

**टीआईटी कॉलेज का मामला**

यह कहानी शुरू होती है भोपाल के टीआईटी कॉलेज से, जहां 2 अनाथ बहनों ने दाखिला लिया। बड़ी बहन सेकेंड ईयर की छात्रा है, तो छोटी बहन फर्स्ट ईयर की पढ़ाई कर रही है। कॉलेज के दौरान बड़ी बहन की मुलाकात फरहान नामक शख्स से हुई। धीरे-धीरे दोनों में दोस्ती हुई। अप्रैल 2022 में फरहान उसे जहांगीराबाद स्थित अपने दोस्त हामिद के घर ले गया। फरहान ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया और उसका वीडियो बना लिया। इसके बाद फरहान पीड़िता को ब्लैकमेल करने लगा। उसपर बुर्का पहनने से लेकर धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाया। यही नहीं, सितंबर 2024 में फरहान ने पीड़िता को अपने दोस्त अबरार के साथ संबंध बनाने के लिए भी मजबूर किया।




# शहर में भीषण पेयजल संकट

त्राहि- त्राहि मची

मगर जलदाय विभाग इस ओर ध्यान नहीं देता है। इस बार भी यह ही हाल शहर और आस पास के गांवों का हो रखा है।

**टीम एक्शन इंडिया**
**जोधपुर। शहर** में बढ़ती गर्मी और इंदिरा गांधी नहर क्लोजर के बाद हर वर्ष पेयजल संकट गहरा जाता है। मगर जलदाय विभाग इस ओर ध्यान नहीं देता है। इस बार भी यह ही हाल शहर और आस पास के गांवों का हो रखा है। जलदाय विभाग लाख दावें कर रहा है पेयजल संकट नहीं आएगा। मगर विगत पंद्रह दिनों में शहर में पानी को लेकर त्राहि- त्राहि मची हुई है। शहर के कई इलाकें पेयजल संकट से बुरी तरह गुजर रहे है। आज सुबह जोधपुर जयपुर हाइवे पर ऐसा ही नजारा देखने को मिला



पानी की मांग को लेकर लोग सडक पर उतर आए। हाइवे को जाम कर दिया। आने जाने वाले वाहन रूक गए। जिससे वाहनों की लंबी कतारें लग गई। विरोध स्वरूप महिलाएं भी सडक पर उतरीं और मटकियां फोडकर प्रदर्शन किया। शहर में गर्मी की दस्तक के साथ ही पेयजल आपूर्ति में कटौती करनी जलदाय विभाग ने शुरू कर दी और महिने में घोषित चार दिन और अघोषित छह दिन की कटौती के चलते पेयजल की समस्सया गहराती जा रही है।

## राजस्थान: कई जिलों में लू और आंधी का अलर्ट

**जयपुर।** राजस्थान में शुक्रवार को गर्मी का प्रकोप तेज रहा। बाड़मेर, पिलानी और गंगानगर में अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। वहीं जैसलमेर, बीकानेर, जयपुर और अलवर सहित कई जिलों में दोपहर बाद बादल छाए रहे। शनिवार को भी कई शहरों मेंआसमान में बादल छाए रहे। मौसम विभाग ने 27 अप्रैल से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की जानकारी दी है, जिसके चलते प्रदेश के 15 जिलों में आंधी और बारिश के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

करतूत — गर्माए माहौल के बीच व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठानों को बंद कर सडक पर ही हनुमान चालीसा का पाठ करना शुरू कर दिया

# जोधपुर में भगवा ध्वज का अपमान, बाजार बंद

माहौल गर्माया

भगवा अथवा देवता चित्रित एक झंडे को समाज विशेष के व्यक्ति ने अपने पैरों तले रौंद दिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**जोधपुर। शहर** में शुक्रवार को मोती चौक क्षेत्र में इजराइल झंडे के अपमान के बाद एक बार फिर घिनौनी करतूत समाज विशेष के व्यक्ति द्वारा की गई है। इससे भीतरी शहर का माहौल तनावपूर्ण बन गया है। गर्माए माहौल के बीच व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठानों को बंद कर सडक पर ही हनुमान चालीसा का पाठ करना शुरू कर दिया है। शहर के के अंदरूनी क्षेत्र घोड़ों का चौक में आज सुबह माहौल गर्मार्या है। भगवा अथवा देवता चित्रित एक झंडे को समाज विशेष के व्यक्ति ने अपने पैरों तले रौंद दिया। जिसका सीसीटीवी



फुटेज वायरल हुआ है। इस घटनाक्रम को लेकर भीतरी शहर में अब माहौल गर्माया हुआ है। दरअसल घोड़ों का चौक वर्द्धमान अस्पताल रोड पर आज सुबह माहौल गर्मा गया। बताया गया कि क्षेत्र में रहने वाले एक बंगाली सुनार शेख इशराफुद्दीन ने भगवा ध्वज जोकि देवता चित्रित था। उसे अपने पैरों तले रौंदने के साथ मसल दिया। इसका सीसीटीवी फुटेज जब सामने आया तो घोड़ों में समस्त व्यापारीगण एकत्र हो गए और विरोध जताने लगे। व्यापारियों ने तत्काल बाजार बंद कर दिया और बीच सडक पर हनुमान चालीसा का पाठ शुरू कर दिया। बिगड़ते माहौल के बीच भारी पुलिस बल को लगाया गया। इधर माहौल बिगडने के बीच ही बंगाली सुनार शेख इशराफू द्दीन ने सोजती गेट पुलिस चौकी की शरण ले ली और पब्लिक से अपना बचाव कर डाला। व्यापारियों में जबरदस्त